राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 114
लखनऊ, बुधवार 11 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नाले पर हो रहा है अवैध निर्माण, जिम्मेदार बेखबर 03

प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों व सम्मान की हो रक्षा - राष्ट्रपति मुर्मु 12


# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

## राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का विपक्ष ने लगाया आरोप

▸ प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने किए हस्ताक्षर



**देश के इतिहास में पहला मौका, जब किसी सभापति के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसमें उन पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यह प्रस्ताव बहुमत न होने के कारण गिर जाएगा लेकिन देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।

इस प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67बी के तहत पेश किया गया है। इसके तहत 50 सांसदों का अविश्वास प्रस्ताव पर एक राय होना अनिवार्य है। विपक्षी दल लगातार सभापति जगदीप धनखड़ पर राज्यसभा की कार्यवाही को नियंत्रित करने के तौर-तरीकों पर अपनी नाराजगी दर्ज कराते आए हैं। उनका आरोप है कि सभापति संबोधन में लगातार व्यवधान, महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपर्याप्त बहस और विवादास्पद चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष को लेकर उनके साथ पक्षपात करते हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन-आईएनडीआईए ब्लाक के घटक दल भी लगातार सदन में पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते रहे हैं। इसको लेकर सदन में लगातार गतिरोध बना हुआ है।

विपक्ष ने 9 दिसंबर को हुए व्यवधान के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए गठबंधन दलों के नेताओं के साथ बात की और देर शाम तक तय हो गया कि गठबंधन अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा। इस अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करना इंडी गठबंधन के लिए मजबूरी थी। उनके पास और कोई विकल्प नहीं रह गया था। सभापति सदन की कार्यवाही को बेहद पक्षपातपूर्ण रवैये के साथ संचालित कर रहे थे।

विपक्षी दलों के लिए यह बेहद कष्टदायी फैसला था लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हितों के संरक्षण के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। इस प्रस्ताव को लेकर सदन की कार्यवाही के जानकारों का मानना है कि अपने आप में यह पहला मामला है। इसलिए इसके तकनीकी पहलुओं को लेकर स्पष्टता का अभाव है। जैसे अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का समय सदन के लिए शेष होना चाहिए। तभी यह एजेंडे में आ सकता है, जबकि शीतकालीन सत्र में 10 दिन का ही समय है।

ऐसे में इसका भविष्य क्या होगा? क्या बजट सत्र में लाया जाएगा या फिर नए सिरे से प्रस्ताव आएगा, क्योंकि औपचारिक रूप से ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रस्ताव को पारित कराने के लिए उच्च सदन में बहुमत और लोकसभा में प्रस्ताव लाने वाले दल का सामान्य बहुमत होना चाहिए। यह संसद की नियमावली और संविधान में वर्णित है। ज्ञातव्य है कि फिलहाल, दोनों सदनों में इंडी गठबंधन को बहुमत नहीं है।

### रिजिजू ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर की विपक्ष की आलोचना

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने राज्सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। श्री धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा राज्यसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिये जाने के बाद श्री रिजिजू ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री धनखड विद्धवान और नेक व्यक्ति हैं । वह बड़े अच्छे से सदन का संचालन करते हैं और समय समय पर सदन का मार्गदर्शन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने



अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस और कांग्रेस के साठगांठ का गंभीर मामला आने के बाद से कांग्रेस घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर काम करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। श्री रिजिजू ने कहा कि विपक्ष लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों सदनों में आसन का अपमान कर रहा है। विपक्षी सदस्यों ने कुछ दिन पहले भी आसन पर सवाल उठाया है। आसन दोनों सदनों में सदस्यों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। सभी सदस्यों को आसन की बात का पालन करना होता है और यदि इसका पालन नहीं होता तो सदन ठीक से नहीं चल पाता। कांग्रेस और उनके साथियों ने लगातार आसन का अपमान किया है और आसन के निर्देश को नहीं मानते हुए सदन में व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसकी आलोचना करती है।

## हंगामे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भाजपा और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगाने और शोरशराबे के कारण मंगलवार को राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उन पर आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता जॉर्ज सोरोस द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता वाली संस्था में सदस्य हैं। विपक्ष को ये साफ करना चाहिए कि जो लोग देश की सुरक्षा, संप्रभुता के लिए खतरा हैं, उन लोगों से उनका क्या रिश्ता है। देश जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को अस्थिर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए इसे झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष अडाणी के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहा है। जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में नड्डा और खड़गे के साथ बैठक की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन सुचारू रूप से चले। कार्यवाही शुरू होने के 6 मिनट के भीतर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसी तरह सभापति जगदीप धनखड़ ने भी राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद ही राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों में फिर हो हल्ला और नारेबाजी शुरू हो गई। शोरशराबे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही अब बुधवार, 11 दिसंबर को फिर शुरू होगी।

## संक्षिप्त समाचार

**उपलब्धि : आईआईटी मद्रास ने मानव भ्रूण मस्तिष्क की 3डी उच्च रिजॉल्यूशन तस्वीर की जारी**

चेन्नई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) मानव भ्रूण मस्तिष्क की सबसे विस्तृत 3डी उच्च रिज़ॉल्यूशन तस्वीर जारी करने वाला दुनिया का पहला अनुसंधान संगठन बन गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो न्यूरोलॉजी और विकासात्मक जीव विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगी। आईआईटी मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का यह अग्रणी कार्य ब्रेन मैपिंग तकनीक की सीमाओं को आगे बढ़ाता है और भारत को ब्रेन मैपिंग विज्ञान की वैश्विक श्रेणी में रखता है क्योंकि यह दुनिया में अपनी तरह का पहला काम है।

**आसाराम को इलाज के लिए 17 दिन के लिए फिर मिली पैरोल**

**जोधपुर।** अपने आश्रम की एक नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे संत बापू आसाराम को एक बार फिर से इलाज के लिए पैरोल मिल गई है। इस बार हाई कोर्ट ने आसाराम को 17 दिन की पैरोल दी है। अब आसाराम एक बार फिर पुणे के माधोबाग में इलाज करवाएंगे। आसाराम की तीस दिन की पैरोल पूरी होने के बाद 17 दिन की पैरोल की अवधि बढ़ाई गई है। आसाराम की पैरोल अवधि बढ़ाने के लिए आसाराम की ओर से आवेदन किया गया था। हाई कोर्ट के जस्टिस दिनेश मेहता और विनित माथुर की बैंच ने पुणे के माधोबाग में इलाज के लिए आशाराम की 17 दिन की पैरोल अवधि बढ़ा दी है। आसाराम अब 15 दिसंबर से 17 दिन की पैरोल पर रहेंगे।

**दिग्गज राजनेता व पूर्व सीएम एसएम कृष्णा का निधन**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक और भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले कृष्णा ने कुछ समय तक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद आज सुबह 2.45 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। राजनीति में एक महान व्यक्तित्व, कृष्णा का करियर दशकों तक रहा, जो ऐतिहासिक उपलब्धियों और शासन के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को चिह्नित करता है। उनका जन्म एत मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनहल्ली गांव में हुआ।

**न्यायालय ने डीएम जौनपुर पर लगाया 10 हजार का जुर्माना**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश का पालन न किए जाने पर जौनपुर के डीएम पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने कहा कि डीएम जुर्माना राशि दोषी अधिकारियों के वेतन से वसूलने के लिए स्वतंत्र हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की पीठ ने याची सुरेंद्र की याचिका पर दिया। जौनपुर के दीपकपुर ग्राम सभा, थाना सुजानगंज निवासी याची ने ग्राम प्रधान के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट, जौनपुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रधान ने गांव में विकास कार्य कराए बिना ही रुपये पास करा लिए।

### क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग : आईआईटी दिल्ली देश में शीर्ष स्थान पर

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े वैश्विक उच्च शिक्षा नेटवर्क क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) ने वर्ष 2025 के लिए वहनीयता के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का तीसरा संस्करण जारी किया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी, दिल्ली) ने भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस साल आईआईटी दिल्ली (वैश्विक स्तर पर 171वीं रैंक) 255 रैंक के सुधार के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि आईआईटी खड़गपुर 147 रैंक के सुधार के साथ वैश्विक स्तर पर 202वें स्थान पर है, जबकि आईआईटी बॉम्बे 69 रैंक के सुधार के साथ तीसरे स्थान (वैश्विक स्तर पर 234वीं रैंक) पर है।

## सपा के सांसद रामभुआल निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

▸ रामभुआल निषाद नौ साल पुराने मामले में फंसे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** गोरखपुर के बड़हलगंज निवासी और सुल्तानपुर में भाजपा की मेनका गांधी को हराकर सांसद बने रामभुआल निषाद 9 साल पुराने मामले में फंस गए हैं।

न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी करने के बावजूद कोर्ट के समक्ष उपस्थित न होने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए ज्ञानेंद्र कुमार ने बड़हलगंज क्षेत्र के दवनाडीह निवासी और सुल्तानपुर से सपा सांसद रामभुआल निषाद के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कर दिया। न्यायालय ने उनके विरुद्ध धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता की कार्यवाही भी की है। एसएचओ बड़हलगंज को गैर जमानती वारंट एवं धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता का तामील कराकर 10 जनवरी को न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया है। 2015 में मुकदमा अपराध संख्या 78/2015 के मृतक का शव पुलिस की देखरेख में दाह संस्कार के लिए लाया जा रहा था। अभियुक्त रामभुआल निषाद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने शव को पटना चौराहे पर सड़क के बीचोबीच रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया था। इससे सड़क पर आवागमन बाधित हो गया।

### पूर्व सांसद अतुल राय को झटका, चलेगा मुकदमा

**लखनऊ।** पूर्व सांसद अतुल राय को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से झटका मिला है। कोर्ट ने उनकी ओर से दी गई याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के गेट पर रेप पीड़िता और उसके एक साथी के आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अतुल राय और पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर पर आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में उनके खिलाफ लखनऊ के जिला न्यायालय में चार्जशीट दाखिल हुई थी। अतुल राय की तरफ से यह दलील दी गई कि वह घटना से पहले से ही वाराणसी जेल में थे। दूसरे आत्महत्या की घटना नई दिल्ली में हुई है इसलिए केस लखनऊ में नहीं चल सकता। साजिश के तहत अमिताभ ठाकुर ने सोशल मीडिया में पीड़िता के खिलाफ गलत पोस्ट किया, जिससे क्षुब्ध होकर पीड़िता व उसके साथी ने आत्महत्या कर ली।

## कंटनेर व मैजिक वाहन में टक्कर, सात की मौत

▸ मृतक परिवार को दो-दो लाख, घायलों को 50-50 हजार की मदद

समृद्धि न्यूज



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में मंगलवार दोपहर मथुरा-बरेली राजमार्ग पर एक कंटनेर और मैजिक वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ढाई साल के बच्चे समेत सात लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिलाधिकारी राहुल पांडे ने मार्ग दुर्घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं, एक ढाई साल का बच्चा और तीन पुरुष हैं। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में 13 लोग घायल हैं, जिनमें छह लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कोतवाली चंदपा के गांव कुम्हरई निवासी 20 लोग और उनके रिश्तेदार मैजिक वाहन में सवार होकर मंगलवार दोपहर एटा के गांव नगला इमलिया निवासी 60 वर्षीय कैंसर पीड़ित बुजुर्ग देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गांव जैतपुर के पास कंटेनर ने वाहन में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक कई बार पलटी मारते हुए गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पास के ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़े और मैजिक वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। मौके पर ही छह लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में प्रेमादेवी पत्नी गरीबदास, पुष्पा देवी पत्नी गोपाल के अलावा इसी गांव के जगदीश का ढाई साल का बेटा ईशू शामिल है। पुलिस अन्य मृतकों की शिनाख्त करने के कार्य में जुट गई।

## अटाला मस्जिद मामले में 16 को होगी सुनवाई, पैमाइश का हो सकता है आदेश

समृद्धि न्यूज

▸ पूर्व में मस्जिद का सर्वे करने गई अमीन की टीम को मुस्लिम पक्ष ने था रोका

**जौनपुर।** मथुरा, काशी, अयोध्या व सम्भल के बाद अब जौनपुर भी मंदिर-मस्जिद के कारण विवादों में आ गया है। अटाला मस्जिद बनाम अटला माता मंदिर मामले में दस दिसम्बर को अमीन सर्वे यानी पैमाइश को लेकर पुलिस सुरक्षा की मांग पर दीवानी न्यायालय में सुनवाई हुई। जिस पर कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 16 दिसम्बर की अगली तारीख नियत की है जिसमे कोर्ट यह तय करेगा कि अमीन सर्वे कब करेंगे और उसकी टीम में किन लोगों को रखा जाएगा।

चूंकि पूर्व में अटाला मस्जिद की सर्वे करने गयी अमीन की टीम को मुस्लिम पक्ष ने सर्वे करने से रोक दिया गया था जिस पर अमीन की टीम बिना सर्वे के बेरंग लौट आयी थी। विदित हो कि अटाला मस्जिद मामले में दो जुलाई 2024 को जूनियर डिवीजन कोर्ट शहर ने अमीन को अटाला मस्जिद के पैमाइश का आदेश दिया था।जिस पर आदेश के एक हफ्ते के बाद अमीन की टीम पूरे प्रोटोकॉल के साथ मस्जिद का पैमाइश करने गयी थी।इस पर मस्लिम पक्ष ने विरोध करते हुए हुए मस्जिद की पैमाइश नहीं करने दी। इसी क्रम में स्वराज वाहिनी एसोसिएशन संतोष मिश्रा की तरफ से अटाला मस्जिद की पैमाइश के लिए सुरक्षा व्यवस्था की मांग के लिए जूनियर डिवीजन शहर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### यूपी-राजस्थान समेत 10 राज्यों में शीतलहर

**नई दिल्ली।** हिमालय के ऊपरी इलाकों में शुरू हुई बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों तक पहुंच गया है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में पिछले 4 दिन से हो रही बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को बर्फीली हवाओं के असर से सौराष्ट्र, कच्छ, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में शीतलहर चल रही है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घना कोहरा छाया हुआ है। सोमवार को श्रीनगर में इस मौसम का सबसे कम तापमान -5.4ए सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोनमर्ग -9.7 एके साथ सबसे ठंडा रहा। गुलमर्ग में पारा -9.0ए सेल्सियस दर्ज किया गया।

## नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

▸ जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद की कार्रवाई सुरक्षा के कड़े प्रबंध

समृद्धि न्यूज



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। इसके मद्देनजर मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से हटा दिया गया है। मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में पांच सीओ, 10 थाना प्रभारी, निरीक्षक, 200 सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आरएएफ मौजूद हैं। फतेहपुर जिले के बहराइच-बांदा मार्ग (एसएच-13) के एक हिस्से के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग किनारे के अवैध निर्माण को हटा रहा है। ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के प्रबंधन समिति को मार्ग पर अवैध निर्माण के संबंध में लोक निर्माण विभाग ने विगत 17 अगस्त को नोटिस दी थी। 24 सितंबर को ललौली कस्बे स्थित अवैध निर्माण को अभियान चलाकर लोक निर्माण विभाग ने हटा दिया था। इस दौरान सड़क पर मस्जिद वाले हिस्से के अतिक्रमण को हटाने के लिए मस्जिद प्रबंधन समिति ने कुछ वक्त मांगा था। मस्जिद प्रबंधन ने कहा था कि उक्त अवैध निर्माण को वे स्वयं ढहा देंगे, लेकिन उनके द्वारा अवैध निर्माण को हटाया नहीं गया। इस पर मंगलवार सुबह जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के भाषण का लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम पर दिए गए भाषण की अखबारों में छपी खबरों पर मंगलवार का संज्ञान लिया। उच्च न्यायालय से इस संबंध में विस्तृत जानकारी मंगवाई गई है और मामले पर विचार किया जा रहा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लाइब्रेरी में आठ दिसंबर को विहिप के कार्यक्रम में न्यायमूर्ति यादव द्वारा दिए गए भाषण ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। एनजीओ कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यादव के आचरण की 'इन-हाउस जांच' की मांग की।

**सहयोग पर जोर** — भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री से रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर की चर्चा

## मेक इन इंडिया परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी पर जोर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस और भारत के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर जोर दिया है।

श्री सिंह ने मंगलवार को मॉस्को में रूसी रक्षा मंत्री एंड्रे बेलौसोव के साथ सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 21वें सत्र की सह-अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हैं, और एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की जिम्मेदारियों पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो रूस यात्राओं सहित हालिया आदान-प्रदान से संबंध और मजबूत हुए हैं।

श्री सिंह ने घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमताओं को सभी डोमेन और औद्योगिक सहयोग में विस्तारित करने के लिए भारत सरकार का दृढ़ संकल्प वयक्त किया। उन्होंने मेक इन इंडिया परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के नए अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने रूस के साथ विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। रूसी रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर आधारित संबंधों को गहरा करने पर जोर दिया। उन्होंने आईएनएस तुशिल के भारतीय नौसेना में शामिल होने पर रक्षा मंत्री को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-31 के लिए सैन्य तकनीकी सहयोग समझौते के क्रियान्वयन से मेक इन इंडिया को आवश्यक प्रोत्साहन मिलेगा। श्री सिंह ने रूसी मंत्री को 2025 मे 22वें सत्र की सह-अध्यक्षता करने के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित किया जिसे स्वीकार कर लिया गया।

अंत में, दोनों मंत्रियों ने सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए 21वीं बैठक के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक से पहले, रक्षा मंत्री ने सेंट्रल मॉस्को में रूसी रक्षा मंत्रालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इससे पहले, उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मारे गए सोवियत सैनिकों का सम्मान करने के लिए मॉस्को में अज्ञात सैनिक के मकबरे पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## केंद्र कब तक मुफ्त बांटेगा चीजें, रोजगार के अवसर क्यों नहीं पैदा करती सरकार ?

समृद्धि न्यूज




**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया है। कोर्ट ने अपने सवाल में पूछा की कब लोगों को फ्री में राशन दिया जाएगा। सरकार रोजगार के मौके क्यों नहीं पैदा कर रही। अदालत ने कहा, अगर राज्यों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया, तो उनमें से कई वित्तीय संकट का हवाला देते हुए कहेंगे कि वे ऐसा नहीं कर सकते, और इसलिए अधिक रोजगार पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

अदालत का कहना है कि राज्य सरकारें लोगों को खुश करने के लिए राशन कार्ड जारी करना जारी रख सकती हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि अनाज उपलब्ध कराने का दायित्व केंद्र का है। इसी के साथ केंद्र ने ये सवाल भी किया कि अगर राज्य राशन कार्ड जारी करना जारी रखते हैं तो क्या उन्हें राशन के लिए भुगतान करना चाहिए। फिलहाल अदालत प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं और दुर्दशा को उजागर करने वाली एक याचिका पर विचार कर रही थी, जहां उसने पहले निर्देश दिया था कि एनएफएसए के तहत राशन कार्ड, खाद्यान्न के लिए पात्र और हकदार और संबंधित राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उनकी पहचान की गई है।

# समिति की मांग पर सांसद आनंद भदौरिया ने रेल मंत्री अश्विनी को सौंपा ज्ञापन

- गोला बाया मोहम्मदी शाहजहांपुर रेल मार्ग निर्माण की मांग
- छोटी काशी संघर्ष समिति के लोकेश ने रेलमंत्री को भेजा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



छोटी काशी विकास संघर्ष समिति के लोकेश कुमार गुप्ता ने मैलानी वाया शाहजहांपुर फर्रुखाबाद रेल मार्ग को अनुपयुक्त बताते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजा था। जिसकी प्रतिलिपि खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया को भेजी थी। जिस पर आनंद भदौरिया ने अश्वनी वैष्णव को ज्ञापन देकर गोला वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर रेल मार्ग निर्माण की मांग की है।

सांसद ने ज्ञापन में संज्ञान कराया कि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से विख्यात है जो लखीमपुर एवं पीलीभीत जनपद से रेल मार्ग से जुड़ा है। इसे दिल्ली शाहजहांपुर से जोड़ने के लिए गोला वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर नए रेल मार्ग का निर्माण कराया जाए जिससे गोला जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी एवं समय की बचत के साथ क्षेत्र का विकास होगा। सांसद ने सीतापुर से बहराइच जोड़ने के लिए नए रेल संपर्क मार्ग के एलाइनमेंट को लोकसभा क्षेत्र धौरहरा के विधानसभा क्षेत्र धौरहरा से जोड़ते हुए बनाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि छोटी काशी विकास संघर्ष समिति लंबे अरसे से गोला वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद तक नवीन रेल मार्ग निर्माण की मांग करती आ रही है। इस रेल मार्ग का अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सर्वेक्षण भी हुआ था। इसके बावजूद मैलानी से शाहजहांपुर रेल मार्ग स्वीकृत कर दिया गया। जिस पर छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने आपत्ति कर रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा था जिसमें कहा गया था एक शतक पूर्व मैलानी से शाहजहांपुर तक नेरो गेज रेल मार्ग था जिसे घाटे के कारण सरकार ने उखाड़ लिया था। मैलानी से पीलीभीत जंक्शन 68 किलोमीटर है। पीलीभीत से शाहजहांपुर जाने के लिए ब्रॉड गेज रेल मार्ग है मैलानी वाया पलिया कला नानपारा मीटर गेज है। जिसे शारदा नदी के बाढ़ के कारण मीटर गेज में ही रखने का निर्णय लिया गया है भीरा पलिया रेल मार्ग शारदा नदी के कारण सदैव बाढ़ ग्रस्त रहता है। वर्षा काल में रेल मार्ग छतिग्रस्त हो जाता है इस पर रेलें नहीं चल पाती। लखीमपुर से मैलानी की अधिक दूरी होने के कारण यात्री परिवहन निगम की बसों से गोला गोकर्णनाथ होकर यात्रा करते हैं वह शाहजहांपुर जाने के लिए मैलानी होकर शाहजहांपुर की लंबी यात्रा नहीं करेंगे। इससे रेल मंत्रालय को घाटा ही उठाना पड़ेगा। इसलिए धार्मिक नगरी छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ से गोला वाया मोहम्मदी शाहजहांपुर फर्रुखाबाद रेल मार्ग निर्माण कराया जाए।

## टैक्टर-टॉली से दुर्घटना के मामले में अपहरण का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** गन्ना बेचकर घर जा रहे युवक का अपरण कर डेढ लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में ससुर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग का आरोप लगाया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम घुघ्घुलपुर निवासी भिखारीलाल पुत्र मोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका दामाद विपिन कुमार पुत्र प्रभूदयाल निवासी ग्राम द्वारिकानगर थाना गोला 9 दिसंबर को टैक्टर टाली से गन्ना बेचने के लिए गोला चीनी मिल गया था। गन्ना बेचकर देर रात करीब दो बजे के बाद घर वापस आ रहा था। उसी दौरान नानक पुलिस चौकी के निकट अज्ञात बदमाशों ने उसके दामाद का अपहरण कर लिया। देर रात करीब ढाई बजे अनिल कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद के फोन पर अपहरणकर्ताओं ने उसके दामाद विपिन के फोन से काल कर डेढ लाख रुपये फिरौती की रकम मांगी गई। जिस पर उसने तत्काल 112 नंबर पर काल कर पुलिस को सूचना दी। मामले में प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि देर रात टैक्टर टाली से एक्सीडेट की घटना हुई थी। उसी मामले को बढा चढाकर बताया है। हालांकि युवक का पता लगाकर उसे बाराबंकी से पुलिस टीम लेकर आ रही है।

# स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ बनाम डीएफए मऊ के मध्य आज होगा सेमी फाइनल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरि की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल मैच सीवान (बिहार), केएसडब्लूएफसी (मणिपुर) के मध्य खेला गया। जिसमे दोनों टीमें 45-45 मिनट के खेल में बराबरी पर रही अतिरिक्त समय 15-15 मिनट मैच कराया गया। जिसमे भी दोनों टीमें बराबरी पर रही। ट्राई बेकर में मणिपुर की टीम 08-07 से विजेता रही।

मैच के अतिथि बाबूराम सागर प्रधानाचार्य (पब्लिक इंटर कालेज गोला), संतोष गुप्ता, दिनेश तिवारी अध्यापक द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। यहां टूर्नामेंट आयोजक अमन गिरि विधायक गोला, जनार्दन गिरि अध्यक्ष टूर्नामेंट कमेटी मदुसूदन गिरि, महेंद्र गिरि, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सचिव टूर्नामेंट कमेटी पंकज गुप्ता, ज़ैनुद्दीन अंसारी (शब्बू) कफील अहमद, भोली गिरि, रामेन्द्र गिरि, जरनैल सिंह, राजू रावत, राम रछपाल, पंकज तिवारी, केके शुक्ला, रामगुलाम पांडेय, जकील अहमद, गजराज वर्मा, राजेस्वर सिंह, कमाल अफसर, मनोज, अय्यूब खान पूर्व सभासद रामू तिवारी सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कमेंट्री हाजी अकील अहमद, ज्ञानेंद्र गिरि ने की। कल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमे स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ और डीएफए मऊ के मध्य खेला जायेगा। टूर्नामेंट का फाइनल 12 दिसंबर गुरुवार को दोपहर एक बजे से खेला जायेगा।

## बाइक चालक पर टक्कर मारने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम सियाथू निवासी अशोक कुमार पुत्र नंदराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उसका भाई सर्वेश कुमार पुत्र नंदराम करमुलहापुर मजदूरी करने गया था। वहां से वापस आते समय शाम को करनपुर व सियाथू मोड के पास बाइक से आ रहे हैं। महेश पुत्र किशन निवासी रजबापुर ने अपनी बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई के शरीर और सिर में गंभीर चोट लग गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गन्ने की फसल काटने का आरोप, पुलिस कर रही मामले की जांच

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** किसान ने गन्ने की फसल काटने व विरोध करने पर जान से मारने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम रहमतनगर निवासी सियाराम वर्मा पुत्र हरद्वारी ने बताया कि ग्राम मुर्तिहा स्थित उसकी भूमि है। जिस पर उसका गन्ना खडा था। उक्त गाटे में नीता वर्मा पत्नी जगतपाल, राजकुमारी पत्नी संजय कुमार व रामगुनी पत्नी लखपतिराम सह खातेदार है। मामला लखीमपुर न्यायालय में लंबित है। इसके बाद भी विपक्षी लखपतिराम, संजय कुमार, व जगतपाल पुत्रगण जंगबहादुर, रोहित, सचिन कुमार पुत्रगण लखपति राम, पंकज कुमार पुत्र हीरा, हीरा पुत्र दशरथ सहित 20 अज्ञात लोगों ने असलहों की नोक पर गन्ने की फसल काट ली। वह अपने पुत्र अरुण व सुबोधकांत के साथ फसल काटने का विरोध किया। तब विपक्षियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में नहीं बंद हो रहा अवैध धन उगाही का मामला

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी बने अंजान

शॉकपिट के नाम पर ग्राम प्रधान पर 1000 रूपये लेने का आरोप, महिला बोली 3 माह से दौड़ाया जा रहा, बीडीओ ने कहा कि मामले की विधिवत जांच की जाएगी।

लखीमपुर खीरी की ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत रामनगर कला में शॉकपिट बनवाने के नाम पर ग्राम प्रधान के द्वारा वसूली का मामला सामने आया है । जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिला ग्राम प्रधान पर 1000 रूपये मांगने का आरोप लगा रही है। महिला का नाम मीना देवी पत्नी स्व. श्रीपाल है । बताया जा रहा है की वीडियो वायरल होने के बाद ग्राम प्रधान महिला पर समझौते का दबाव बना रहे हैं।

वही ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि योजनाओं में वसूली का खेल सिर्फ एक ग्राम पंचायत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यदि गहनता से जांच हो तो करीब हर ग्राम पंचायत में यह सब चल रहा है। सेक्रेटरी से लगाकर ग्राम प्रधान के अधीनस्थ हर एक व्यक्ति तैनात है, जिससे यह वसूली का कार्य कराया जाता है। कभी शौचालय के नाम पर तो कभी आवास के नाम पर रूपये लोगों से लिये जाते हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन सबकी शिकायत होने पर वर्षों तक जांच होती है लेकिन कार्रवाई नहीं। इसलिए इतने बड़े मामले होते दबा दिये जाते हैं और अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बचाने का कार्य करते हैं।

मामले को लेकर खण्ड विकास अधिकारी बिजुआ महावीर सिंह का कहना है कि वीडियो अभी मेरे संज्ञान में नहीं है । यदि किसी योजना के नाम पर वसूली का मामला है तो इसकी विधिवत जांच करवायेगी जायेगी।

# दबंगों से मेरी जमीन छुड़ा दीजिए और बचा लीजिए मेरी जान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मोहल्ला अर्जुननगर कॉलोनी निवासी दलित पवन प्रभाकर ने मंगलवार को इंदिरा पार्क में अमरण अनशन शुरू कर दिया। उनका कहना है कि उनकी मां के नाम गोला बाहर जमीन है। जिस पर पिछले छह माह से दबंगों ने कब्जा कर रखा है। उनका कहना है कि नेताओं और दबंगों की सांठगांठ से उनकी जमीन को अधिग्रहीत करने की योजना चल रही है। दबंग जो कागजात दिखा रहे हैं वह किसी दूसरे गाटे के हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पर सुनवाई नहीं हुई, फिर एसडीएम से शिकायत की गई तो उन्होंने टीम गठित कर नायब तहसीलदार की अगुवाई में जमीन की पैमाइश करने का आदेश दिया, इसके बाबजूद भी उसे न्याय नहीं मिला। तथा न तो कब्जा हटा और न ही जमीन की पैमाइस की गई। जिससे परेशान होकर उसने आंदोलन का रास्ता अपनाया। आमरण अनशन की सूचना पर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, कोतवाल चंद्रशेखर सिंह समेत पूरा अमला वहां पहुंच गया और पवन प्रभाकर को कोतवाली बुलाकर वार्ता की गई। भरोसा दिया गया कि बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाकर आपस में वार्ता करके हल निकाला जाएगा। जिस पर पवन प्रभाकर सहमत तो हो गए, पर धरना खत्म नहीं किया। कहा बुधवार को ही वार्ता के बाद निर्णय होने के बाद ही वह अपना आंदोलन खत्म करेंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ सड़कों पर उतरे हिन्दू संगठन सहित भाजपा कार्यकर्ता, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




धौरहरा तहसील क्षेत्र के हिंदू संगठन सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके जाने की मांग की है। हिन्दू संगठन व भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसील क्षेत्र में जुलूस निकालते हुए तहसील परिसर में पहुंच गए। जहां पर उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार को सौंप कर कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ दिया गया। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोका जाए। उनको हुई आर्थिक क्षति का मुआवजा दिलवाया जाए। यदि बांगलादेश मे हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद नहीं किया तो आक्रोश व्यक्त करेंगे। ज्ञापन देने वालों में देवा जुनेजा विभाग अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, भाजपा नेता कन्हैया बाजपेई, जसवंत राज, भोला नाथ मिश्र, रामनरेश साहू, सुरेंद्र दीक्षित, कन्हैया निगम, श्रीराम राजपूत सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राष्ट्रीय मुस्लिम मंच ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




पडोसी मुल्क बांग्लादेश में बांग्लादेशी हिंदू अल्प संख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत शहर में पैदल मार्च निकाला। सदर चौराहे से विरोध प्रदर्शन करते हुए नारे लगाकर शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। इसके बाद कोतवाली गेट पर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिया। बता दें कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सहित शहर व क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर नगर में पैदल मार्च कर बांग्लादेश के खिलाफ भारत सरकार से कार्यवाही की मांग की। साथ ही बांग्लादेशी हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने और उनकी सुरक्षा की मांग करते हुए कोतवाली गेट पर राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया।

# रोटरी क्लब ने कराया गरीब बेटी का विवाह, दिए उपहार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भीरा रोटरी क्लब ने प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार को एक बार फिर रोटरी क्लब अध्यक्ष बृजेंद्र जैन के सहयोग से एक गरीब कन्या का विवाह हिंदू रीतिरिवाज से संपन्न करवाया। मंदिर के पुजारी आचार्य प्रशांत पांडे द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमे वर वधू को घरेलू जरूरत की सामग्री साज सज्जा का सामान भी दिया गया। मेहमानों के लिए खान-पान की उचित व्यवस्था की गई।

भीरा रोटरी क्लब हमेशा जरूरतमंद लोगों के दुख सुख में साथ निभाता आया है। मंगलवार को क्लब ने पुनीत कार्य करके समाज को संदेश दिया कि सहयोग से सब कुछ संभव है। नव विवाहित वर-वधू को सभी भीरावासियों और कार्यकर्ताओं द्वारा आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस पुनीत मौके पर रोटरी क्लब अध्यक्ष बृजेंद्र जैन, राजरानी जैन, अमित पाल, सुभाष गोयल, राहुल खन्ना, ध्रुवराज सिंह, राजेन्द्र अग्रवाल, शाहिद अली, अनुज गोयल, अंकित अग्रवाल, अमनदीप सिंह, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रिंकल जैन सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहें और पूर्ण रूप से कार्य में समर्पित रहे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बृजेंद्र जैन ने कहा यह कार्य रोटरी क्लब भीरा द्वारा निरंतर संचालित रहेगा।

# जमीनी विवाद में फायर झोंकने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिजुआ खीरी।** बीते मंगलवार को जमीनी विवाद में गोली चलाने वाले आरोपी को एक सप्ताह बाद भीरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला मुख्यालय भेजा। भीरा थाना क्षेत्र के नारायणपुरवा गांव के दो पक्षों के बीच बीते मंगलवार को शारदा नदी पार फसल की बुवाई के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के रामस्वरूप पुत्र मालिकराम ने दूसरे पक्ष के व्यक्ति नारद पर फायर झोंक दी थी, जिसमें नारद गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस लगातार उस आरोपी की तलाश कर रही थी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जिला मुख्यालय भेज दिया।

भीरा पुलिस के अनुसार करीब एक सप्ताह बाद रामस्वरूप निवासी नारायणपुरवा मजरा शाहपुर थाना भीरा को पलियापुरवा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है।

# बिना अनुमति पत्र निराश्रित गोवंश को गौशाला न ले जाएं, प्रभारी निरीक्षक ने की बैठक

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना ईसानगर सभागार में प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम प्रधानों सहित क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक कर निराश्रित गोवंश के समायोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मंगलवार को सभागार में ग्रामप्रधानों की एक बैठक में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने कहा कि निराश्रित गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान या गौशाला में ले जाने के लिए एसडीएम व बीडीओ की अनुमति पत्र लेना जरूरी है साथ ही पुलिस को सूचित करके ही ले जाया जा सकेगा। अकसर देखा गया है कि गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान या गौशाला ले जाते समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कुछ लोग बिना अनुमति व बगैर पुलिस सूचना के जानवरों को गौशाला ले जाते है ऐसे में गौशाला में पशुओं के समायोजन में काफी दिक्कत आती है । साथ ही विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। प्रभारी निरीक्षक ने गांव सिरसी व लौकाही, मल्लापुर , महरिया में गोवंश की छोड़ने पर विवादों का उदाहरण दिया। उन्होंने गैर जनपद वाहनों से गोवंश को ले जाने के लिए अनुमति पत्र होना आवश्यक बताया। बिना अनुमति पत्र व सूचना के गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामप्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## एचआरए इंटर कॉलेज में वार्षिक इंटर हाउस प्रतियोगिता का समापन



**उतरौला (बलरामपुर)।** एचआरए इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिक इंटर हाउस प्रतियोगिता का समापन बड़े धूमधाम और हर्षो-उल्लास के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एजाज़ मालिक, एचआरए इंटर कॉलेज के अध्यक्ष अब्दुर्रहमान और प्रबंधक अंसार अहमद खान द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत कक्षा 9 से 12 के छात्रों के बीच टग ऑफ वॉर (रस्साकसी) से हुई। पहले मुकाबले में सतीश धवन हाउस और विक्रम साराभाई हाउस तथा दूसरे मुकाबले में बीरबल साहनी हाउस और ए. पी. जे. अब्दुल कलाम हाउस आमने-सामने थे। विक्रम साराभाई हाउस ने सतीश धवन हाउस को हराकर हाउस फाइनल में जगह बनाई और प्रतियोगिता को अपने नाम किया। इसके बाद कक्षा 6 से 8 के छात्रों के बीच खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें ए. पी. जे. अब्दुल कलाम हाउस ने फाइनल में जगह बनाई और प्रतियोगिता को जीत लिया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच खेली गई, जिसमें कक्षा 9 में सविता देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 10 में अलीन, कक्षा 11 में महमूदा और कक्षा 12 में शिफा आफरीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रबंधक अंसार अहमद खान ने किया। उन्होंने सभी विजेताओं को आशीर्वाद और बधाई दी और कहा कि हारने वाले भी निराश न हों, क्योंकि हार से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# बज़्म फ़रोगे अदब ने आयोजित किया तरही मुशायरा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- बस मोहब्बत लिखा मैंने दीवार पर, ...कुछ सियासी उठे और मिटाने लगे




कस्बा खीरी में बज़्म फ़रोगे अदब सोसाइटी के द्वारा तरही मुशायरे का आयोजन हुआ जिसकी सदारत सोसाइटी अध्यक्ष एवं आमिर रज़ा पम्मी ने की और संचालन डॉक्टर एहराज अरमान ने किया। खीरी कस्बे के मोहल्ला शेखसराय स्थित मदरसा से सुल्ताने हिंद में आयोजित मुशायरे को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में आमिर रज़ा ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से लोगों में उत्सुकता पैदा होती है और शायर कुछ नया कहने की कोशिश करते हैं और यही से बड़े शायर निकालते हैं।

तरही मुशायरे में इस बार होश आने लगे होश जाने लगे मिसरा दिया गया था। जिस पर शायरों ने अपने कलाम पेश किया। डॉक्टर अखलाक ने कहा- मुफलिसी के सबब इतने फ़ाक़े हुए, रोटियां के हमें ख्वाब आने लगे। इकबाल अकरम वारसी ने कहा- उनको खोया तो लम्हों में सब खो दिया, जिनको पाने में अकरम जमाने लगे। उमर हनीफ ने कहा - टूटी एक बस्ती गरीबों की जो, फाइव स्टार होटल बनाने लगे।

डॉक्टर एहराज़ अरमान ने कहा - बस मोहब्बत लिखा मैंने दीवार पर, कुछ सियासी उठे और मिटाने लगे। सलमान सीतापुरी ने कहा - कह रहे हो कि वादे पर आएंगे हम, तुम भला कब से वादा निभाने लगे।

इलियास चिश्ती ने कहा- वह जो बचपन में बच्चे कमाने लगे, उनके काफी कलम सब ठिकाने लगे। बशर हरगामी ने कहा- आपका नाम मैंने लिया ही नहीं, सुनकर सच आप क्यों तिल मिलने लगे। नफीस वारसी ने कहा- यूं फुदकती है बेटी मुझे देखकर ,जैसे बारिश में चिड़िया नहाने लगे। मंसूर महवर ने कहा- हम चरागे अमन कैसे रोशन करें, वह नश्तर की आंधियां उठने लगे।

रिजवान मारूफ ने कहा- हाले दिल हमसे पूछा जब गया मारूफ, हम मोहब्बत का किस्सा सुनाने लगे। सैफुल इस्लाम ने कहा- जिस घड़ी वो हमें याद आने लगे, टूट कर अश्क आंखों में आने लगे। आसिफ अंसारी ने कहा- रूप तेरा है एक आब शारे हयात, दिल ये करता है कि इसमें नहाने लगे। नगमा बनो ने कहा - आप बीवी के कहने पर ऐसा चले, घर की दीवार खुद ही गिरने लगे। इसके अलावा जावेद अंसारी, दिलशाद लक़वी वगैरा ने कलाम पेश किया। इस मौके पर अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जनवरी माह में होने वाले तरहही मुशायरे में कलाम कहने के लिए सोसाइटी द्वारा यह मिसरा तरह दिया गया। मैंने सहरा की जमीनों को समंदर कर दिया।

# जन समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में 150 लोगों से की मुलाकात, अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण तत्परता और शीघ्रता से किया जाए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोरखनाथ मंदिर में योगी ने आज सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 150 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातरूकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोवंश को दुलारकर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश के साथ योगी स्नेहिल भाव से कुछ देर खेलते भी रहे।



### अफसरों को प्रार्थना पत्रा त्वरित निस्तारित करने के निर्देश

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### प्रधानमंत्री ने देश में स्वच्छता के प्रति अलख जगाई



**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर महानगर सहित जिला पंचायत तथा ब्लॉक स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान का प्रारम्भ मंगलवार को किया गया। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, जहां स्वच्छता है वहां ईश्वर का वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छता के प्रति एक अलख जगाई। कैबिनेट मंत्री एवं महापौर तथा महानगर अध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। स्वच्छता का संदेश लिखे तख्तियों को लेकर एवं स्वच्छ कुम्भ लिखी टी शर्ट पहनकर खड़े स्वच्छता प्रहरियों ने लोगों को पर्यावरण एवं शहर को स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी। वहीं नगर निगम की ओर से डॉग कैचर वाहन भी रवाना किया गया। विशेष सफाई अभियान में नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग, पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र तथा नगर निगम के पार्षदों के साथ मनकामेश्वर मंदिर घाट, बैरहना क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया।

# जितना मजबूत बूथ और मण्डल की ईकाई उतनी ही मजबूत होगी बीजेपी : धर्मपाल

**संगठनात्मक चुनाव को लेकर हुई अवध क्षेत्र की कार्यशाला**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन पर्व' के तहत प्रदेश में हो रहे पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के संदर्भ में आज विश्वेश्वरैया सभागार लखनऊ में अवध क्षेत्र की कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मंडल अध्यक्षो के चुनाव की प्रक्रिया और संगठनात्मक चुनाव से जुडेघ् अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, प्रदेश की सह चुनाव अधिकारी रंजना उपाध्याय, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन ने संगठन पर्व के तहत हुई अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित किया। पूरे प्रदेश में प्राथमिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान पूरा हो चुका है।

बूथ समितियों के गठन और मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। जितना मजबूत बूथ और मण्डल की ईकाई होगी भाजपा भी उतनी ही मजबूत होगी। मजबूत बूथ और मण्डल ईकाइयाँ ही 2027 के चुनावों में भाजपा की तीसरी बार लगातार सरकार बनाने में सहयोगी होंगी। बूथों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। शक्तिकेंद्र स्तर पर विस्तारक तय किए जाएँगे जो तीन दिन तक स्थानीय स्तर पर प्रवास कर बूथ समितियों का सत्यापन करेंगे। मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की भी प्रक्रिया चल रही है।

निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि 45 वर्ष की आयु तक के कार्यकर्ता ही मण्डल अध्यक्ष बने। विधानसभा और जिले में जो मण्डल अध्यक्ष निर्वाचित हो रहे हैं। चयन में सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी सिद्धांत के तहत प्रत्येक सामाजिक वर्ग को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। महिलाओं की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित हो। संगठन सशक्त बने इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रमुख और वरिष्ठ लोगों से भी विचार विमर्श करना चाहिए ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। भाजपा में श्रेष्ठता ही पैमाना है, इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक के इकलौते बेटे ने आग लगा कर किया आत्महत्या का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के दुबग्गा में युवक ने लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर बहनों ने आस-पास के लोगों को बुलाया। लोगों ने कमरे में घुस कर युवक को बचाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। महिपत मउ गांव में दिलशाद अंसारी बहन सदफसलिया और बड़ी बहन के साथ रहता है। दिलशाद ने मंगलवार को करीब 2 बजे घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में तारपीन तेल डाल कर आग लगा ली। चीख पुकार सुनकर लोग बचाव के लिए आए। कमरे में बनी खिड़की से लोग अंदर घुसे और बचाने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल को ट्रामा सेंटर ले गई। बहन सदफने बताया कि पिता यहय्या अंसारी मलिहाबाद में सरकारी शिक्षक है। पिता-मां के साथ मलिहाबाद में ही रहते हैं। छुट्टी में घर आते हैं। बहन सदफने बताया कि महिपत मउ में बड़ी बहन और दिलशाद के साथ रहते है। दिलशाद छत पर बने कमरे में रहता है। उसने 12वीं तक पढ़ाई की है। नशे का आदी है। गांजा दूसरे नशे करता है।

### एचसीएल कर्मचारी की मार्ग दुर्घटना में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में स्थित शहीद पथ पर बीती सोमवार-मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बुलेट सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। अश्वनी कुमार श्रीवास्तव मानक नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बेटा राहुल श्रीवास्तव (24) सुशांत गोल्फसिटी स्थित कंपनी में काम करता था। रात में ड्यूटी करके घर लौट रहा था। शहीद पथ पर अज्ञात वाहन ने बेटे की बुलेट (यूपी-32 एचके - 2889) में टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रोजगार मेले में 310 प्रशिक्षार्थी चयनित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज में 9 और 10 दिसंबर को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में पहले दिन 9 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा में 1125 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 453 प्रशिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।10 दिसंबर को इन प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार कंपनी की पांच टीमों द्वारा लिया गया। साक्षात्कार के बाद 310 प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। चयनित प्रशिक्षार्थियों को 28,000 रुपये मासिक वेतन पर जॉब ऑफर किया गया।संस्थान के ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। यह उपलब्धि संस्थान के गौरव को और बढ़ाएगी।रोजगार मेले को सफल बनाने में कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह, अनुदेशक जेड. रहमान, मकबूल कादिर और अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### युवक ने लगाई फांसी, सुबह फंदे पर लटका मिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने बताया, मोहनलालगंज में नगराम थाना क्षेत्र के असलीगढ़ी गांव में रहने वाले प्रदीप रावत (28) ने फांसी लगा ली। परिवार के सदस्यों ने जब प्रदीप को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो उनके होश उड़ गए। परिवार को संशय है कि प्रदीप ने रात में फांसी लगाई होगी, क्योंकि सोमवार रात में खाना खाने के बाद कमरा बंद करके सो गया था। परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि प्रदीप शांत स्वभाव का था। प्रदीप के पिता श्रीपाल की मौत हो चुकी है। नगराम पुलिस ने बताया, मृतक के शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के पीछे के कारणों का पता चल सकेगा।

### मंडलायुक्त रोशन जैकब पहुंचीं फ्रेग्नेश पार्क, क्वालिटी देख जताई नाराजगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को लखनऊ के विकसित हो रहे फ्रेग्नेश पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रख-रखाव, लाइटिंग और बैठने के लिए बेंचिंग सीट पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडलायुक्त ने कहा- पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए पाथवे की फिनिशिंग और पॉलिशिंग ठीक होनी चाहिए। ताकि पार्क की वास्तविक सुंदरता निखर कर सामने आ सके। हम पूरे प्रोजेक्ट का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। इसे बैठकर चेक किया जाएगा। हॉर्टिकल्चर कार्यों की धीमी प्रगति पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को फटकार लगाई। तय समय सीमा में इसे पूरा करने के निर्देश दिए।

### आलू के खेत में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आलू के खेत में खून से लथपथ युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। घटना बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अस्तल गांव की है। मृतक की पहचान नरपत उर्फ सोनू (30) पुत्र राम अवतार, अस्तल गांव थाना बीकेटी के तौर पर हुई है। यह गांव प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर के पास है। एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल के साथ घटनास्थल पर फारेंसिक टीम पहुंची। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य कलेक्ट किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले की हर एंगल पर जांच की जाएगी।

### मुख्य सचिव से मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने आज प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे, प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव और राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी महेंद्र कुमार पांडे के नेतृत्व में मुख्य सचिव मनोज सिंह से मुलाकात कर 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष किए जाने की मांग। सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से 1900 ग्रेड पे प्रदान किए जाने हेतु वित्त विभाग से शीघ्र निर्णय। पद नाम परिवर्तन और आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मचारियों को विभागीय संविदा में लाने की व्यवस्था। न्यूनतम वेतन 30,000 प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाए। ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग। मुख्य सचिव ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने वित्त विभाग को लंबित मामलों पर निर्णय लेने के निर्देश दिए और विभिन्न विभागाध्यक्षों को नियमित बैठकें आयोजित करने का आदेश दिया।

### कमिश्नर से मिले व्यापारी, जीएसटी को सरल बनाने की उठाई मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगामी 21 दिसंबर 2024 को होने वाली जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक से पहले व्यापारियों ने कमिश्नर से मुलाकात की। इस दौरान जीएसटी में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उत्तर प्रदेश जीएसटी कमिश्नर डॉ. नितिन बंसल को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंपा। इसमें जीएसटी के सरलीकरण और व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव और अफ्जल अहमद शामिल थे। उन्होंने कमिश्नर से आग्रह किया कि इन सुझावों को जीएसटी काउंसिल तक पहुंचाया जाए। जिससे व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# बैंक कराएं लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण

**निदेशक सूडा ने मिशन मोड में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सम्मुख बैंक से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण बैंकों द्वारा कराया जाना चाहिए। लाभार्थियों से जुड़ी शिकायतों को सक्षम बैंक अधिकारियों द्वारा पूर्ण गंभीरता से लिया जाए व अभियान चलाकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उक्त बातें आज सूडा भवन में बैंकर्स संग आयोजित आवश्यक बैठक में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहीं।

निदेशक सूडा ने कहा कि समस्याओं के निपटारे हेतु बैंकों को विभाग की ओर से पूरा सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाता रहेगा। अतः मिशन मोड में शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिससे पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उक्त बैठक में सहायक निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, सविता शुक्ला ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य रूप से पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण तथा लाभार्थियों के सम्मुख आने वाली बैंक से जुड़ी समस्याओं व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज समेत बैंक से सम्बद्ध अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। आपको बताते चलें कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन के रूप में 10000 रुपए, द्वितीय लोन के रूप में 20000 रुपए व तृतीय लोन के रूप में 50000 रुपए का ऋण बैंक द्वारा दिया जाता है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह यानी एसएचजी का बैंक लिंकेज किया जाता है। स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से उनकी बचत के अनुरूप व बैंक अपनी ग्रेडिंग के हिसाब से उनकी बचत का अधिकतम चार गुना ऋण देते हैं। इस बैठक में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से परियोजना अधिकारियों व शहर मिशन प्रबंधक ने भी वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान बैंकर्स को समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसे समस्त बैंक प्रतिनिधियों ने बेहद गंभीरतापूर्वक सुना व जल्द ही प्रभावी निस्तारण का आश्वासन भी दिया। इस बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, प्रथमा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, इण्डियन बैंक, यूको बैंक व केनरा बैंक के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### हिमाचल के राज्यपाल की फ्लीट की गाड़ियां आपस में टकराई

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के पास हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला की फ्लीट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिसकर्मियों समेत कुछ स्टाफ के सदस्य घायल हो गए। हालांकि राज्यपाल की गाड़ी सुरक्षित है। सभी घायलों का इलाज सरोजनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का काफिला सुबह 8 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से राजभवन की ओर निकला। तभी 9 बजे शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के पास एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसके कारण राज्यपाल की फ्लीट कई गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में काफिले में शामिल एम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे डॉक्टर के पैर में चोट लगी। हादसे में घायल हुए सभी लोगों का इलाज सरोजनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वहीं इस घटना के चलते शहीद पथ पर लंबा जाम लग गया था। मौके पर पहुंची यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खाली कराया।

# एसएसबी के असि. कमांडेंट संजय सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए मृत

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू की**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में सोमवार को एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत संजय सिंह संदिग्ध हालत में अपने घर में मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक संजय सिंह (58) खरगापुर के रामआसरे पुरवा निवासी थे और एसएसबी में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे। सोमवार रात वह अपने कमरे में अकेले थे। जब काफी समय तक वह कमरे से बाहर नहीं आए तो उनके बेटे प्रशांत ने दरवाजा खटखटाया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो प्रशांत ने दरवाजे को धक्का देकर अंदर देखा। प्रशांत ने पाया कि उनके पिता संजय सिंह कमरे की जमीन पर मृत पड़े हुए थे। यह देख वह घबराए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर संजय सिंह को लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मौके पर प्रशांत ने बताया कि उनके पिता पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका इलाज चंदन अस्पताल में चल रहा था। हालांकि मौत की असल वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि संजय सिंह की मृत्यु किसी बीमारी के कारण हुई है या फिर इसमें कोई अन्य कारण हो सकता है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अंत में बता दें कि यह घटना लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में एक शोक का कारण बन गई है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लखनऊ विवि में प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में दोपहर 2 बजे से प्रदर्शन शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित छात्रपति शिवाजी मैदान में बड़ी संख्या में तमाम हिंदू संगठन जुटे हैं। बांग्लादेश हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के बैनर पर यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा। इस विरोध प्रदर्शन में बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं और बच्चों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है।

इस विरोध प्रदर्शन में गायत्री परिवार, प्रजापति ईशवरीय ब्रह्माकुमारी संगठन, इस्कॉन मंदिर, जैन समाज, बौद्ध समाज, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मजदूर संगठन और अधिवक्ता परिषद से जुड़े लोग शामिल हैं। इधर चौक सर्राफा एसोसिएशन और चौक चिकन हैंडीक्राफ्ट संगठन ने 2 घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। सभी ने रैली निकालकर बांग्लादेश हाय..हाय के नारे लगाए। छत्रपति शिवाजी मैदान में इकट्ठा हुए संगठन के लोगों का कहना है- बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है। सभी पार्टियों को एक साथ आना चाहिए। सभी को भारत सरकार के साथ मिलकर विरोध करना चाहिए। चाहे हिंदू हो या मुसलमान भारतीय नागरिक के साथ हिंसा होना गलत है। हमारे देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। बीजेपी नेत्री डॉ. पूजा नायक ने कहादृ यह बेहद अफ्सोस नाक है कि बांग्लादेश में धर्म के नाम पर खून बहाया जा रहा है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। आज मानव अधिकार दिवस है। इस दिन हम लोग मानवता को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। रैली में शामिल लोग बांग्लादेशी होश में आओ के नारे लगाते चल रहे है। मार्च ने करीब 2 किलोमीटर की दूरी पूरी कर ली है। पार्षद रणजीत सिंह ने कहा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद युनुस को पीस नोबेल प्राइज मिला है।

# नाले पर हो रहा है अवैध निर्माण, जिम्मेदार बेखबर

समृद्धि न्यूज






**शहर के सीतापुर रोड स्थित नगर निगम जोन-7 के अंतर्गत क्षेत्र कल्याणपुर में रिंग रोड से 100 से 200 मीटर अंदर निर्वाण हॉस्पिटल के पीछे नाले के ऊपर हो रहा अवैध निर्माण**

**लखनऊ ।** शहर में इन दिनों सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं की गिद्ध नजर लगी हुई है। इस क्रम में महीने दर महीने शहर के नालों की चौड़ाई कम होती जा रही हैं व रिहायशी इलाकों में नाले के ऊपर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। हर कोई अपने हिसाब और सुविधा से नाले पर अवैध कब्जा करने में लगा है।

शहर के सीतापुर रोड स्थित नगर निगम जोन-7 के अंतर्गत क्षेत्र कल्याणपुर में रिंग रोड से 100 से 200 मीटर अंदर निर्वाण हॉस्पिटल के पीछे नाले के ऊपर तेजी से अतिक्रमण पसर रहा है। गौरतलब है एक तरफ सरकार और जिला प्रशासन जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए अभियान प्रारंभ चला कर नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियां आदि की सफाई के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं वहीं दूसरी और रसूखदार नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। अवैध निर्माण किए जाने का एक ताजा मामला रिंग रोड स्थित निर्वाण हॉस्पिटल के पीछे जोकि रिंग रोड से महज दो-तीन सौ मीटर पर स्थित एक रसूखदार प्रोपाइराइटर कल्याणपुर प्रार्पटीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नाले की जमीन पर पक्की बाउंड्रीवाल का निर्माण कर अतिक्रमण किया जा चुका है व आवासीय भूमि पर कामर्शियल तीन मंजिला बिल्डिंग बन कर तैयारी की कगार पर है। सूत्रों की माने तो इमारत किसी भी नक्शों के मानक को पूरा नहीं करती है। अतिक्रमण को लेकर जागरुक लोग शीघ्र ही कमिश्नर और नगर आयुक्त को ज्ञापन देंगे और अवैध निर्माण को रोकने की मांग करेंगे। शहर में हो रहे इस नाले पर अवैध निर्माण पर कोई भी कार्रवाई न करने से यह साबित होता है कि नगर निगम अधिकारी दोहरे मापदंड के अधीन कार्य करते हैं क्योंकि ऐसा कई बार देखने में आया है कि अगर किसी गरीब व्यक्ति के द्वारा कोई छोटी-सी दुकान या छोटा-सा घर अवैध ढंग से बनाया जाता है तो निगम अधिकारियों के द्वारा कुछ ही समय में जे.सी.बी. मशीन लगाकर उसे निर्माण को तोड़ दिया जाता है, लेकिन यहां पर रसूखदार लोगों के द्वारा बड़े-बड़े अवैध निर्माण कर लिए जाते हैं और निगम अधिकारी कार्रवाई करने की जगह कुंभकर्ण की नींद सोते रहते हैं।

### बारिश के दिनों में नाले के प्रवाह में होगी परेशानी

अतिक्रमण कर्ता द्वारा यहां नाले की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। वहीं दूसरी और प्रशासन यहां पर आकर देखने तक को तैयार नहीं है। नाले को संकरा कर उस पर पक्का अतिक्रमण कर रहें हैं। नगर निगम ने अभी तक यहां की सुध नहीं ली है। बारिश के दिनों में नाले के प्रवाह में परेशानी होगी। लगभग एक दशक पहले इ स नाले की अच्छी चौड़ाई हुआ करती थी। परन्तु प्रशासन की लापरवाही और भूमाफियाओं के कभी न खत्म होने वाले लालच की वजह से अवैध कब्जों की भेंट चढ़ने लगा। अगर जल्दी ही इस नाले से अवैध कब्जे नही हटाये गए तो आने वाले वक्त समय मे न केवल नाले का अस्तित्व संकटग्रस्त हो जाएगा, बल्कि जल भराव का भी बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। नाले के ऊपर खड़े हो रहे इस तीन मंजिला इमारत के बाद न तो उसकी कभी सफाई हो सकेगी और पूरा वह क्षेत्र भरे हुए नाले के बदबूदार पानी में जीने के लिए मजबूर हो जाएगा।

**आयोजन** | प्रथम इंडिया-नेपाल टूरिज्म मार्ट में प्रदेश के पावन स्थलों के बारे में दी गई जानकारी

# भारत-नेपाल के बीच होगा सांस्कृतिक आस्था का संगम

**नेपाल पहुंचा उत्तर प्रदेश पर्यटन, महाकुंभ का दिया आमंत्रण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नेपाल में 07 से 10 दिसंबर तक प्रथम इंडिया-नेपाल टूरिज्म मार्ट का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारी, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स की टीम नेपाल गई थी। दल ने 07 से 09 दिसंबर के बीच पशुपतिनाथ मंदिर, दरबार स्क्वायर, चंद्रगिरि हिल्स, जनकपुर में भ्रमण किया। भारत और नेपाल के बीच सदियों से सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक आस्था का संगम होगा।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के मद्देनजर आगंतुकों के लिए कई विशेष पैकेज तैयार किए गए हैं। ये पैकेज न केवल प्रयागराज बल्कि वाराणसी, अयोध्या और चित्रकूट जैसे अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा की सुविधा प्रदान करेंगे। श्रद्धालुओं को अखाड़ा अनुभव, कल्पवासी अनुभव और योग व ध्यान सत्र जैसे अद्वितीय अनुभव प्राप्त होंगे, जो एक संपूर्ण आध्यात्मिक यात्रा का एहसास देंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की जा रही है। टेंट सिटी तैयार हो रही है, जहां पर्यटकों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। हवाई दृश्य दिखाने के लिए रोमांचक हेलीकॉप्टर जॉयराइड की सुविधा उपलब्ध कराने की भी तैयारी है। संगम क्षेत्र में हम दो बड़े फूड कोर्ट स्थापित कर रहे हैं। ये फूड कोर्ट घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की पसंद के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न व्यंजन पेश करेंगे। एक डिजिटल कुंभ संग्रहालय विकसित किया जा रहा है, जहां आगंतुक समुद्र मंथन जैसी घटनाओं के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को जान सकेंगे। इसके अलावा, संगम के पास वॉटर लेजर शो और नैनी ब्रिज पर भव्य रोशनी की योजना पर भी काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, कृष्ण और भगवान बुद्ध की धरती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं भगवान शिव के त्रिशूल पर विराजमान काशी है। चित्रकूट, नैमिषारण्य जैसे अनेक पावन तीर्थ स्थल हैं, जहां कम से कम एक बार अवश्य भ्रमण कर अपना जीवन धन्य करना चाहिए। इस दौरान नेपाल सरकार से आग्रह किया गया, कि अपने यहां से टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स के दल को उत्तर प्रदेश भेजें, ताकि वह नजदीक से इन अद्भुत स्थलों को अनुभव करें और आइटनरी में इन स्थलों को शामिल करें। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 10 दिसंबर को आयोजित इवेंट में पर्यटन उद्योग से जुड़े नेपाल के उद्यमी समेत अन्य महत्वपूर्ण लोगों ने हिस्सा लिया।

# पुलिस ने पूर्व आईएएस से ठगी करने वाली महिला को किया गिरफ्तार

**शराब का ठेका दिलाने के नाम पर लिए थे एक करोड़ रुपए**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में पूर्व विशेष सचिव आईएएस हरि प्रसाद सिंह से ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पूर्व विशेष सचिव को शराब का ठेका दिलाने के नाम पर 1 करोड़ रुपए की ठगी की थी। महिला ने पति के साथ मिलकर पुलिस-प्रशासन और आबकारी विभाग में पकड़ होने का दवा किया था। पुलिस महिला के पति को पहले ही जेल भेज चुकी है।

गोमतीनगर इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व पै हरि प्रसाद से शराब का ठेका दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला शकुंतला शर्मा को मंगलवार को पकड़ा गया। उसने अपने पति राकेश शर्मा के साथ मिलकर ठगी की थी। पूर्व आईएएस ने बताया था कि राकेश शर्मा उनको 2 मई 2024 को पत्रकारपुरम में मिला था। जिसने अपनी बातों में फंसाकर उनको शराब का ठेका दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपए ठग लिए थे। आरोपी राकेश शर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। लखनऊ के गोमतीनगर के विपुलखंड में रहने वाले पूर्व आईएएस हरि प्रसाद सिंह यूपी प्रशासन में विशेष सचिव पद से 2017 में रिटायर हुए थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2 मई 2024 को पत्रकारपुरम में चिनहट गणेशपुर निवासी राकेश शर्मा से मुलाकात हुई थी। उसने कहा कि वह उनका पूर्व परिचित है। साथ ही खुद को एक पूर्व पुलिस अधिकारी बताया।

# डीजल भरी पिपिया में ब्लास्ट, चार लोग झुलसे

- दो की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर आग जलाने के लिए डीजल डालते समय हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के बेहड़ा बाजार में नाला निर्माण में लगे श्रमिक सोमवार रात नौ बजे अलाव जला रहे थे तभी डीजल से भरी पिपिया में ब्लास्ट हो गया जिसमें साले-बहनोई समेत चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां साले बहनोई की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।शिवपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बेहड़ा बाजार में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से ठेके पर नाला निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें पयागपुर थाना क्षेत्र के डोलिया गांव चेतराम (45) पुत्र इंद्र राज, बेटा महेश (19) पुत्र चेतराम, अमदापुर गांव निवासी जीजा अक्षयवर (36) पुत्र भगौती, श्यामू (25) पुत्र राम दयाल कालीपुरवा गौड़रिया रानीपुर समेत आठ श्रमिक काम पर लगे हुए थे। इनमें चार श्रमिक सोमवार रात को खाना बनाने लगे।

जबकि अन्य चार अलाव तापने के लिए उसे जलाने लगे। जलाते समय आग न जलने पर डीजल से भरी पिपिया से तेल डाल कर जैसे माचिस की तीली जलाई वैसे ही तेज लपट के साथ पिपिया में विस्फोट हो गया। जिसमें चेतराम, महेश, अक्षयवर और श्यामू गंभीर रूप से झुलस गए।

सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। रात 10 बजे हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां पर मेडिकल कॉलेज के ईएमओ डॉक्टर शिवम मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर में सदाशिव, अजीत यादव, ओमपाल और फार्मासिस्ट बलवीर सिंह, महीप गुप्ता के द्वारा तत्काल झुलसे हुए व्यक्तियों का इलाज किया गया, लेकिन 70 प्रतिशत से अधिक झुलसे चेतराम और अक्षयवर की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।



# वीएस श्रीवास्तव बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद बहराइच की ओर से राजकीय शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रांतीय प्रवक्ता को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। शहर के मोहल्ला घसियारीपुरा निवासी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता और राजकीय शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रांतीय प्रवक्ता वीएस श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन के लिए काम किया है। मोहल्ले के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया है। जिस पर नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने नगर पालिका परिषद बहराइच का ब्रांड एम्बेसडर वीएस श्रीवास्तव को बनाया गया है। इसका प्रमाण पत्र मंगलवार को ईओ ने दिया।

# समाजसेवी की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत, जांच के आदेश

- भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- आयुक्त बोले, किसी भी प्रकार की अनियमितता को नहीं किया जायेगा बर्दाश्त

**देवीपाटन मंडल गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

समाजसेवी पवन कुमार पाठक द्वारा अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि गोंडा स्थित उसकी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने इस मामले की जांच और उचित कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त ने मुख्य राजस्व अधिकारी को जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत को संज्ञान लेने को कहा है। इसके साथ ही जनता दर्शन के दौरान दिए गए शिकायती पत्रों और उनके संदर्भित दस्तावेजों की जांच कर साक्ष्यों के साथ कार्रवाई की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा गया है।

आयुक्त ने इस मामले में स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हरियाणा की महिला ने शहर निवासी युवक पर दर्ज कराया केस

**बहराइच।** हरियाणा की एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पति पर पहले से शादीशुदा होने और ब्लैकमेल कर जबरन संबंध बनाते हुए तीन बार गर्भपात कराने के साथ ही सात लाख रुपये हड़पने, अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने आरोपियों पर गर्भपात, पहली पत्नी के जिंदा रहते दूसरी शादी करने, आपराधिक विश्वासघात, धमकी की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा प्रदेश के पलवल शहर निवासी एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। महिला ने बताया उसकी पहली शादी वर्ष 2008 में हुई थी, जिससे एक बेटी है।

# विधायकों ने बजट का पैसा किसी के इलाज में नहीं किया खर्च

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के सात विधायकों और एक विधान परिषद सदस्य को विधायक निधि से चालीस करोड़ का बजट प्रत्येक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में मिलता है। विकास कार्य के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बतौर स्वास्थ्य निधि के रूप में पचीस लाख भी शामिल है।

लेकिन, जिले के किसी भी विधायक ने स्वास्थ्य निधि में एक रुपया भी खर्च नहीं किया है।सदर विधायक ने एक व्यक्ति का प्रस्ताव जरूर दिया है लेकिन अभी वह जारी नहीं हो सका।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरी विधायक निधि का आवंटन जारी होने के बाद प्रस्ताव भी सभी ने दे दिए हैं। इसमें एक विधायक की ओर से एक नाम को छोड़कर किसी ने भी अपनी स्वास्थ्य निधि से किसी गरीब का इलाज कराने की पहल नहीं की। इसमें ज्यादातर प्रस्ताव सड़क, पुलिया,स्ट्रीट लाइट,तोरण द्वार आदि पर ही खर्च हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी विधायकों ने रुचि दिखाई है,कई स्कूलों को संसाधन दिए हैं। परियोजना निदेशक चंद्रशेखर ने बताया कि विधायकों की ओर से स्वास्थ्य संबंधी लाभ के लिए किसी का प्रस्ताव दिया जाता है तो उसके किसी अन्य योजना में लाभ न लेने की पुष्टि की जाती है।इसके बाद बजट का आवंटन जिला स्तरीय समिति से होता है। फिलहाल एक प्रस्ताव मिला है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

### मिल सकता है स्वास्थ्य निधि से लाभ

विधायक निधि का लाभ देने के लिए विधायक को ग्राम्य विकास विभाग को पत्र लिखना पड़ता है।इसके बाद ग्राम विकास विभाग की ओर से अस्पताल से मिले मरीज के बिल का भुगतान किया जाता है। यह मदद असाध्य रोगों जैसे कैंसर, लीवर और किडनी की बीमारी से जूझ रहे गंभीर व गरीब रोगियों को ही मिलती है। अधिकतम मदद पांच लाख रुपये तक होती है। शर्त यह है कि मरीज के परिवार की सालाना आय एक लाख रुपये से ऊपर न हो। मरीज को राज्य व केंद्र सरकार के किसी स्वास्थ्य संबंधी योजना का लाभ न मिला हो।आवेदन के लिए आय, जाति, निवास और आधार समेत कई जरूरी कागजात लगते हैं। ग्राम्य विकास विभाग केवल पीजीआई और एम्स में भर्ती होने पर ही बिल का भुगतान करता है।अन्य निजी व सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर निधि का लाभ नहीं दिया जाता।

### विधायक निधि में कई शर्तें..

विधानसभा गौरा के विधायक प्रभात वर्मा का कहना है कि विधायक निधि से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सहायता देने का प्रावधान तो है लेकिन काफी शर्तें हैं। वहीं मदद की सीमा भी पांच लाख रुपये तक तय है और गंभीर व असाध्य रोग ही शामिल हैं। इसके अलावा आयुष्मान योजना से बड़े स्तर पर पूरे जिले के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार ने जो कार्य किया है, कभी नहीं हुआ है। जिम्मेदारी से निभानी चाहिए जनता के प्रति जवाब देहीपूर्व मंत्री एवं करनैलगंज के पूर्व विधायक योगेश प्रताप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दिलाया जाना उचित है लेकिन विधायक निधि से भी गरीबों के इलाज के लिए बजट खर्च करना चाहिए। विधायकों को जनता के प्रति अपनी जवाबदेही पूरी जिम्मेदारी से निभानी चाहिए।

# सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद की शिकायत पर कमिश्नर ने मांगी तीन दिन में रिपोर्ट

**देवीपाटन मंडल गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत बिहुरी में सार्वजनिक शौचालय पर पिछले एक महीने से ताला लगे होने की गंभीर शिकायत पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सख्त कदम उठाए हैं।

जनता दर्शन के दौरान चतूरामए ग्राम बिहुरी निवासीए द्वारा प्रस्तुत शिकायत में कहा गया कि शौचालय का उपयोग पहले हो रहा थाए लेकिन अब इसे बिना किसी स्पष्ट कारण के बंद कर दिया गया है। प्रार्थना-पत्र के अनुसार बार-बार शिकायतों के बावजूद विकास खंड स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए आयुक्त ने खंड विकास अधिकारी इटियाथोक को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन दिन के भीतर जांच कर सार्वजनिक शौचालय को खोलने, उसकी तस्वीरें, शिकायतकर्ता और ग्रामवासियों के बयान सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। आयुक्त ने आदेश दिया कि यह स्पष्ट किया जाए कि शौचालय को किस व्यक्ति द्वारा बंद किया गया और आम जनता के लिए इसे सुलभ बनाया जाए। देवीपाटन मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त को समस्त ग्राम पंचायतों में निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की जांच के आदेश दिए गए हैं।

- आम जनों के लिए खुले रहें सभी सार्वजनिक शौचालय
- सार्वजनिक शौचालय बंद मिला तो होगी कार्रवाई

आयुक्त ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि भविष्य में किसी भी सार्वजनिक शौचालय के बंद होने या सफाई की कमी की शिकायत न आए।

## खबरें एक नजर में

### महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी महिला जनसुनवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के राजकीय गेस्ट हाउसों में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद गोंडा में महिला आयोग की माननीय सदस्य ऋतु शाही द्वारा 11 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई की जाएगी। महिला जनसुनवाई के बाद उनके द्वारा महिला बंदी गृह, बालिका एवं महिला गृहों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जाना प्रस्तावित है। एक साथ 23 जनपदों में होगी सुनवाई जनपद गोंडा के साथ ही अन्य 22 जनपदों में भी 11 दिसंबर को ही महिला जनसुनवाई प्रस्तावित है। गोंडा के साथ-साथ बलरामपुर में भी महिला जनसुनवाई आयोजित की गई हैं। महिला आयोग की ओर से नामित सदस्या इन महिला जनसुनवाई की अध्यक्षता करेंगी।

### आठ माह बाद घायल की हुई मौत

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शंकरपुर लक्ष्मनपुर गांव निवासी संदीप कुमार (49) पुत्र शंभू दयाल 18 अप्रैल को चौराहे पर एक दुकानदार को बकाया जमा कर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी थी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल के साथ अन्य प्राइवेट अस्पताल में इलाज चला, लेकिन हालत में सुधार न होने पर आठ माह बाद मंगलवार को ग्रामीण की मौत हो गई। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी कपड़े की दुकान में आग, आठ लाख का नुकसान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 जरही के मोहल्ला जरही रोड पर उत्सव वस्त्रालय के नाम से संचालित दुकान में मंगलवार सुबह 08 :30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे कपड़े जलने लगे। सूचना पाकर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन एक घंटे बाद पहुंचे दमकल वाहन के चलते सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के जरही निवासी मोहम्मद रफीक के कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार सुबह आग लग गई। आसपास के लोगों ने दुकान से निकल रहे धुएं को देखकर दुकान मालिक मोहम्मद रफीक को फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर जब तक दुकान पर पहुंचते तब तक दुकान में रखा कपड़ा काफी मात्रा में जल चुका था। दुकान मालिक के मुताबिक लगभग आठ लाख की संपति का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। राजस्व कर्मियों ने भी मौके का मुआयना कर रिपोर्ट तहसील को दी है।

> **एक घंटे बाद पहुंचा दमकल वाहन** इस संबंध में पूछे जाने पर अग्निकांड पीड़ित मोहम्मद रफीक का कहना है कि यदि समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ जाती तो शायद कम नुकसान होता। उन्होंने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम का सीजन चल रहा है। जिसके कारण दुकान के बगल में ही गोदाम बना रखे थे। जिसमें लगभग 8 लाख रुपए की कीमत के कपड़े रखे थे। कपड़ों के साथ साथ दुकान में लगा फर्नीचर एवं बिजली की वायरिंग व अन्य उपकरण भी जलकर राख हो गए हैं।

## तीन बकरियों का तेंदुए ने किया शिकार, दहशत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज!** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत सोमवार शाम को चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज पर स्थित तेलागौढ़ी गांव निवासी श्याम निषाद की तीन बकरियाँ रेलवे ट्रैक के किनारे घास चर रही थी। तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने एक साथ तीन बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। बकरियों का शिकार करते देख ग्रामीण दौड़े तो तेंदुआ दहाड़ता हुआ उनकी ओर आ धमका लोगो ने हाँका लगाकर किसी तरह तेंदुए को भगाया। घटना की सूचना मिलने पर वनक्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट आशीष गौड़ ने घटना स्थल पर सदर बीट इंचार्ज अब्दुल सलाम को भेजा। मौके पर पहुंचे वनरक्षक ने पगचिन्ह से तेंदुए के हमले की पुष्टि की है और लोगो को सजग रहने को कहा। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर मुआवजा की कार्यवाही की जाएगी।

# कमर्शियल वाहनों पर 16 करोड़ का टैक्स बकाया, नोटिस जारी

- टैक्स की पेनाल्टी में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मालवाहक और सवारी वाहनों समेत अन्य कमर्शियल वाहनों पर करोड़ों रुपए का टैक्स बकाया है। कई बार चेतावनी देने के बाद भी वाहन स्वामियों की ओर से बकाया टैक्स न जमा करने पर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी को नोटिस जारी किया है। तय समय सीमा में टैक्स न जमा करने पर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में करीब छह हजार चार सौ कमर्शियल वाहनों पर सरकार का 16 करोड़ 95 हजार रूपए का टैक्स बकाया है। विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को बकाया जमा करने के लिए कई बार सूचित किया गया इसके बावजूद भी टैक्स जमा न होने पर परिवहन विभाग की ओर से बकाएदारों को नोटिस जारी किया गया है।तय समय सीमा में बकाया न जमा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरसी जारी की जाएगी परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में सभी बकाया वाहन स्वामियों को टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी की गई है। इसमें छह फरवरी 2025 तक का समय दिया गया है।इस दौरान टैक्स जमा करने पर वाहन स्वामियों को बकाया टैक्स की पेनाल्टी में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी।तय समय सीमा में बकाया जमा नहीं करने पर सभी के खिलाफ आरसी जारी करते राजस्व विभाग की ओर से वसूली की जाएगी।

# जहां खनन हो रहा वहां चलकर दिखाओ तब मैं मानूंगा : खनन अधिकारी

- ग्राम पूरे शिवा बख्तावर मे किसानों की उपजाऊ भूमि को खनन माफिया कई फीट गड्ढे में कर रहे तब्दील

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के खनन अधिकारी के सुस्त रवैया का कारण है कि खनन माफिया शहर में सक्रिय हो और सरकारी मानक के विपरीत खनन कर रहे हैं और चर्चा है कि खनन अधिकारी से शिकायत के बाद भी शिकायतकर्ता को कहते हैं की मौके का निरीक्षण साथ चलकर करवाए।

ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी का आदेश भी खनन अधिकारी के लिए नहीं रखता मायने। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली अन्तर्गत ग्राम पूरे शिवा बख्तावर मे किसानों की उपजाऊ भूमि को खनन माफिया कई फीट गड्ढे में तब्दील कर रहे हैं। ताज़ा मामला गोण्डा के सदर तहसील के अंतर्गत झंझरी ब्लाक के आगे श्रीतिलक स्कूल के सामने जो रास्ता जाता है उसी पर आगे तिवारी का ताल पड़ता है उसी से दस कदम दूरी पर खनन की सारी हदें पार कर दी गयी है सरकार ने मट्टी खनन के लिए एक मानक निर्धारित किया है लेकिन जिस जगह की हम बात कर रहे है वहां पर लगभग 8 से 9 फुट तक मट्टी खनन किया गया है। जब खनन अधिकारी से कार्यालय में इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि इतना खनन करने की परमिट जारी नही हो सकती है और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और जिस जगह खनन हुआ है उसी चंद कदम की दूरी पर सदभावना चौकी है जो बस केवल नाम की है। आखिर जिन पुलिस वालों पर समाज की सुरक्षा की जिम्मेदारी है समाज के साथ साथ आम जनता के सुरक्षा के लिए दो सितारे भी दिए गए है लेकिन उन सितारों का क्या मतलब है जब खनन माफियाओं पर कार्यवाही न कर सके।

# सड़क हादसों का बढ़ा ग्राफ इस वर्ष 283 लोगों ने गवाईं जान, 610 हुए घायल

**ब्लैक स्पॉट चिन्हित लेकिन वहां पर नही लगाया गया दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का जागरूकता बोर्ड**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में सड़क हादसों का ग्राफ काफी बढ़ गया है। जिसके चलते एक वर्ष में 283 लोगों की मौत हो गई। वहीं 610 लोग घायल हुए हैं। इसका मुख्य कारण ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने के बाद भी संकेतांक न लगना है। लेकिन यातायात और सहायक संभागीय परिवहन विभाग सिर्फ कागजों पर ही हादसे रोकने के उपाय करता दिख रहा है।तराई बहराइच जनपद हादसों का जिला बनता जा रहा है। जिसका नतीजा है कि बीते एक वर्ष में 283 लोग काल के मुंह में समा गए। किसी ने बेटा तो किसी ने अपना भाई तो किसी ने पिता तो किसी ने अपना पति सड़क हादसो में खो दिया। इतना ही नहीं एक वर्ष में सड़क हादसों में 610 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। इनमें कुछ लोग पूरी तरह से अपाहिज बन गए हैं। लेकिन हादसों पर अंकुश के लिए सिर्फ कागजों पर ही कार्रवाई चल रही है। यह हम नहीं बल्कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट बता रहे हैं। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर लिए गए हैं, लेकिन वहां पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का जागरूकता बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके चलते हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिले में 23 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर 14 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं।

लेकिन डीएम के बार बार संदेश के बाद भी यहां पर जागरूकता बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। ऐसे में सड़क हादसे कैसे रुके, यह सवाल सभी के मन में उठ रहा है। इस मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा लोगों को निर्धारित स्पीड में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही नशे में लोग वाहन न चलाएं इसके लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

> ब्लैक स्पॉट की चल रही जांच जिले के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जांच की जा रही है। इसके बाद जागरूकता बोर्ड व अन्य कार्य संबंधित विभाग द्वारा करवाए जाएंगे जल्द ही सुधारात्मक परिणाम मिलेंगे। हादसे रोकने के लिए हरसंभव प्रयास हो रहा है। जागरूकता बोर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगवाया जाएगा।
>
> राजीव कुमार, एआरटीओ

# जू. नेशनल इंडियन पोलो प्रतियोगिता में पूर्व सांसद के बेटे ने मारी बाजी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

हाल ही में नयी दिल्ली में 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक आयोजित जूनियर नेशनल इंडियन पोलो एसोसिएशन के तहत चैम्पियनशिप प्रतियोगिता जो कि प्रधानमंत्री आवास के निकट जयपुर पोलो ग्राउड में आयोजित हुई। जिसके फाइनल मैच में बुन्देलखण्ड के युवा पोलो खिलाडी कीर्ती देव चंदेल जो कि पूर्व सांसद हमीरपुर कुंवर पुष्पेंद् सिंह चंदेल के पुत्र हैं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया वा अपनी टीम के चैम्पियन शिप जीतने में सहायक बने। पोलो एक जोखिम भरा रोमांचक खेल है, जिसमें घोड़े व घुड़सवार के बीच में सामंजस्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें घोड़े को 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाया जाता है। कीर्तीदेव ने इस खेल में समय-समय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ - साथ घुड़सवारी की अन्य विधाओं जैसे इक्विस्ट्रियन ड्रेसाज व टेन्ट पेगिंग में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की व अपने क्षेत्र व मेयो कालेज का सम्मान बढाया। जोधपुर पोलो में सबसे कम आयु के (मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर) का खिताब जीता। भारतीय सेना की 61 कैवलरी द्वारा आयोजित चिंकारा प्रतियोगिता में कई गोल्ड मैडल जीते। कीर्तीदेव चंदेल भारतीय पोलो सर्किट के उभरते हुए सितारे हैं। इसके अतिरिक्त वह बाक्सिंग व फुटबाल के नैशनल प्लेयर हैं।

# सड़क की पटरियों पर बेतरतीब वाहन न खड़े किये जायें: डीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि शीत ऋतु के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि की रोकथाम हेतु समस्त वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जायें।

ट्रैक्टर ट्रालिया के कारण होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्गित डीएम ने चीनी मिल के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने तथा ईंट भट्ठा व गन्ना की ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर ट्रलियों में प्रमुखता के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि शीत ऋतु में सड़क के किनारे खड़े वाहन सड़क दुर्घटना का कारण न बने इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब वाहन न खड़े किये जायें। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। बैठक में मौजूद पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पुलिस व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि निरन्तरता के साथ प्रवर्तन अभियान संचालित कर लोगों को हेलमेट के साथ टू व्हीलर चलाने, ओवर स्पीडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ-साथ चार पहिया वाहन चलाने वालों को सील्ट बेल्ट बांधने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। डीएम ने कार्यालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के अवर अभियन्ता को निर्देश दिया कि परियोजना अधिकारी नेडा से समन्वय कर मरीमाता चौराहे पर हाईमास्ट सोलर लाईट की स्थापना करायें। डीएम ने लोक निर्माण, एनएनएआई व एनएच विभाग को निर्देश दिया कि जिले के चिन्हित ब्लैक स्पाट पर मानक के अनुसार सुरक्षात्मक व सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाकर लोंगो की बेशकीमती जान की हिफाज़त हो सके। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि टैक्सी स्टैण्ड संचालन हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर आख्या उपलब्ध कराएं।बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता एनएचएआई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# प. विद्यालयों का बीईओ की टीम ने किया निरीक्षण

- दस शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक विद्यालयों से बिना बताए गैर हाजिर पाए गये

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों की कार्यशैली परखने के लिए मंगलवार को जिले के आधा दर्जन से अधिक खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम ने स्थलीय जांच की।

खंड शिक्षाधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले से आई खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जो शिक्षक अपने विद्यालय में अनुपस्थित पाये गए उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर अनुपस्थित कर दिया गया उन्होंने बताया कि जिन-जिन विद्यालयों में त्रुटि पाई गई उन्हें सुधारने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान लगभग 10 शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक विद्यालयों से बिना बताए गैर हाजिर पाए गये है, शाम तक जांच रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारियों की जनपदीय टीम में खंड शिक्षाधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पयागपुर डाली मिश्रा, मिहींपुरवा डा. अजीत सिंह, जरवल अरविंद सिंह, हुजूरपुर चंद्रशेखर चौरसिया, कैसरगंज जितेंद्र चौधरी, नवाबगंज राधेश्याम वर्मा, शिवपुर जगन्नाथ यादव, रिसिया रंजीत कुमार शामिल रहे।

## अपनों का कत्ल

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता, मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन–देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता–पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन–देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन–देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता–पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है। दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दर्शाती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव–मोहल्ले के लोग एक–दूसरे का दुख–दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफलोग पैसे के पीर बन गए हैं। शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मर्यादा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है। यह नये दौर की सामाजिक विकृति ही है कि अपनों का कत्ल करने से कोई गुरेज नहीं करता।

# सनातन संस्कृति की ध्वजा विश्व में फहरा रही गीता प्रेस

– हितानंद शर्मा

मानव इतिहास में धर्म स्थापना के लिए हुए सबसे भीषण महायुद्ध के बीच भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता का ज्ञान आज भी अमृत रूप में प्रवाहित हो रहा है। श्रीमद्भगवत गीता केवल अर्जुन के लिए नहीं, सनातन समाज के लिए भी नहीं बल्कि विश्व मानवता के शुभ के लिए ईश्वरीय संदेश है। गीता के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को जान सकता है और ईश्वरीय सत्ता का अनुभव भी कर सकता है। गीता जयंती मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था।

गीता के ईश्वरीय संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य 'गीता प्रेस गोरखपुर' द्वारा पिछले 102 वर्षो से बिना रुके पूरे श्रद्धाभाव से किया जा रहा है। भारत के घर-घर में श्रीमद्भगवत गीता और रामायण की प्रति पहुंचाने का श्रेय गीता प्रेस को ही जाता है। गीता प्रेस अब तक श्रीमद्भगवत गीता की 16 करोड़ 21 लाख प्रतियां प्रकाशित कर श्रद्धालु पाठकों तक पहुंचा चुका है। अब तक 41 करोड़ 71 लाख पुस्तकें छापकर विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशन संस्थान होने के बाद भी आश्चर्य की बात यह है कि गीता प्रेस न तो किसी से चंदा लेता है और न ही अपने प्रकाशनों में विज्ञापन ही स्वीकार करता है। जब वर्ष 2021 में गीता प्रेस को उसके उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत सरकार का गरिमामय 'महात्मा गांधी शांति पुरस्कार' प्रदान किया गया तो संस्थान ने पुरस्कार को पूरे सम्मान के साथ ग्रहण किया, पर इसके साथ प्रदान की जाने वाली एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि सरकार वापस लौटा दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस संस्थान को देखने के लिए आए थे। लागत मूल्य से 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर बहुमूल्य पुस्तकें पाठकों तक पहुंचाने वाला गीता प्रेस वास्तव में सामाजिक-धार्मिक जागरण का एक आंदोलन ही है।

भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पावन धरा उत्तर प्रदेश का प्रवास तो मेरा पहले भी होता ही रहा है किन्तु इसी वर्ष संयोग से संगठन के कार्य से मुझे गोरक्ष प्रांत यानी गोरखपुर सहित आसपास के क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया। ऐसे में गोरखपुर में गोरक्ष पीठ सहित एक महत्वतपूर्ण तीर्थ गीता प्रेस के दर्शन का सौभाग्य भी मिला। प्रकाशन का केंद्रीय कार्यालय गोरखपुर में ही है। हिन्दू धर्म, अध्यात्म, दर्शन सहित मानव कल्याण के अनेक विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित कर चुका गीता प्रेस आधुनिक समय का तीर्थ ही है। राजा भागीरथ के महान तप से पुण्य प्रवाहिनी मां गंगा का धरती पर अवतरण संभव हो सका था। इक्ष्वाकु वंश के राजा भागीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा को धरती पर लाने का प्रण पूर्ण किया था। इसी प्रकार गीता प्रेस के संस्थापक, ब्रह्मलीन जयदयालजी




गोयंदका के ऐसे ही महान तप का सुफल यह प्रकाशन है। वैसे तप तुलना का विषय नहीं है किन्तु धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, भक्ति एवं मानवता के उद्धार के लिए गोयंदका जी द्वारा स्थापित गीता प्रेस आज भी पुण्य प्रवाहमयी ज्ञान सरिता है। गीता प्रेस के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' के उल्लेख के बिना गीता प्रेस की चर्चा पूर्ण नहीं होगी। भाईजी वीर सावरकर के निकट के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। अपने मौसेरे भाई जयदयाल के अगाध गीता प्रेम एवं ज्ञान को देखते हुए भाईजी ने श्रीमद्भगवत गीता को लागत मूल्य से भी कम में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस संकल्प की पूर्ति के लिए अपने एक प्रकाशन की आवश्यकता थी जो गोरखपुर में प्रारंभ हुआ। प्रचार-प्रसार से दूर एक अकिंचन सेवक और निष्काम कर्मयोगी की तरह भाईजी ने सनातन संस्कृति की मान्यताओं को घर-घर तक पहुँचाने में जो अतुलनीय योगदान दिया है, इतिहास में इसका उदाहरण मिलना कठिन है। गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म के सिद्धांतों को गीता, रामायण, उपनिषद, पुराणों, प्रख्यात संतों के प्रवचन एवं चरित्र-निर्माण की अन्य पुस्तकें-पत्रिकाएं प्रकाशित कर इन्हें लागत मूल्य से भी कम कीमत में समाज में पहुंचाना है। गीता प्रेस मानव जीवन के उत्थायन और सभी की भलाई के लिए प्रयासरत है। इसका उद्देश्य शांति, आनंद और मानव जाति के अंतिम उत्थान के लिए गीता में प्रतिपादित जीवन जीने की कला को बढ़ावा देना है। संस्थान का संचालन कोलकाता के गोविंद भवन द्वारा किया जाता है। इसका प्रबंधन एक गवर्निंग काउंसिल (ट्रस्ट बोर्ड) करती है। गीता प्रेस में दिन की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से होती है। एक व्यक्ति दिनभर घूम-घूम कर प्रत्येक कार्यकर्ता को कई बार भगवान का नाम स्मरण कराता है। गीता प्रेस के अभिलेखागार में भगवद् गीता की 100 से अधिक व्याख्याओं सहित 3,500 से अधिक पांडुलिपियां रखी हैं। गीता प्रेस के मासिक पत्रिका ग्रंथ 'कल्याण' के नए संस्करण के साथ 3000 से अधिक ऑनलाइन संग्रह उपलब्ध हैं। 4 मई, 1923 को गीता प्रेस की स्थापना की गई थी तब पुस्तकें छापने का काम बोस्टन कंपनी की प्रिंटिंग प्रेस से शुरू किया गया था। पैरों से चलाई जाने वाली यह मशीन 500 रुपये में अमेरिका से मंगवाई गई थी। अब संस्थान आधुनिक संसाधनों का सदुपयोग करता है इसीलिए मैनुअल और मशीन दोनों माध्यमो से प्रकाशन का काम होता है। गीता प्रेस इन अर्थो में भी विश्व का अनूठा प्रकाशन है क्योंकि यह अपनी पुस्तकों में मात्रात्मक, व्याकरणिक, शाब्दिक अथवा तथ्यात्मक त्रुटि बताने वाले को पुरस्कृत करता है हालाँकि पुस्तकों में ऐसी त्रुटियां मिलती नहीं हैं। बीते वर्षों में मीडिया में इस प्रकार के समाचार आए थे कि गीता प्रेस आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बंद होने की कगार पर है किन्तु संस्थान के भ्रमण में यह भी जानने मिला कि स्थिति ऐसी नहीं है। समाज के सहयोग से गीता प्रेस 300 करोड़ रुपए वार्षिक टर्नओवर वाला समृद्ध संस्थान है और प्रति वर्ष 17 भाषाओं में पुस्तकें प्रकाशित कर रहा है। संस्थान ने अपनी पुस्तकें इंटरनेट पर ऑनलाइन भी उपलब्ध कराई हैं जहां से कोई भी इन्हें डाउनलोड कर सकता है और यह पूरी तरह निशुल्क है। संस्थान का कार्यालय भी दर्शनीय है। इसके भव्य प्रवेश द्वार के स्तंभ एलोरा के प्राचीन गुफा-मंदिर के स्तंभों की शैली में निर्मित हैं। वहीं अर्जुन के रथ के सारथी बन श्रीकृष्ण गीता का उपदेश दे रहे हैं। प्रवेश द्वार का शिखर दक्षिण भारत के मीनाक्षी मंदिर के शिखर का स्मरण कराता है।

### गीता जयंती (11 दिसंबर) पर विशेष

**गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म के सिद्धांतों को गीता, रामायण, उपनिषद, पुराणों, प्रख्यात संतों के प्रवचन एवं चरित्र-निर्माण की अन्य पुस्तकें-पत्रिकाएं प्रकाशित कर इन्हें लागत मूल्य से भी कम कीमत में समाज में पहुंचाना है। गीता प्रेस मानव जीवन के उत्थायन और सभी की भलाई के लिए प्रयासरत है। इसका उद्देश्य शांति, आनंद और मानव जाति के अंतिम उत्थान के लिए गीता में प्रतिपादित जीवन जीने की कला को बढ़ावा देना है। संस्थान का संचालन कोलकाता के गोविंद भवन द्वारा किया जाता है। इसका प्रबंधन एक गवर्निंग काउंसिल (ट्रस्ट बोर्ड) करती है। गीता प्रेस में दिन की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से होती है। बीते वर्षों में मीडिया में इस प्रकार के समाचार आए थे कि गीता प्रेस आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बंद होने की कगार पर है किन्तु संस्थान के भ्रमण में यह भी जानने मिला कि स्थिति ऐसी नहीं है। संस्थान ने अपनी पुस्तकें इंटरनेट पर ऑनलाइन भी उपलब्ध कराई हैं जहां से कोई भी इन्हें डाउनलोड कर सकता है ।**

## यूनिसेफ : बाल कल्याण की अग्रणी संस्था

–डॉ. रमेश ठाकुर

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं।

यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है।

समय के साथ यूनिसेफ़ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ़ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ़ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है ताकि देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के प्रयासों की शुरुआत करनी थी। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की। यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क में स्थापित है। संस्था का उद्देश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए। तब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यूनिसेफ और भारत के सहयोग के साक्षा प्रयासों की सराहना की। भारत सरकार भी चाहती है कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर हो, उन्हें सुरक्षा और खुशहाली मिले। इसके लिए भारत सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ती। यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई बार दोहरा चुके हैं कि भारत सरकार से संस्था को भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इस समय 150 देशों में यूनिसेफ के कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से मिशन आगे बढ़ाते हैं।


## विचार

# श्रीमद्भगवद् गीता का वैश्विक प्रभाव

अवनीश सोमकुवर

श्रीमद्भगवद गीता अनूठा आध्यात्मिक मार्गदर्शी ग्रंथ है। भगवद् गीता का प्रभाव पूरी दुनिया में फैल चुका है। भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य वचनों में सम्पूर्ण जीवन की व्याख्या है। संसार की समस्याओं और मनुष्य की व्यथाओं का समाधान है। गीता की महिमा का शाब्दिक वर्णन करना कठिन काम है। पाठकों के सुलभ संदर्भ के लिए श्रीमद्भगवद् गीता पर विश्व के महापुरुषों, महान वैज्ञानिकों, विद्वतजनों और दार्शनिकों के विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है।

भगवान श्रीकृष्ण की कही हुई श्रीमद् भगवद् गीता के समान छोटे वपु (काया, शरीर) में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रंथ नहीं है''- महामना पं. मदनमोहन मालवीय। जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है; मैं क्षितिज पर गीता रूपी एक ही उम्मीद की किरण देखता हूं। इसमें मुझे अवश्य ही एक छन्द मिल जाता है, जो मुझे सांत्वना देता है। तब मैं कष्टों के बीच मुस्कुराने लगता हूँ''- महात्मा गांधी। गीता हमारे ग्रंथों में अत्यन्त तेजस्वी और निर्मल हीरा है''- लोकमान्य बालगंगाधर तिलक। मशहूर जर्मन कवि, उपन्यासकार और पेंटर हरमन हेस के जीवन पर भी गीता का विशेष प्रभाव था। उनकी कालजयी




रचना सिद्धार्थ में यह स्पष्ट होता है। उनका कहना था गीता की सबसे अच्छी विशेषता यह है कि यह जीवन के सही मायनों को पूरी वास्तविकता के साथ सामने रखती है। उन्नीसवीं सदी के मशहूर दर्शनशास्त्री और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अल्बर्ट श्विट्ज़र मानते थे - श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है। स्विस मनोवैज्ञानिक कार्ल जुंग को विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान के लिए जाना जाता है। वे न सिर्फ मनोविज्ञान बल्कि दर्शन, साहित्य और धार्मिक अध्ययन में भी विशेषज्ञता रखते थे। उनका मानना था कि मनुष्य को उल्टे वृक्ष के रूप में प्रदर्शन की अवधारणा बहुत पहले से ही मौजूद थी, जिसे बाद में सामने लाया गया। अपने वक्तव्यों में कही गई प्लेटो की वह बात कि मनुष्य सांसारिक नहीं बल्कि स्वर्गीय पौधा है, जो ब्रह्माण्ड से सिंचित होता है। यह वैदिक अवधारणा है और गीता के 15वें अध्याय में इसे स्पष्ट तौर पर कहा गया है।÷

उन्नीसवीं सदी के ही मशहूर अंग्रेजी साहित्यकार आल्डस हक्सले ने कहा था - मनुष्य में मानव मूल्यों की समझ पैदा करने के लिए गीता सर्वाधिक व्यवस्थित ग्रंथ है। शाश्वत दर्शन के विषय में यह अब तक की सबसे स्पष्ट और व्यापक प्रस्तुति है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि इसका जुड़ाव पूरी मानवता से है।'' उन्नीसवीं सदी के विख्यात अमेरिकी निबंधकार और साहित्यिक हस्ती इमर्सन के जीवन पर गीता का बड़ा प्रभाव था। उनका मानना था, श्रीमद भगवद् गीता के साथ मेरा दिन शानदार बीता। यह अपने तरह की पहली पुस्तक है।

यह किसी और समय और परिस्थितियों में लिखी गई, लेकिन यह हमारे आज के सवालों और समस्याओं के भी जवाब पूरी स्पष्टता के साथ देती है। ऑस्ट्रियाई दार्शनिक और साहित्यकार रुडॉल्फ स्टीनर के जीवन को गीता ने व्यापक रूप से प्रभावित किया था। उनका मानना था कि भगवद् गीता जैसी अप्रतिम रचना को समझने के लिए बस हमें स्वयं को उसके साथ लय बिठाने की जरूरत है। मशहूर अमेरिकी दार्शनिक और साहित्यकार हेनरी डेविड थोरो पर गीता का प्रभाव उनके साहित्य और सामाजिक कार्यों में परिलक्षित होता है। वे कहते थे कि

**श्रीमद भगवद् गीता मनुष्य के जीवन पर बहुत गहरा असर डालती है। यह कर्मों के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का संदेश देती है। स्विस मनोवैज्ञानिक कार्ल जुंग को विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान के लिए जाना जाता है। वे न सिर्फ मनोविज्ञान बल्कि दर्शन, साहित्य और धार्मिक अध्ययन में भी विशेषज्ञता रखते थे। उनका मानना था कि मनुष्य को उल्टे वृक्ष के रूप में प्रदर्शन की अवधारणा बहुत पहले से ही मौजूद थी, जिसे बाद में सामने लाया गया। अपने वक्तव्यों में कही गई प्लेटो की वह बात कि मनुष्य सांसारिक नहीं बल्कि स्वर्गीय पौधा है, जो ब्रह्माण्ड से सिंचित होता है। यह वैदिक अवधारणा है और गीता के 15वें अध्याय में इसे स्पष्ट तौर पर कहा गया है। उन्नीसवीं सदी के ही मशहूर अंग्रेजी साहित्यकार आल्डस हक्सले ने कहा था - मनुष्य में मानव मूल्यों की समझ पैदा करने के लिए गीता सर्वाधिक व्यवस्थित ग्रंथ है। शाश्वत दर्शन के विषय में यह अब तक की सबसे स्पष्ट और व्यापक प्रस्तुति है। यह सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि इसका जुड़ाव पूरी मानवता से है।"**

प्राचीन भारत की सभी स्मरणीय वस्तुओं में गीता से श्रेष्ठ कोई भी दूसरी वस्तु नहीं है। गीता में वर्णित ज्ञान ऐसा उत्तम व सर्वकालिक है, जिसकी उपयोगिता कभी भी कम नहीं हो सकती। भारतीय मनीषियों के अलावा कई विदेशी विद्वानों ने भी गीता के महत्व को समझा और अपने जीवन में इसके सिद्धांतों को लागू किया।

यह महान पवित्र ग्रंथ गीता का ही असर था कि ईसाई मत मानने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री मिस्टर पियर ट्रूडो गीता पढ़कर भारत आये। उन्होंने कहा था कि जीवन की शाम हो जाए और देह को दफनाया जाए, उससे पहले अज्ञानता को दफनाना जरूरी है। रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने परमाणु बम विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध की दिशा बदल दी। ओपेनहाइमर ने संस्कृत भाषा सीखी और श्रीमद् भगवद गीता को अपनी पसंदीदा पुस्तकों में से एक माना। जब द क्रिश्चियन सेंचुरी के संपादकों ने उनसे पूछा कि वे कौन-सी किताबें हैं, जिन्होंने उनके दार्शनिक दृष्टिकोण को सबसे ज्यादा प्रभावित किया, तो चार्ल्स बौडेलेयर की पुस्तक लेस फ्लेर्स डू माल को पहला और श्री भगवद गीता'' को दूसरा स्थान मिला। सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी ओपेनहाइमर को बर्कले में संस्कृत के प्रोफेसर आर्थर डब्ल्यू राइडर ने संस्कृत से परिचित कराया था। उसके बाद उन्हें गीता से परिचित कराया गया था। जुलाई 1945 में न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में पहले परमाणु बम के विस्फोट से दो दिन पहले रॉबर्ट ओपेनहाइमर ने गीता का एक श्लोक सुनाया। इ



## राशिफल

**मेष:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

# बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनाएगी सशक्त

प्रियंका सौरभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए बीमा सखी योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है।

बीमा सखी योजना शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को



बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बीमा सखी योजना महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है।

यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मज़बूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। बीमा सखी योजनापूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं।

2015 में पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन की शुरुआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल क़ायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मज़बूत करेगी। बीमा सखी योजना राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। नारी शक्ति पर सरकार के ज़ोर को लोकसभा में पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक जैसे प्रयासों के माध्यम से मज़बूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया गया। इस योजना की पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मज़बूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए।

आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में ?6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी। आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएँ। देशभर में 35,000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना। हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक ज़ोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है। आधिकारिक या नामित सरकारी पोर्टल पर जाएँ। व्यक्तिगत विवरण और वैध संपर्क जानकारी का उपयोग करके एक खाता बनाएँ। सटीक विवरण के साथ आवेदन पत्र भरें। आईडी प्रूफ, शैक्षिक प्रमाण पत्र और बैंक विवरण जैसे आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें।

आवेदनों की समीक्षा की जाती है। स्वीकृत होने के बाद, उम्मीदवारों को एक व्यक्तिगत डैशबोर्ड तक पहुँच प्राप्त होती है। बीमा सखी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नमो दीदी कार्यक्रमों की सफलता के बाद, महिला-केंद्रित योजनाओं को शुरू करने के पीएम मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को जारी रखती है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निरंतर प्रयास समाज और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को मज़बूत करने के उद्देश्य से विभिन्न नीतियों और विधायी परिवर्तनों में स्पष्ट है। बीमा सखी योजना वित्तीय समावेशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर यह योजना न केवल उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान करती है बल्कि उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भी एकीकृत करती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

विश्व मानवाधिकार दिवस

# वीर भूमि महाविद्यालय में विधिक जागरूगता कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जेपी यादव के आदेशानुसार आज विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजकीय वीर भूमि महाविद्यालय में विधिक जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तेन्द्र पाल, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम महोबा के चीफ रामऔतार सिंह एवं डिप्टी रामनरेश यादव, पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यकम में तेन्द्र पाल, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा द्वारा कार्यकम मे उपस्थित छात्र-छात्राओं को विश्व मानवाधिकार दिवस पर जागरूक करते हुये बताया कि पूरी दुनिया में हर साल




10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर में सभी व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनका सम्मान सुनिश्चित करना है। मानवाधिकार दिवस मानवता की समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के मूल सिद्धांतों को बढ़ावा देने का अवसर देता है। इस दिन को दुनिया भर में मानवाधिकारों के महत्व को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। यह भी बताया गया कि हमारे भारतीय संविधान में मानवाधिकारो को मौलिक अधिकारों के रूप मे संवैधानिक दर्जा दिया गया है। जिनका उल्लंघन होने पर कोई भी व्यक्ति सीधे न्यायालय में आ सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक सहायताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया मे इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना अन्तर्गत नालसा हेल्प लाइन नं. 15100 पर सम्पर्क कर सकता है अथवा नालसा पोर्टल एलएसएमएस पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है तथा निःशुल्क सहायता हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा मे सम्पर्क कर सकता है। उक्त कार्यक्रम में मानवाधिकार फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार, जिलाध्यक्ष रामजी गुप्ता, सदस्य शिवकुमार गोस्वामी, जिला प्रभारी मनु गुप्ता, डॉ. ज्ञानेश अवस्थी, बॉबी साहू, मुसीर भाई, कमलेश शिवहरे, अरुण गुप्ता, वीपी वर्मा, मयंक मिश्रा, देवेन्द्र वर्मा, सौरभ गुप्ता, भूमेश सोनी, वीरभूमि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एलसी अनुरागी, महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी, कल्पना सोनी, समाजसेविका नेहा चंसौरिया, सहित जनपद में नियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वीरभूमि महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक संतोष कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के समापन पर मावाधिकार फोरम के जिलाध्यक्ष रामजी गुप्ता द्वारा उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## किशोरियों, महिलाओं व दिव्यांगों के साथ ग्रामोन्नति संस्था ने मनाया मानवाधिकार दिवस



**महोबा।** विश्व मानवाधिकार दिवस के मौके पर शहर के अंबे पैलेस हॉल में ग्रामोन्नति संस्थान द्वारा 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी मुहिम के समापन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड से कल्पना सोनी, बाल कल्याण समिति से मधुबाला चौरसिया, महिला कल्याण विभाग से संगीता राजपूत, सखी वन स्टॉप सेंटर से प्रभारी क्षमा केस वर्कर अर्चना, महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी सहित ग्रामीण अंचल से आई हुई एक सैकड़ा से अधिक किशोरी व महिलाएं उपस्थित रहीं। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते आगंतुक मेहमानों के लिए संस्थान से जुड़ी किशोरियों द्वारा स्वागत गीत व नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। कबरई विकासखंड की मामना, मिरतला, कालीपहाड़ी, धिकवाहा, बीजानगर, पचपहरा, बरा, तिंदौली एवं नथुपुरा समेत 15 ग्राम पंचायतों से उपस्थित हुई महिलाओं बेटियों एवं विकलांगों का कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखने योग्य रहा तो वहीं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित लड़कियों महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए नियम कानून अधिकार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां प्रदान की गईं। ग्रामोन्नति संस्थान के अध्यक्ष शिव कुमार गोस्वामी ने स्वर्गीय अरविंद खरे के प्रयासों को एक छोटे पौधे से वटवृक्ष बनता हुआ दिखाई पड़ने की बात कहते हुए मानवाधिकार दिवस की सार्थकता को अधिकार एवं दायित्व तराजू के दोनों पलड़ों में समानता से सार्थकता की ओर बढ़ने की अपील की। महिला कल्याण विभाग से संगीता राजपूत ने 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के विकलांगों को रुपए 4 हजार की स्पॉन्सरशिप मिलने की नई जानकारी प्रदान की।

कमिश्नर की चेतावनी के बाद भी-

# एनआरसी में इलाज के लिये भर्ती नहीं हो रहे है कुपोषित बच्चे

- सेहत व बाल विकास परियोजना विभाग कुपोषित बच्चों के साथ कर रहा है खिलवाड़
- दो हजार अतिकुपोषित बच्चों में मात्र एक भर्ती



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कमिश्नर द्वारा सीएमओ से जवाब तलब करने के बाद भी स्थानीय अस्पताल की बाल पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की आक्यूपेंसी में कोई सुधार नहीं हो पाया है। दस शैय्या बेड वाले कुपोषित बच्चों के इलाज केंद्र में केवल एक बच्चा भर्ती है जबकिजिले में कम से कम दो हजार बच्चे अतिकुपोषित श्रेणी में चिंहित किये गये है इन गरीब बच्चों की सुध लेने वाला कोई नही है। कुपोषित बच्चों के इलाज के लिये शासन हर माह लाखों रुपये खर्च कर रहा है, मगर बाल विकास परियोजना व सेहत विभाग की एक-दूसरे को दोषी ठहरा कर कई सालों से अपना पल्ला झाड़ लेते हैं और बच्चों को कोई लाभ नहीं मिलता है। जिले में कुपोषित व अतिकुपोषित यानी सैम मैम समेत तीन कटेगरी में बच्चों को चिन्हांकन किया गया है जिसमें अतिकुपोषित बच्चों पर शासन बहुत ही निगरानी कर रहा है। यही नहीं इस श्रेणी के बच्चों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है, स्थानीय जिला अस्पताल में कुपोषित बच्चों को निरोग करने के लिये एनआरएचएम की ओर से दस शैय्या का एनआरसी केंद्र खोला गया है जिसमे भारी भरकम स्टाफ है शासन बच्चो व उसके तीमारदार पर इलाज भोजन यहां तक कि पिता की रोजाना की मजदूरी भी वहन करता है इसके बाद भी कुपोषित बच्चों को न ही बाल विकास परियोजना व न ही स्वास्थ्य विभाग भर्ती कराता है। पिछली बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों के इलाज में लापरवाही न बरतने के लिये खास निर्देश दिये थे मगर उनके आदेश का कोई असर नही हुआ है। कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिये आशा बहू का कहना है कि आगनवाड़ी कार्यकर्त्री की जिम्मेदारी है आंगनवाडी कार्यकर्त्री का कहना है कि आशाबहू की जिम्मेदारी है इसी मामले को लेकर कुपोषित बच्चों का इलाज नहीं हो पा रहा है। हांलाकि इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों में कई बार बैठके हो चुकी हैं मगर आज तक कोई विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है। हालाकि सीएमओ एनआरसी के नोडल अधिकारी है इसलिये पिछले दिनो चित्रकूटधाम मंडल के कमिश्नर ने सीएमओ डा गीतम सिहं से जवाब तलब किया था कहा था कि एन्आरसी हमीरपुर की आक्यूपेंसी केवल 26 है जो बहुत ही कम है, मगर कमिश्नर की कार्रवाई का कोई असर नहीं हुआ है दो सप्ताह तक एनआरसी में कोई बच्चा भर्ती नहीं कराया गया था आज केवल एक बच्चा भर्ती हुआ है। डीपीओ शैलेंद्र सिंह का कहना है कि बच्चों को भर्ती कराने की जिम्मेदारी आशा बहू की है वही सीएमओ डा गीतम सिंह का कहना है कि उनका काम इलाज कराना है डीपीओ का काम है बच्चों को लाना है। आश्चर्य इस बात का है कि इतना संवेदनशील मामला होते हुये भी कोई विभाग इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

# सिजनौडा बजरंग आश्रम के महंत ब्रह्मलीन, अंतिम दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मौदहा नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर कपसा मार्ग पर सिजनौडा बजरंग आश्रम के महंत बजरंग दास के ब्रह्मलीन होने की खबर सुनकर उनके अंतिम दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर बाद मंदिर परिसर में ही उन्हें समाधि दी गयी है। अचानक हुई इस घटना से उनके शिष्यों सहित क्षेत्र के जनमानस में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार की शाम



अचानक महंत बजरंग दास की तबीयत बिगड़ी और उन्हें आनन.फानन में मौदहा सीएचसी पहुंचाया गया जहां से डाक्टरों ने सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर कर दिया था। हमीरपुर सदर अस्पताल में उन्होंने मंगलवार को सुबह लगभग चार बजे अंतिम सांस ली है।यह खबर मिलते ही उनके शिष्यों और आश्रम के श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में चित्रकूट सहित आसपास के धार्मिक स्थलों के संत महंत और क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ आश्रम में एकत्रित हो गई। दोपहर बाद मंदिर परिसर में ही उन्हें समाधि दी गई है। बताया जाता है कि स्वामी बजरंग दास बाल्यावस्था में ही इस आश्रम में आ गए थे और उन्होंने यहां भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण श्रद्धालुओं और अपने शिष्यों के सहयोग से कराया है। इतना ही नहीं शिव मंदिर का भव्य निर्माण भी उन्होंने प्रारंभ कराया था जिसके लिए बाकायदा मैटेरियल भी एकत्र हो गया था लेकिन अचानक उन्होंने शरीर छोड़ दिया है।गौ पालन और वृक्षारोपण के साथ ही आश्रम में हमेशा धार्मिक आयोजनों का होना तथा वर्ष में भव्य भंडारा कराना महंत जी की विशेषता थी।

# टीम ने ओवरलोड वाहनों को पकड़कर 1.85 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

राठ(हमीरपुर)। कस्बे के अम्बेडकर चौराहे के पास से एआरटीओ हमीरपुर उपजिलाधिकारी सहित नायब तहसीलदार ने सोमवार रात अवैध परिवहन कर रहे बालू के तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर जुर्माना वसूल किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे एआरटीओ हमीरपुर अमिताभ राय उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह की टीम ने कस्बे के अम्बेडकर चौराहे के पास से अवैध परिवहन कर हमीरपुर की ओर जा रहे मौरंग से भरे 3 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया। जांच के दौरान चालक पूरे दस्तावेज नहीं दिखा सके। इस दौरान टीम ने 1 लाख 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन व अवैध परिवहन सम्बन्धी सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र ही कार्रवाई की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित को पकड़ा




**पनवाड़ी, महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी गुलाब त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 321/24 धारा 65(1)/351(3)/333 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र उदय चन्द्र रैकवार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम उल्दन थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को निसवारा तिराहा कस्बा व थाना पनवाडी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ पनवाड़ी गुलाब त्रिपाठी, उ.नि. पवन गौड, कां. देवेन्द्र राजपूत शामिल रहे।

### चोर लाखों की नकदी व सामान चुरा ले गये, घटना का खुलासा न होने से लोगो में नाराजगी



**राठ(हमीरपुर)।** सोमवार की चोरों ने एक सूने घर में घुसकर 4.80 लाख रुपए की नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए के जेवरात पार कर दिए हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी हरी कुशवाहा पुत्र बंटे लाल ने बताया कि सोमवार की सुबह वह परिवार के साथ कोतवाली के धनौरी गांव निवासी साली सुनीता के पुत्र नीलेश की शादी में गया था। शाम करीब सात बजे वह दोबारा घर में कपड़े पहने आया और नौ बजे रात्रि में चला गया। बताया कि वह सोमवार की रात्रि एक बजे शादी से घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ था। कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। सोमवार को भी चोरों ने कस्बे मुगलपुरा बबलू अहिरवार के यहां से गृहस्थी का सामान व दस हजार रुपए कोतवाली के बहपुर गांव निवासी नर्मदा राजपूत के यहां से बीस हजार रुपए चोरी हो गए थे। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### पुलिस की निष्क्रियता व चोरों की सक्रियता से चोरी की घटनाएं बढ़ी, ग्रामीणों में रोष

**मौदहा हमीरपुर।** बकरी चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं लेकिन ऐसे अज्ञात चोरों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। मांचा गाव में चोरो ने सात बकरिया चोरी कर ली। गांव के जुम्मन ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर की रात जब वह अपने परिवार सहित घर के अंदर सो रहा था तभी अज्ञात चोर उसके घर में बंधी 7 बकरियों को ले गए। जब वह सुबह जगा तो घर में बकरियां नहीं थी तभी वह कोतवाली पुलिस को तहरीर देने आया है और तहरीर के माध्यम से अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहा है। क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता तथा चोरों की सक्रियता से दिन प्रतिदिन रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले में सूनसान जगह पाकर अज्ञात चोर बकरी चोरी करने से बाज़ नहीं आ रहे हैं जिससे अब बकरी पालन करने वाले किसानों तथा मजदूरों के सामने विकराल समस्या परेशानी का सबब बनी हुई है। हालांकि इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और जांच पड़ताल की जा रही है।

### हत्यारा पति गिरफ्तार, निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद



**महोबा।** थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला सत्तीपुरा से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला का शव उसके घर में मिला हुआ है। इस सूचना पर तत्काल ही पुलिस के उच्चाधिकारीगण मय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची व घटना स्थल का मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य संकलन की र्यवाही की गयी। इस दौरान प्रारम्भिक रूप से तथ्य प्रकाश में आया कि दिनांक 07 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को पति–पत्नी के मध्य विवाद हुआ था, जिस कारण पति ने पत्नि की हत्या कर दी व दरवाजा बन्द कर घर से फरार हो गया। इस सन्दर्भ में परिजनों द्वारा प्रदान की गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु.अ.स 639/24 धारा 103(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी अपराध निरीक्षक बलवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज अपनी ही पत्नी की हत्या करने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग के नामजद हत्यारोपी पति अभियुक्त महेन्द्र पुत्र बद्री उम्र 32 वर्ष निवासी इमिलिया थाना चरखारी जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के मोहल्ला शक्तिनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, इस दौरान अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लकड़ी का चारपाई का पाया को बरामद कर जेल भेज दिया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राठ(हमीरपुर)।** जनपद जालौन के थाना आटा अंतर्गत अकबरपुर इटौरा गांव निवासी नीरज पुत्र राजेन्द्र ने बताया कि 23 नवंबर को उसके पिता 52 वर्षीय राजेन्द्र मां श्यामवती को बाइक से लेकर लोदीपुर निवादा एक शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी बिवार रोड जलालपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई थी। मां गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। मृतक के पुत्र ने ट्रक चालक काशीराम सैनी निवासी खनौट थाना जलालपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# वालीबॉल फाइनल में निजामी स्पोर्ट्स मौदहा बना विजेता

खेल महोत्सव

- बरौर, कानपुर देहात को हराया, विजेता टीम को नकद तीस हजार का इनाम मिला

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे चरण में अन्तर्राज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सोमवार को दो सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला निजामी स्पोर्ट्स मौदहा तथा बरौर, कानपुर देहात की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने फाइनल मुकाबला जीतकर वालीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता तथा उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं कमेटी द्वारा पुरस्कृत कर नकद राशि प्रदान की गई। खेल महोत्सव के दूसरे चरण में निजामी स्पोर्ट्स मौदहा की टीम ने क्रमशः शुरुआती तीन सेट 25.19, 28.26, 25.22 के अंतराल से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में परछा तथा बरौर की टीमों के मध्य बेस्ट ऑफ थ्री का मुकाबला खेला गया जिसमें पहला सेट बरौर ने परछा को 25.21, दूसरा सेट परछा ने बरौर को 25.18 से तथा तीसरा सेट बरौर ने परछा को 25.22 के अंतराल से हराकर फाइनल में जगह बना ली। वहीं फाइनल मुकाबले में पहुंची निजामी स्पोर्ट्स मौदहा तथा बरौर की टीमों के मध्य बेस्ट ऑफ थ्री का मुकाबला खेला गया जिसमें निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने बरौर की टीम को शुरुआती दो सेट 25.19 तथा 25.18 के अंतराल से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबला संपन्न होने के बाद मुख्य अतिथि अकिल भाई एवं निजामी स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र तथा अन्य पुरस्कार सहित नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अमित सचान पौथिया तथा इरफान खान परछा ने जोशीले अंदाज में कमेंट्री कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया तो वहीं निर्णायक की भूमिका सईद खान तथा हमीद खान ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाहए मुशर्रफ कमाल, नौशाद संजरी, अख्तर मास्टर,परवेज दिवानजी, गुड्डू दुबई, शिबली, शरजील, शराफ़त कमाल सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कूटी सवार महिला लेखपाल को बाइकसवार युवक ने मारी टक्कर, भर्ती

**महोबा।** शहर कोतवाली इलाके के कानपुर –सागर हाइवे –86 पर बेकाबू बाइक सवार युवक ने ड्यूटी पर तैनात स्कूटी सवार महिला लेखपाल को जोरदार टक्कर मार दी । इस सड़क हादसे में लेखपाल के घायल होने पर एसडीएम सदर द्वारा आनन फानन में मौके पर लेखपाल को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी बाइकसवार युवक मौके से फरार हो गया है। महोबा सदर तहसील क्षेत्र के करहरा कला गांव में तैनात महिला लेखपाल रश्मि सरकारी कार्य से जा रही थी। तभी पीछे से बाइक सवार युवक ने स्कूटी सवार महिला लेखपाल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते लेखपाल रश्मि घायल होकर जमीन पर गिर गई है। इस हादसे की सूचना मिलते ही लोगों ने तत्काल मोके पर पहुंचकर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ।

# सहायक विकास अधिकारी कार्यालय में विश्व शौचालय दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

चरखारी विकासखंड के पंचायत सभागार चरखारी में विश्व शौचालय दिवस एवं मानवाधिकार दिवस पर एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम मनाया गया।

एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी ने बताया कि 19 नवंबर से 10 दिसम्बर के बीच चलने वाले अभियान के अंतर्गत आज विकासखण्ड में विश्व शौचालय दिवस का कार्यक्रम मनाया गया किया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया है और इसका उद्देश्य विश्व में शौचालय की सुविधा की कमी के बारे में ग्रामीणों को



जागरूकता बढ़ाना है। पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, ग्राम सेवन समूह संगठन एवं सफाई कर्मचारी को शौचालय निर्माण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया- शौचालय की सुविधा की कमी के बारे में जागरूकता बढ़ाना- स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना- शौचालय निर्माण और स्वच्छता के प्रति सरकार और संगठनों को प्रेरित करना। ब्लाक खण्ड प्रेरक अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि विश्व शौचालय दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है जो शौचालय की सुविधा की कमी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। ग्राम प्रधान गौरहारी खलक सिंह, वसौठ प्रधान ज्ञान चंद्र ने मानव अधिकार दिवस पर मौलिक अधिकार एवं शौचालय सुविधा महिलाओं को निजात दिलाने के अधिकार से जोड़ता हैं । इस मौके पर इमिलिया डांग प्रधान मान सिंह कुशवाहा, गोरखा प्रधान बालकिशन, लुहारी भान सिंह, रघुवीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में राहगीर बुजुर्ग की मौत, दो अन्य घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

- शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी तिराहा के पास हुई दुर्धटना

तेज रफ्तार बोलेरो कार ने अनियंत्रित होकर ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा सहित राहगीर दो बुजुर्गों को टक्कर मार दी हादसे में एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ट्यूशन जा रही छात्रा सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने एक बुजुर्ग को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

दरअसल घटना शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी तिराहा के पास की है जहाँ सुभाष नगर इलाके के रहने वाले 65 वर्षीय बैजनाथ अपने पड़ोसी 60 वर्षीय दुर्गादीन राजपूत के साथ टहलने निकले थे तभी पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार ने अनियंत्रित होकर दोनों बुजुर्गो को टक्कर मार दी। ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा भी बोलेरो कार की चपेट में आकर चुटहिल हो गई। तीनों घायलों को राहगीरों द्वारा आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया। जहां तैनात डॉक्टर ने बैजनाथ यादव को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि दुर्गादीन राजपूत को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया है। छात्रा को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुजुर्ग की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज हादसे का सबब बनी बोलेरो कार को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे ने बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पी डब्लू डी सर्किट हाउस के पास एक बोलेरो गाड़ी के चालक द्वारा लापरवाही से पैदल जा रहे 2 व्यक्तियों को टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज चल रहा है। कार की पहचान हो चुकी है।

# कुलपहाड़ पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा


**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह, विनय प्रताप सिंह व कौशल प्रताप के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्त इन्द्रेश नायक पुत्र लखन नायक उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भदरवारा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा व देशराज प्रजापति उर्फ झुन्ना पुत्र मातादीन उर्फ मतईया उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम भदरवारा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिनके कब्जे से एक-एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मुअसं 377/2024 व मुअसं 378/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

- राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रधान कार्यालय लखनऊ में पत्रकारों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लखनऊ कार्यालय पर प्रदेश स्तरीय हुई बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सहभागिता की आए हुए सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी ने अपने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर चिंता जताते हुए कहा की जिसे हम लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है आए



दिन पत्रकारों के साथ घटनाएं घटती रहती हैं पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर सच्चाई को लिखता है उसे कोई भी दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन उसका विरोध करता आया है आगे भी करता रहेगा उन्होंने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश में पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करना न्यायहित में है जिससे की पत्रकार सुरक्षित रहकर अपनी कलम से खबर लिख सके और समाज की आवाज को बुलंद कर सके मिश्रा ने कहा पत्रकारों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है हमारा संगठन पत्रकारों की सेवा करता रहता है। हमारा संगठन पत्रकारों के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ संतोष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा जब तक पत्रकार सुरक्षा बिल लागू नहीं होगा तब तक हमारा संगठन हर संभव प्रयास करेगा। प्रदेश संरक्षक निर्मल कुमार अस्थाना ने कहा सभी पत्रकार एकजुट होकर संगठन को मजबूत करते हुए आने वाले आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में अपनी अग्रिम भूमिका निभाएं। बलराम कृष्णा पांडे ने अपने संबोधन में कहा जिसे हम लोग तंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है वहीं पर प्रदेश सचिव अनिल कुमार अग्निहोत्री ने कहा अपने पत्रकार साथियों की हर संभव मदद की जाएगी। प्रदेश महासचिव कुमार राजेंद्र सिंह ने कहा संगठन एक परिवार की तरह है सभी लोग संगठित होकर कार्य करें साथ ही विगत वर्षो की भांति नव वर्ष में होने वाले संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पत्रकार सम्मान समारोह पर चर्चा करते हुए कहा इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश सहित हर राज्य से पत्रकार आएंगे और सभी सम्मानित पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# जहां चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उसमें लाएं तेजी : डीएम

**अधिकारी सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायतों में चारागाह तालाब व सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उस पर कार्रवाई कर कराएं खाली**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उसमें तेजी लाई जाए। जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है उन गांवों में अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि ग्रामपंचायतों में चारागाह, तालाब व अन्य प्रकार की सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उसपर कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को खाली कराया जाए। जहाँ पर चकबंदी प्रक्रिया का विरोध है उसके कारणों का पता लगाकर विरोध को दूर कराया जाए और अधूरी चकबंदी प्रक्रिया को अविलंब पूरा किया जाए। यदि कोई बेवजह चकबंदी प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। ग्राम प्रधानों की यह प्रशासनिक जिम्मेदारी है कि वह चकबंदी के कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने में सहयोग करें। इस अवसर पर एडीएम श्री इन्द्रसेन, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी संजय विश्वास, चकबन्दी अधिकारीगण, शिव नारायण गुप्ता, राकेश सिंह, सुरेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सहायक चकबंदी अधिकारीगण, प्रदीप कुमार चौधरी, आदित्य नारायण झा, नमिता श्रीवास्तव, हर्ष सिंह सूर्यनारायण यादव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घर मे अकेली पाकर महिला से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** घर में अकेली देख एक महिला को धमकाकर किया मुंह काला जान से मारने की धमकी के साथ उसका विडियो वायरल करने की बात कहकर पीड़ित को दबंग ने धमकाया, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर के एक मोहल्ले की एक पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि शाम 05.00 बजे घर पर अकेली थी, तभी मोहल्ले के महफूज आलम पुत्र मो0 हारून घर में घुस आये और आते ही कहने लगे की अगर तुम आज हमारी बात नहीं मानोगी तो जिस तरह से हमने तुम्हारे भाई को मार डाला है उस तरह से तुम्हें भी मार देंगे, पीड़िता का मुंह दबा दिया व चाकू की नोक पर जबरदस्ती बलात्कार किया बलात्कार करने के बाद महफूज आलम भाग गया, महफूज आलम ने पीड़ित को धमकाया कि कहीं मुंह खोला तो वीडियो वायरल कर दूंगा, पीडित थाना-जैदपुर गयी, दरोगा जी को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन दरोगा ने पीडित महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं किया।

# सैनिकों ने दी भारतवासियों को सुरक्षा की गारंटी : आर साईं

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**कौशल किशोर समेत कई विभूतियां हुईं सम्मानित, याद किए गए शहीद शंकर दयाल बाजपेयी**

आज देश का हर नागरिक अथवा देश सुरक्षित है तो इसका प्रमुख श्रेय भारतीय जवानों को है। जान की बाजी लगाकर देश की सरहदों की सुरक्षा करने वाले हर जवान हर जगह सम्मान होना चाहिए। शहीद दिवस जैसे आयोजन ऐसी प्रेरणा देते हैं। उक्त बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर आर जगत साई ने अपने संबोधन में कही। मुख्य आयुक्त खाद्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केवल एक दिन श्रद्धांजलि देने से काम नहीं चलेगा,बल्कि अमर शहीद बाजपेई की खूबियों को भी अपने जीवन में उतारना होगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सभासद व व्यापारी नेता रोहिताश्व दीक्षित ने अपने उद्बोधन में अमर शहीद स्व शंकर दयाल बाजपेई के जीवन परिचय से लेकर उनके सेवाकाल तथा 10 दिसम्बर 1987 को शहीद दिवस तक का ब्योरा विस्तार से बताया। पूर्व विधायक शिवकरन सिंह की अध्यक्षता व हुमायूं नईम खां के संचालन में हुए इस शहीद दिवस मैंथ के विशेषज्ञ रहे यू.सी चतुर्वेदी, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट, डी.जी.सी सिविल राम लखन शुक्ला, डा पंकज जायसवाल, राजेश तिवारी, सुमंत चतुर्वेदी, रत्नेश कुमार गौतम, गजाली नोमानी, प्रमिला श्रीवास्तव, शाहीन अख्तर, रितेश सिंह नंदन एडवोकेट को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

छात्र छात्राओं में अंशिका अग्रवाल, अंश अग्रवाल, कीर्ति मौर्या, अरभ्या दीक्षित, दीपांशी, निधि, आलोक, शौर्य मिश्रा, विवेक कश्यप, ऋषभ चौधरी, देवांश जैन को भी संयोजक द्वारा सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जिला बार एसो के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन, सर्वेश बाजपेई, देवी प्रसाद बाजपेई, विनय बाजपेई, रवि बाजपेई, संजय वर्मा, अंकुर जैन, सरफराज वारसी, नितिन श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, रवि रंजन श्रीवास्तव, अरुण त्रिपाठी, निशात अहमद एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मदद के बहाने जालसाज ने बदला एटीएम, लगाई हजारों की चपत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**पीड़ित की शिकायत पर पुलिस कर रही मामले की छानबीन**

मदद के बहाने ठग ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करते हुए युवक के खाते से 47 हजार 600 रुपए निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सुबेहा थाना अंतर्गत जमीन हुसैनाबाद गांव निवासी अंसार अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 9 दिसम्बर को हैदरगढ़ आया हुआ था तभी अचानक पैसे की जरूरत पड़ने पर वह हैदरगढ़ सुबेहा तिराहे पर स्थित सेंट्रल बैंक के समीप लगे एटीएम से पैसा निकालने पहुंचा, तभी वहां पर पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने उससे एटीएम कार्ड ले लिया और मशीन में लगाने के बाद नेटवर्क काम न करने की बात कहकर वापस कर दिया। लेकिन कुछ देर बाद ही पीड़ित के मोबाइल फोन पर खाते से पैसा कटने का मैसेज आते ही उसके होश उड़ गए आनन फ़ानन में मामले की जानकारी देने के लिए जब तक वह सुबेहा स्थित बैंक शाखा तक पहुंचता तब तक उसके खाते से 47 हजार 600 निकल चुके थे। धोखाधड़ी के शिकार युवक ने बैंक प्रबंधन को मामले की जानकारी देने के बाद थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बेवजह छात्र को पीटने वाले शिक्षक निलंबित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सहायक अध्यापक अजय शर्मा को निलंबित कर सिद्धौर ब्लाक किया संबद्ध**

बेवजह छात्र को मारने पीटने, अभिभावक से साथ अभद्र व्यवहार करने, अनुशासनहीनता व दायित्व का सही से निर्वाहन न करने के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट में पुष्टि होने के बाद जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी ने ब्लाक हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज में तैनात दोनों शिक्षको को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पहला मामला विकास क्षेत्र हैदरगढ़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरहुवा का है जहां पर तैनात शिक्षक अजय शर्मा ने कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रा महविश की पिटाई की थीं। इस मामले में बीते शनिवार को उसका भाई महताब पुत्र शकील निवासी पूरे दुर्जन शिकायत लेकर विद्यालय आया हुआ था जहां पर अजय शर्मा से हुई कहासुनीके दौरान आवेश में आकर शिक्षक अजय शर्मा चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ पड़े थे। प्रधानाध्यापक राधेश्याम ने बीच बराव करने का प्रयास किया अन्यथा बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। फिलहाल इस घटना का वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस ने सुसगंत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक अजय शर्मा को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई थी।

दूसरा मामला त्रिवेदीगंज ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय शिवनाम का है जहा पर तैनात शिक्षिका रितु देवी ने कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र रजत की बेवजह पिटाई कर दी थी और परिजनों से न बताने की धमकी देकर उसे डराया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज से जांच कराई।

खंड शिक्षा अधिकारी की जांच के बाद मामला सही पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने ब्लाक हैदरगढ़ टिकरहुवा में तैनात सहायक अध्यापक अजय शर्मा को निलंबित कर सिद्धौर ब्लाक से संबद्ध कर दिया गया है वही त्रिवेदीगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय शिवनाम में तैनात शिक्षिका रितु देवी को निलंबित कर त्रिवेदीगंज ब्लाक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की इस बड़ी कार्यवाही से अन्य शिक्षको में हड़कंप का माहौल है।

# हर घर नल से जल की आपूर्ति के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

त्रिवेदीगंज सभागार में हर घर नल, हर घर जल ग्रामीण पेयजल योजना में टंकी द्वारा आपूर्ति एवं गांव में कार्य की गुणवत्ता के आधार पर ही ग्राम पंचायत को हैण्ड ओवर प्रकिया हेतु प्रशिक्षित करने के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर जितेंद्र पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पानी की बर्बादी को रोकने पर बल दिया गया है। राज्य प्रशिक्षण जल जीवन मिशन पंचायती जितेंद्र पाण्डेय और कंसल्टिंग इंजीनियर सोनू वर्मा ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायकों और समूह की महिलाओं को गांव में बनाई गई पानी की टंकियां के हैंड ओवर एवं कुशल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत ऋषि पाल सिंह ने बताया कि गांव वालों को शुद्ध पेयजल के लिए केन्द्र सरकार की वृहद स्कीम संचालित कराने की तैयारी चल रही है। इस मौके पर रौनी आशु वर्मा , अंधरूति वर्मा पंचायत सहायिका , मीरा सिंह समूह सखी, त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला पंचायत सहायिका रेनू यादव,शुम्भा से समूह सखी उर्मिला सराय पांडेय पंचायत सहायिका प्रीति वर्मा मौजूद रही।

## मारुति वैन मे लगी आग, दुकान के अन्दर कर रहे थे स्टार्ट

**फतेहपुर, बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा फतेहपुर में मंगलवार की सुबह दुकान के अन्दर खड़ी वैन में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा फतेहपुर में आजाद इंटर कालेज के सामने दुकान में मंगलवार की सुबह मोहम्मद एजाज खड़ी वैन को स्टार्ट करने के लिए जैसे ही चाबी घुमाई अचानक से आग लग गई और वैन धू-धू कर जलने लगी मोहम्मद एजाज ने किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वहीं के स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना के समय दुकान के अन्दर गैस रिफिलिंग का काम हो रहा था जिससे दुर्घटना को गैस रिफिलिंग की प्रक्रिया का कारण माना जा रहा है कोतवाल धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच जारी है और उचित कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार तेज

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन पर जनपद न्यायाधीशध्जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा उसमें अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पीएलवीध्अधिकार मित्र द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है। इसके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में लोगों को जानकारी भी दी गयी। मालूम हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए अदालत में दीवानी फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ साथ प्री.लिटिगेशन ;मुकदमा दायर करने से पूर्व वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जाएगा।

### गाली-गलौज करने पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** क्रिकेट खेलते समय गांव के बाहर मैदान में गंदी गंदी गालियां देते हुये लात घूसों से मारा पीटा । जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताते चलें कि सोनू रावत पुत्र अवधराम ग्राम गढीराखमऊ थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि 9 दिसम्बर को गाँव के बाहर मैदान में क्रिकेट खेल रहा था समय करीब 10.30 बजे सुबह गाँव के ही पिन्टू चौहान पुत्र बाबादीन व उनका एक अन्य आई व माँ तथा बहन ने प्रार्थी को जातिसूचक गालिया देते हुए लाल धूर्मा व डन्डो से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जैदपुर बाराबंकी।** सतांवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से 22 वर्षीय युवक का लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। आपको बता दे कि पुरा मामला थाना जैदपुर क्षेत्र के अंतर्गत रहीमाबाद सतावां गांव का है जहां के निवासी धर्मराज पुत्र शोभाराम उम्र लगभग 22 वर्ष का अपने खेत के पास आम के पेड़ से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो इसकी सूचना जैदपुर पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध मे थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के दनापुर शुक्ल गांव में घर के अंदर कमरे में छत के हुक से संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से विवाहिता का शव लटकता मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली बदोसराय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। दनापुर शुक्ल गांव की रहने वाली रूबी चौहान उम्र करीब 26 ने गांव के ही मनीष यादव से करीब तीन वर्ष पहले शादी किया था जिससे करीब 1 वर्ष बेटी तान्या है।मंगलवार को रूबी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। जानकारी के अनुसार घर के सभी लोग खेत चले गए सुबह करीब 9 बजे महिला का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। जिसकी सूचना कोतवाली बदोसराय पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही महिला के मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराली जनों पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों में चर्चा है कि काफी दिनों से पारिवारिक कलह घर में बनी रहती थी। आए दिन पति-पत्नी में विवाद हुआ करता था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लें उपभोक्ता : अवर अभियंता

**सूरतगंज बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस) 24-25 योजना को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी गांव-गांव पहुंचकर उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी दे रहे हैं और उपभोक्ताओं से प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 तक दिसंबर द्वितीय चरण 1 जनवरी 15 तक तृतीय चरण 16 जनवरी 31 तक बकाया बिल जमा करने के लिए अपील कर रहे हैं। सूरतगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव,टीजीटू मोहम्मद अलीम इरशाद, प्रदीप प्रजापति, मंगल वर्मा ,निरंकार यादव,आदि विद्युत विभाग के कर्मियों ने भारतीय किसान संगठन के किसान नेता अभिषेक बाजपेई और उनके साथियों को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई योजना ओटीएस में ज्यादा से ज्यादा किसानों का बकाया जमा करने के लिए किसानों आप लोग भी प्रेरित करें जिससे किसान एक मुफ्त समाधान (ओटीएस) योजना का लाभ ले सके।

विद्युत विभाग के कर्मचारी लाउडस्पीकर से गांव-गांव में पहुंचकर ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस संबंध में अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 15 दिसम्बर से सरकार के द्वारा ओटीएस योजना शुरू की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट दी जा रही है क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना बकाया बिल ओटीएस योजना का लाभ लेकर जमा कर दें। उपभोक्ता जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए।

## छात्राओं को दी गई अधिकारों की जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सर्व हितोन्मुख समाज सेवा समिति के द्वारा नगर के सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज परिसर में मानवाधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को उनके हक व सम्मान के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया। मंगलवार को आयोजित जागरूकता शिविर में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने छात्रों को जागरुक करते हुए बताया कि भारत सरकार ने महिलाओं को कई अधिकार दिए हैं। जैसे कि समान मेंहनताना का अधिकार। गरिमा और शालीनता का अधिकार। दफ्तर या कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार। पहचान जाहिर नहीं करने का अधिकार। मुफ्त कानूनी मदद का अधिकार। पुलिस रात्रि में महिला को नहीं कर सकती गिरफ्तार, वर्चुअल शिकायत दर्ज करने का अधिकार अशोभनीय भाषा का नहीं कर सकते इस्तेमाल महिला का पीछा नहीं कर सकते।

# 206 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह, छह का निकाह

**कार्यक्रम बैजनाथ रावत, अध्यक्ष अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आयोग उप्र की अध्यक्षता में हुआ आयोजित**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 206 हिन्दू तथा 06 मुस्लिम, कुल 212 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम बैजनाथ रावत, अध्यक्ष अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजरानी रावत अध्यक्ष जिला पंचायत, अंगद सिंह सदस्य विधान परिषद तथा दिनेश रावत विधायक हैदरगढ़ उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त अन्ना सुदन मुख्य विकास अधिकारी, सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। हिन्दू जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार बाराबंकी तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुफ्ती अख्तर इमाम जामा मस्जिद बाराबंकी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# सार्वजनिक जगह पर उपयोग कर रहे तंबाकू पदार्थ, वसूला जुर्माना




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शहर स्थित रोडवेज बस अड्डा व कलेक्ट्रेट के आस-पास मंगलवार को जिले की राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण टीम ने कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान कर रहे दर्जनों व्यक्तियों को जुर्माना किया गया। साथ ही ऐसे लोगों को तंबाकू, गुटका, बीड़ी, सिगरेट व अन्य धूम्रपान के सेवन से हो रही बीमारियों के विषय में भी अवगत कराया गया।

इसके अतरिक्त तंबाकू पदार्थ को छोड़ने के लिए जिला पुरुष चिकित्सालय में चल रहे तंबाकू उन्मूलन केंद्र के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। बताया कि केंद्र पर साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार द्वारा धूम्रपान छोड़ने के लिए लोगों की काउंसलिंग व निकोटेक्स चिंगम दिए जाते है। जिसकी मद्त से आप धूम्रपान छोड़ सकते है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से सोशल वर्कर राकेश कुमार, डीईओ तेजप्रकाश वर्मा व सब इंस्पेक्टर कमलाकर सिंह मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉक्टर इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस के निर्देशानुसार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की तरफ से एडवोकेट गुलज़ार बानो तथा उनकी टीम द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की है। ज्ञापन में गुलज़ार बानों ने कहा इस्लाम अमर और शांति का धर्म है हमारे नबीये करीब सल्लल्लाहो वालयवसललम ने फरमाया की अमन और शांति का संदेश देना ही इस्लाम धर्म है ना की कट्टरता का इसी क्रम में उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में जो अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है उसकी हम सब घोर निंदा करते हैं और सरकार से यह मांग करते हैं कि जल्द से जल्द ये जो हिंदू भाइयों पर अत्याचार हो रहे हैं वह रोका जाए और उन्हें अमन और चैन से रहने दिया जाए वरना मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एक बहुत बड़ा विशाल सम्मेलन करेगा और अपने अल्पसंख्यक हिंदू भाइयों की मदद करने के लिए सड़कों पर उतर आएगा।




# मानवाधिकार दिवस पर लगा साक्षरता शिविर

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/ कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर मंगलवार को दर्शन नगर, सूरजकुंड,परिक्रमा मार्ग पर ''मानवाधिकार दिवस'' पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का आयोजन पीएलवी/ अधिकार मित्र जय प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए इस तिथि का चयन किया गया था।मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना चार दिसंबर 1950 को महासभा की 317वीं बैठक में हुई। प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार दिवस मनाने का एक थीम निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष 2024 में मानवाधिकार दिवस का थीम है ''हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी'' है।यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। यह नफरत, गलत सूचना और झूठ के खिलाफ आवाज उठाने की याद दिलाता है। संयुक्त राष्ट्र इस बात पर जोर देता है कि अब कार्रवाई करने और मानवाधिकारों के लिए वैश्विक आंदोलन को पुनर्जीवित करने का समय आ गया है। मानवाधिकार दिवस के इतिहास की बात करें तो इसकी आधिकारिक स्थापना 1950 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 10 दिसंबर, 1940 को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाने के सम्मान में इस तिथि को चुना गया था,जिसका उद्देश्य भविष्य में होने वाले अत्याचारों को रोकना और मानवीय गरिमा की रक्षा करना था। मानवाधिकार दिवस हर साल मानवाधिकारों से संबंधित चल रहे संघर्षों,जैसे भेदभाव,असमानता और उत्पीड़न के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।



## सामुदायिक शौचालय के केयर टेकरों को सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने किया सम्मानित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** विश्व शौचालय दिवस के कार्यक्रम के समापन पर सामुदायिक शौचालय केयर टेकरों एव प्रधानों को सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने मरकामऊ ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता,ग्राम पंचायत चैला जय मां दुर्गे समूह की सीमा सिंह सिरौलीगौसपुर बाबा सहाब समूह की सोनम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडीओ पंचायत ने बताया कि अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों व अच्छे ग्राम पंचायत के 5 व्यक्तिगत शौचलय लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। सभी केयरटेकरों को समय से शौचायलयों को खोलने और बंद साथ ही शौचालय में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।शौचालय का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को कोई समस्या न हो।

# दो मुट्ठी चावल के बदले सिंहासन देने वाला मनुष्य नहीं हो सकता है : आचार्य विनय शास्त्री

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



व्यक्ति की परिस्थितियां खराब हो तो अपने ही नहीं पूरा जगत मुह फेर लेता है। परंतु भाव भरे सुदामा के लिये गये दो मुट्ठी चावल के बदले तीनों लोक प्रदान करने वाला कोई मनुष्य नहीं, भगवान् ही हो सकता है। द्वारिकाधीश ने गरीब सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठा कर उनके चरण धोने लगे। उक्त बातें पंडित आचार्य विनय शास्त्री ने कही। वह घघसरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 परशुराम नगर के ग्राम पनिका में श्रीमद् भागवत व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कर रहे थे। उनके भावपूर्ण कथा वर्णन ने सबको अपनी ओर आकर्षित ही नहीं किया सभी की आंखें नम हो गयीं। निर्धन मित्र को सभी के सामने बार-बार गले से लगाते हुए इतना स्नेह किया कि आकाश से देखकर देवता फूल बरसने लगे। उनके जय-जयकारों से पूरा जग मंडल गूंज मन हो गया। जन्मोत्सव मनाया और सभी भक्तों को मिठाई बांटी। जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान हो रहा था। उक्त अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति में- नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे व उनकी धर्मपत्नी कीर्ति दुबे,सहजनवा नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह, पूर्व प्रधान पूजा पांडेय व विनोद पांडेय, दुर्गावती देवी, भागीरथी चौधरी, परमेश्वर चौधरी, अर्जुन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अमरावती पांडेय, बलई बाबा, सुमित्रा गुप्ता, पवन, कन्हैया गुप्ता, जोखन, इंद्रेश चौधरी, सुभान अली, इबादत अली,छोटे पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद थे।





# ट्रॉजीशनल एवं ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन की दी गयी शिक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डॉ. नवनीत गुप्ता को सम्मानित करतीं प्राचार्या



छात्राओं को सुरक्षा के बारे में जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चल रहें 2024 बैच के ट्रॉजीशनल एवं ओरिएन्टेशन प्रोग्रम के आठवें दिन लिंजीगंज के चिकित्साधिकारी डॉ. नवनीत गुप्ता ने बच्चों को स्वस्थ रहने के नियम और चिकित्सा करने के नियम समझायें। उन्होनें छात्रों को जल्दी निराश न होने के लिये समझाया। उनका धन्यवाद डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने देते हुए कहां कि आज हम बहुत भाग्यशाली हैं, क्योंकि हमारे बीच डॉ. नवनीत गुप्ता ने अपना कीमती समय दिया।

डॉ. नवनीत गुप्ता को कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. संकल्प सिंह जो कि कॉलेज के चीफ प्राक्टर है उन्होनें छात्र/छात्राओं को अनुशासन में रहने का तरीका बताया और बच्चों को समय का सदुपयोग करने को कहा। इसके बाद डॉ. अभिराम भारत ने ''ड्रीम बिल्डिंग एण्ड गोल सेटिंग्स'' कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएएमएस एवं पीजी छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन के माध्यम से लक्ष्य निश्चित कर उसको पाने के लिये कठिन परिश्रम करना आवश्यक है ऐसा बताया। डॉ. अभिराम ठाकुर जो कि उड़ीसा के एसएसएन आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड इन्सटीट्यट के शल्य विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष है। उन्होंने छात्र/छात्राओं को सफलता के लिये ईमानदारी से परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना बताया। उनका परिचय कार्यक्रम से पहले डॉ. मधुरंजन ने दिया और धन्यवाद पीजी डीन डॉ. निरंजन एस. ने दिया। लंच के बाद सेफ्टी प्रोग्राम के तहत पुलिस विभाग से मिस्टर अजय, मिस्टर सुरेश और विमलेश ने छात्र/छात्राओं को सुरक्षा के नियम बताये। विमलेश ने छात्राओं का सम्बोधितकरते हुए कहा कि आप लोगों के डरने की जरूरत नहीं है पुलिस आपकी मदद करने में हमेशा रहती है। उन्होनें छात्रों को ''1090, 1930, 112 आदि फोन नम्बर बताये। जिन पर वो कॉल करके अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकता है। उनका धन्यवाद डॉ. निरंजन (पीजी डीन) ने मंच से किया। अन्त में मिस्टर अनिकेत अग्निहोत्री ने छात्र/छात्राओं को ''बेसिक कम्पूटर'' के विशय में कम्प्यूटर सम्बन्धी जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. शीलू, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. शिल्पा, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. पीयूष माधव, अनूप (प्रशासनिक अधिकारी), ध्रुव यादव आदि उपस्थित रहे।

# बाइक से युवक टकराया, आक्रोशित लोगों ने बाइक सवार को लाठी-डंडों से पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को लोहिया अस्पताल किया रेफर

शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम छिछोनापुर पट्टी निवासी नाजिम अपने चाचा हाशिम के साथ बाइक द्वारा किसी कार्य से मंगलवार को शमशाबाद आया था।

जहां थाना चौराहे से वापस जाते समय थाना क्षेत्र के ही गांव रमापुर जसू के निकट एक युवक बाइक से टकरा गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरोप है यहां आधा दर्जन लाठी-डंडों से लैस लोगों ने बाइक सवार को जमकर पीटा। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना बाइक सवार युवक के परिजनों को दी गई। जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल बाइक सवार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले गए। बताते हैं यहां चिकित्सक अलीम अंसारी ने घायल बाइक सवार युवक को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के संबंध में थाना पुलिस का कहना था घटना की सूचना नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# वर देखने जा रहे परिजनों को चकमा देकर युवती ने आशिक को दिये पांच लाख

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

> मामला पहुंचा थाने, दोनों पक्षों से पुलिस कर रही पूछताछ, आशिक हुआ फरार

युवती को लेकर वर की दिखायी करने जा रहे नाना व अन्य परिजनों को चकमा देकर युवती ने अपने आशिक को बुलाकर पांच लाख रुपये दे दिये। परिजनों को शक होने पर उसने युवती से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने पूरी घटना कबूल दी। फिलहाल मामला थाने पहुंच गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठे हुए थे। जब पुलिस ने उसके आशिक से संपर्क किया,तो वह 2,00,000/- रुपये लेने की बात कबूल रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जनपद कासगंज के थाना दरियागंज निवासी दिवाकर लाल पुत्र मेहताब ने थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि वह अपनी पुत्री व दामाद की मृत्यु हो जाने के बाद अनाथ हुई उसकी पुत्री के पालन पोषण का जिम्मा लिया था। पढ़ा लिखाकर उसकी शादी की तैयारियां में जुटे थे। बीते दिन वह अपने पैतृक गांव दरियागंज से उसकी देखी हुई ससुराल के लोगों को वर दिखाई के लिए युवती को साथ लेकर जा रहे थे, तभी दरियागंज स्थित एक पेट्रोल पंप पर गाड़ी रोककर पेट्रोल डलवाया। इसके बाद मसाला आदि खाने चले गये, तभी युवती ने मौका पाकर अपने आशिक कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मई हादीदादपुर निवासी बंटी पुत्र नरेश चंद्र को बुला लिया और जो रस्मअदायगी के लिए देने जा रहे 5,00,000/- जो गाड़ी में रखे थे को युवती ने अपने आशिक बंटी को दे दिये और वह वहां से पैसा लेकर फरार हो गया। जब गाड़ी में बैठे परिजनों को पैसा गायब होने की जानकारी हुई, तो लोगों ने युवती से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने कबूला कि उसने पैसा बंटी को दे दिया।

तब परिजनों ने बंटी का पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। जिसकी जानकारी कर सभी परिजन बंटी के कायमगंज थाना क्षेत्र के गांव मई हादीदादपुर आए। वहां से जानकारी मिली कि बंटी कहीं बाहर चला गया है। तब परिजनों ने बंटी के भाई का मोबाइल नंबर लेकर उससे बात की। तो वह पहले तो इधर उधर की बातों में परिजनों को उलझाये रहा। जब ज्यादा दबाव बनाया गया, तो वह थाने पहुंच गया। इधर युवती के परिजन भी थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को सारी बात बतायी। तब थानाध्यक्ष ने बंटी के भाई को थाने में बैठा लिया। परिजनों ने बताया की बंटी की बहन की ससुराल तथा उनके घर आमने-सामने था। वहीं से किसी तरह से युवती की उससे सेटिंग हो गई थी और वह तभी से बंटी को चाहने लगी थी और उसने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया।

वहीं थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने थाना कायमगंज में संपर्क साधा और मामले की जानकारी लेकर बंटी से फोन पर जानकारी की गई तो उसने बताया कि उसको 2,00,000/- का एक पैकेट मिला है, जबकि परिजनों के मुताबिक दो पैकेट में ढाई-ढाई लाख रुपए रखे हुए थे, लेकिन बंटी ने थाना पुलिस को 2,00,000 का पैकेट गांव के नजदीक रखे प्यार के बोझ में रखे होने की बात कही। जबकि परिजनों का आरोप है कि अभी 3,00,000/- बंटी नहीं कबूल रहा है। जिस पर थाना पुलिस दोनों पक्षों को थाने में बैठकर मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई थी। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में मौजूद थे।

# कैंप लगाकर लोगों का किया गया प्रकृति परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कैंप के दौरान मौजूद चिकित्सक

मंगलवार को भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक एवं ग्राम समाधान नगला में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर उनके प्रकृति की जानकारी ली एवं आयुर्वेद के नियमों का पालन किस तरह से दिनचर्या एवं ऋतु चर्चा का पालन कर स्वस्थ्य रहा जाये। इसके बारे में बताया।

कालेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित एवं प्रकृति परीक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने कैंप के लिए रवाना किया। इस कैंप को सफल बनाने में डॉ. विकास बाबू, डॉ. सुहेबा, डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. अरीब, डॉ. कविता शर्मा, मोहित, यस्वी, पारुल, किशन, स्वाती आदि छात्र-छात्रायें एवं शिक्षकगण एवं इन्टर्न मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी मामले में पांच पर दर्ज होगा मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धोखाधड़ी के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने थानाध्यक्ष कमालगंज को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। थाना कमालगंज के शेखपुर रूस्तमपुर निवासी गौरव दुबे पुत्र अखिलेश चन्द्र दुबे ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसकी जान पहचान कौशल किशोर पुत्र सन्तराम निवासी तलैया नगला, पोस्ट रजीपुर से थी। कौशल ने अपने मित्र शिवराम सिंह उर्फ शिवराम पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम फतेहपुर रावसाहब से मुझसे मुलाकात करायी। उसी समय शिवराम सिंह ने अपनी कृषि भूमि गाटा संख्या 206 रकवा 0.2280हे0 में अपना कुल 1/4 अंश व गाटा संख्या 246 रकवा 0.1180हें0 स्थित ग्राम फतेहपुर रावसाहब जिसके वह स्वामी, अध्यासीन थे को बेचने का प्रस्ताव रखा। कृषि भूमि उपजाऊ थी। जिसको देखकर मैंने सहमति जता दी। जमीन का सौदा तय कर लिया। शिवराम सिंह व साक्षी कौशल किशोर ने तहसील सदर में अपनी उपस्थिति में विक्रय अनुबन्ध पत्र तैयार कराया तथा मुझसे से प्रतिफल धनराशि मुवलिग 1,20,000 रूपया पूर्व में प्राप्त कर 17 फरवरी 2022 को प्रलेख पंजीकृत कर दिया। प्रलेख में दो वर्ष के अन्दर शेष धनराशि मुचलिन 30 हजार रूपया का भुगतान कर विक्रय पत्र निष्पादित करना/होना तय हुआ था। विक्रेता शिवराम सिंह व साक्षी कौशल किशोर की नियत में फेयर आ गया। दोनों लोगों ने षड्यन्त्र रचकर अनुचित रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से कूटकरण कर सुनियोजित ढंग से मेरे अनुबन्ध पत्र में लिखी उपरोक्त कृषि भूखण्ड का विक्रय पत्र केता विनय कुमार सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी कुतुबपुर बधार के पक्ष में 16 मई 2023 को निष्पादित कर बेच दी। इस षडयन्त्र में विक्रम राजपूत पुत्र महेश सिंह वर्मा व रमेश सिंह पुत्र पातीराम निवासीगण कुतुबपुर बधार भी शामिल रहे है। 29 सितम्बर को समय दोपहर 01 बजे उक्त शिवराम सिंह उर्फ शिवराम व कौशल किशोर मुझे तहसील सदर तिराहा थाना मऊदरवाजा के पास मिले, तब मैने अपने उपरोक्त धनराशि का तकादा किया तो उक्त लोग झगड़ा फसाद करने पर अमादा हो गये और जानमाल की धमकी दी। आरोपियों ने हेराफेरी कर मेरा रुपया हड़प लिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धनश्याम शुक्ल ने सुनवाई करते हुए थानाध्यक्ष कमालगंज को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# विद्युत कर्मियों ने डुगडुगी पिटवाकर एक मुश्त समाधान योजना के प्रति किया जागरुक

**नवाबगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



लोगों को जागरुक करते विद्युत कर्मचारी

विद्युत कर्मचारियों ने सरकार द्वारा विद्युत बिल एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस के तहत पहले आओ ज्यादा ब्याज में छूट पाओ के साथ डुगडुगी पिटवाकर कस्बे में लोगों को जागरूक किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने सरकार द्वारा चलाई गई विद्युत बिल एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस 2024-25 पहले आओ ज्यादा छूट पाओ, ब्याज में छूट पाने का अंतिम अवसर, ओटीएस में विद्युत बिल जमा न करने पर आरसी के माध्यम से वसूली भी की जाएगी। इसके तहत कस्बे में डुगडुगी पिटवाकर विद्युत कर्मचारियों ने योजना का बैनर लगाकर कर्मचारियों द्वारा निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। जिसमें विद्युत कर्मचारियों के द्वारा बताया गया की एक मुफ्त समाधान योजना प्रथम चरण 15.12.2024 से 31.12.2024 तक तथा द्वितीय चरण 01.01.2025 से 15.01.2025 तक तृतीय चरण 16.01.2025 से 31.01.2025 तक है। जिसमें घरेलू उपभोक्ता 1 किलो वाट भार तक सितंबर 2024 तक मूल बकाया रुपया 5000 तक एक मुश्त भुगतान सौ परसेंट तथा द्वितीय चरण में 80 परसेंट तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। किस्तों में भुगतान करने में 10 किस्त 75 प्रतिशत की छूट, द्वितीय चरण में 65 की छूट, तृतीय चरण में 55 प्रतिशत की छूट के बारे में लोगों को अवगत कराया और उन्होंने बताया की सभी उपभोक्ताओं को छूट का लाभ उठाना चाहिए। इसके लिए विद्युत केंद्र पर कैंप लगाकर लोगों को विद्युत बिल एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर आयोजित डुगडुगी रैली में एसडीओ मनीष वर्मा, जूनियर इंजीनियर हर्ष कुमार, लाइनमैन अनिरुद्ध सिंह, प्रदीप यादव, प्रमोद कुमार, प्रदीप सक्सेना तथा विद्युत केंद्र के समस्त कर्मचारी जागरूकता अभियान में साथ चले।

**वहीं दूसरी ओर** कायमगंज विद्युत वितरण खण्ड कायमगंज के एक्सईएन के नेतृत्व मे एसडीओ, जेई सहित विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बैण्डबाजों की धुन पर एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित किये। विद्युत उपखण्ड रिटौल से होते हुए नगर के मुख्य मार्गो द्वारा होते हुए निकले एक्सईएन ने कहा कि विद्युत बिल पर एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस के माध्यम से ब्याज में छूट दी जा रही। इसमें किश्तों द्वारा बकाया बिल जमा कर सकते हैं।

इसके अलग-अलग किश्तों के नियम हैं। उन्होंने कहा ओटीएस में बिल जमा करने पर आरसी के माध्यम से बसूली की जायेगी। उन्होंने कहा उपभोक्ताओ के लिए अच्छा मौका है। यह लोग स्कीम का लाभ उठायें। इस दौरान विद्युत कर्मचारी विभाग से अजय, नावेद, पप्पू, मुकेश, टाटा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# न्यायिक तहसीलदार के पेशकार का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



रिश्वत लेता पेशकार

न्यायिक तहसीलदार के पेशकार राजेन्द्र सिंह का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हो रहा है।

बताते चलें कि कायमगंज न्यायिक तहसीलदार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर होने का नाम नहीं ले रहा है। न्यायिक तहसीलदार के पेशकार राजेन्द्र सिंह का कथित वीडियो वायरल हुआ है।

जिसमें एक व्यक्ति से रिश्वत मे रुपये लेते हुए दिखाए गए है। वीडियो वायरल होते ही तहसील प्रशासन में खलवली मच गई है। हालांकि अभी इस प्रकरण मे कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समृद्धि न्यूज अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो के मुताबिक न्यायिक तहसीलदार कोर्ट में एक मामले के सम्बन्ध में पेशकार रिश्वत लेते दिखायी दे रहे हैं।

# डीएम ने दिये नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अपर जिलाधिकारी आदि

कलेक्ट्रेट सभागार में अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति ने बताया कि सड़कें चलने के लिए हैं। अतिक्रमण अपराध एवं गैरकानूनी है। सड़कों का उपयोग पार्किंग एवं अन्य कार्यों के लिए न करें। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी व नोटिस देने के उपरान्त अतिक्रमण हटा दिया जायेगा। तड़के सबेरे या रात्रि में वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी होगी। दूकानें खुलने के बाद पुनः वीडियोग्राफी करने के बाद अतिक्रमण की अवस्था स्पष्ट हो जायेगी। नोटिस दो प्रति में होगा। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार अतिक्रमण हटेगा। अतिक्रमण लाल रंग से चिंहित किया जायेगा। उचित स्थान पर वेडिंग जोन बनाकर अतिक्रमणकारियों को शिफ्ट किया जा सकता है। अतिक्रमण हटाने के बाद यदि ध्यान न दिया गया, तो पुनः अधिक बुरी अवस्था में अतिक्रमण हो सकता है। अपेक्षित स्थान पर कर्व स्टोन लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ताकि अतिक्रमण विस्तारित न हो। नेहरु रोड व लिंजीगंज में अतिक्रमण हटाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। नेशनल हाईवे पर तत्काल अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा अत्यन्त कठोर कार्यवाही होगी। एनएच पर सर्विस रोड बनवायें। जहानगंज रोड पर रम्बल बना दें। सड़क पर मार्किंग करायें। पांचाल घाट चौराहे से गंगा पुल तक अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटायें। सीओ ट्रैफिक के गैरजिम्मेदाराना कार्य से जिलाधिकारी बहुत नाराज हुए। फर्रुखाबाद में यातायात की खराब व्यवस्था से 45 मिनट तक जिलाधिकारी रुबरु हुए। टेंपो व ई-रिक्शा बहुत खराब रुप से रफ ड्राइविंग करते हैं। नगर मजिस्ट्रेट को फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश विशेषतः दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी अपने आसपास अतिक्रमण न होने दें। बस स्टेशन रोडवेज फर्रुखाबाद व उसके बाहर अतिक्रमण हटाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# भाकियू लोक शक्ति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष दीपू राठौर अपने पदाधिकारियों के साथ ब्लाक परिसर में पहुँचकर एक बैठक कर सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सम्बोधित तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा। जिसमें कहा कि आवारा पशु किसानों की फसल बर्बाध कर रहे हैं। पशुओ को गौशाला में भिजवाया जाये। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग काफी चक्कर लगाकर परेशान हो जाते हैं, लेकिन तब भी प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। शासनादेश के अनुसार समय सीमा के अन्दर प्रमाण पत्र बनवाए जाएं, फर्रुखावाद से नवाबगंज होते हुए आगरा के लिए रोडवेज बसों का ठहराव किया जाए। इससे नवाबगंज क्षेत्रवासियों को कोई असुविधा नहीं हो, शमशाबाद क्षेत्र के गॉव खुड़ना में जमीन को कब्रिस्तान में दर्ज कराया जाएं, वहां पर मृतकों के शव दफन किये जाते हैं। रायपुर गाँव में पानी की टकी के लिए पाइप लाइन बिछाई गई थी। जिसमें सड़कें खोदकर डाल दी गईं। उन सड़कों की मरम्मत करवाई जावे। जनपद के सभी अंडरपास को सही कराया जाए। ग्राम वखतेरापुर में रूपलाल के खेत का प्रकरण उपजिलाधिकारी कोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन उस जगह पर कुछ लोग मकान व नल की बोरिंग करा रहे हैं उन्हें रोका जाए। इस दौरान किसान यूनियन के जिला अध्यक्षा दीपू राठौर, फजिल खां, कायम खां, नजमुददीन, तहसीन, बवली, फाजिल सहित तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

# भ्रष्ट जेई की कार्यशैली से आजिज भाकियू स्वराज गुट ने विद्युत उपकेंद्र का किया घेराव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



उप खण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जेई हर्ष कुमार के द्वारा किसानों और व्यापारियों से दुर्व्यहार किये जाने की शिकायत की है। साथ ही विद्युत उपखण्ड कार्यालय का घेराव कर धरना दिया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर मंगलवार को किसान यूनियन स्वराज गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने अपने दर्जनों साथियों के साथ विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया तथा अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। जिसकी सूचना एलआईयू की टीम को पहले ही दे दी गई थी। धरना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी तथा क्षेत्राधिकार मोहम्मद अरुण कुमार भी मौके पर पहुंचे, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए थे। जिसमें उन्होंने पांच सूत्रीय ज्ञापन विद्युत उपखंड अधिकारी एसडीओ मनीष कुमार को सौंपा। जिसमें किसान नेताओं ने बताया की नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर हर्ष कुमार की कार्य शैली ठीक नहीं है। जूनियर इंजीनियर हर्ष कुमार के द्वारा किसानों तथा व्यापारियों से अभद्र भाषाओं का प्रयोग किया जाता है तथा उनके साथ आधार प्रताप की जाती है जिसमें बाइट कुछ दिन पूर्व गांव और सैनी पहाड़पुर निवासी आनंद मिश्रा के विरुद्ध जय हर्ष कुमार ने विद्युत चोरी का मुकदमा लिखवा दिया था जबकि मौके पर समरसेबल बंद थी। जिसका वीडियो व ऑडियो किसान नेताओं ने एसडीओ मनीष वर्मा को सौंपा।

वहीं नवाबगंज के चिकन वाली गली में अभी तक खंबों पर बॉक्स नहीं लगाए हैं। जब कार्यकर्ताओं द्वारा बॉक्स लगाने की बात कही गई, तो भी उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। नवाबगंज कस्बे में तथा आसपास में छोटे-छोटे उपभोक्ताओं की जबरिया लाइन काटकर अपने मनमाने तरीके से अपने चाहते लाइनमैन प्रदीप कुमार के द्वारा 500 रुपये की वसूली करके लाइन को जोड़ने का काम किया जाता है और यदि कोई कनेक्शन धारक पैसा नहीं देता है तो उसको झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। जिससे कस्बे के किसानों, व्यापारियों तथा गरीब सहयोग में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसका पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए किसानों ने जूनियर इंजीनियर हर्ष कुमार तथा लाइनमैन प्रदीप कुमार के विरुद्ध 10 दिन के अंदर कार्रवाई करने की मांग की गई है यदि ऐसा नहीं हुआ तो दसवें दिन किसासन फिर धरने पर बैठ जाएंगे और वह कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। इस मौके पर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष साथियों के साथ प्रमोद मिश्रा, एसडीओ मनीष कुमार वर्मा, थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार सिंह तथा सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# इटावा-बरेली हाईवे पर करीब ढाई घंटे लगा भीषण जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पांचाल घाट पर लगा जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार सुबह पांचाल घाट पर भारी जाम लग गया। जिससे घंटों लोग जाम से जूझते रहे। इतना ही नहीं एंबूलेंस आदि भी जाम में फंसी रहीं। जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट पर सुबह करीब 10.30 बजे भीषण जाम लग गया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयीं।

रोडवेज बसों तथा निजी वाहनों में लोग घंटों फंसे रहे। पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा व यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ जाम खुलवाने में जुटे रहे, लेकिन फिर भी जाम खुलते-खुलते करीब ढाई घंटे का समय लग गया। तब कहीं जाकर जाम खुल सका और लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए। लोगों का कहना था कि दीनदयाल बाग से लेकर चाचूपुर मोड़ तक रोड जाम रहा।

# लोकसभा न चलवाकर मुद्दों से बचना चाहती है भाजपा : स्वामी

▸ 80 करोड़ लोग 5 व 10 किलो चावल लेने के लिए लाचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पत्रकारों से वार्ता करते स्वामी प्रसाद मौर्या

शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को आवास विकास स्थित अवनीश शाक्य के निवास पर पहुंचकर सरिता शाक्य के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा के न चल पाने के लिए भाजपा सरकार व विपक्ष दोषी है। सरकार लोकसभा न चलवाकर मुद्दों से भाग रही है और विपक्ष जरूरी मुद्दों पर बहस करना चाहता है। आवास विकास स्थित स्व0 प्रो0 शैतान सिंह शाक्य की पत्नी भाजपा नेत्री सरिता शाक्य के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके पुत्र से एकांत में कुछ समय बैठ कर ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने वार्ता के दौरान संघ प्रमुख के द्वारा ज्यादा बच्चे पैदा करने के बयान पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह दूषित मानसिकता का बयान है। कोई व्यक्ति किसी के कहने पर न तो अधिक बच्चे पैदा करता है और न ही उस पर रोक लगाता है। उन्होंने स्वीकार किया कि बेरोजगार एवं अशिक्षित परिवार के लोग ज्यादा बच्चा पैदा करते हैं, लेकिन अब शिक्षित परिवार के लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए परिवार पर स्वयं नियंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्व गुरु का सपना देखने वाले नरेंद्र मोदी को इस बात पर शर्मिंदा होना चाहिए कि देश के 80 करोड़ लोग 5 व 10 किलो आनाज लेने के लिए लाचार हैं।

ऐसे लोगों को नौकरी व अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाएं देनी चाहिए, लेकिन सरकार मंदिर-मस्जिद, हिंदू मुसलमान की सुनियोजित ढंग से बातें करके गरीबों का ध्यान भटकना चाहती है, उनकी गंभीर समस्याओं पर कोई बहस न हो सके। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वतंत्रता 1947 के समय में मंदिर व मस्जिदों की जो स्थिति थी उसे यथावत रहनी चाहिए, जिससे भाईचारा कायम रहे। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू बौद्ध एवं जैनियों पर घोर अत्याचारों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि उन्हें बांग्लादेश पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। यदि बात न बने तो मामले को यूएन में उठाया जाना चाहिए। वार्ता के दौरान भाजपा नेता अविनाश शाक्य, मनीष शाक्य, कमल सिंह शाक्य, धर्मपाल सिंह शाक्य, हैप्पी शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# केरल सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गाए मधुर गीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**






मंगलवार को क्रिसमस-डे की खुशियों को मनाने के लिए सीएनआई सिटी चर्च में क्रिसमस केरल सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन पादरी स्टीफन मसीह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रंजीत मैसी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुजीत सहाय ने गीत गायकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन इंदू मैसी ने किया। सभी प्रतिभागियों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशियों में मधुर गीत गाये। जज की भूमिका रबात आबदी, गौरव कुमार, मनोज मिश्रा ने निभाई। इस अवसर पर सुरेन्द्र मसीह, मुकेश डेविड, विजय लाल, डॉ0 मनीषा, अरुण चन्द्र, विवेक, यश, अंकिता, अंमाल मसीह, अमित राज, आशीष, अभिषेक, शिवानी प्लूमर, अंशुल प्लूमर आदि मौजूद रहे।

# अवैध बूचड़खानों पर जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने उठाई कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने प्रदेश सरकार व प्रशासन को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि मुस्लिम इलाके में घर-घर बने अवैध वूचड़खाना का प्रशासन बंद कराये। प्रभावित वूचड़खानों को बंद न कराया गया तो जनपद में जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा वूचड़खानों को बंद कराने के लिए धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

खटकपुरा सिद्दीकी में नाले में कटे जानवरों का खून व कचरा बह रहा है, जिसे रोका जाये। जिससे लोग प्रभावित हो रहे है। मोहल्ले का नाला चोक हो रहा है। हिन्दू संगठन नाराज है। जानवरों का खून व कचरा मां भागीरथी गंगा में प्रवाहित बहता रहता है। मुख्यमंत्री से मांग की गई जनतंत्र क्रांतिकारी मोचा व आरएसएस एवं बजरंग दल का कहना है कि एक सैकड़ा से ज्यादा घरों में वूचड़खाने चल रहे है। उन्हें बंद कराया जाये और दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। कुछ लोग कुरैशी लोगों को संरक्षण दे रहे है जिनके हौसले बुलंद है। पुलिस प्रशासन कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। ऐसे में कमलेन्द्र कुमार सिसोदिया, दीपक द्विवेदी, उत्तम कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, भैरोनाथ त्रिवेदी, शिवाजी कटियार, पृथ्वीनारायन, शिवकुमार, रामनारायन, संतोष बाजपेयी, ओमप्रताप सिंह, सर्वेशानंद, अजय सिंह चौहान, मुन्ना सिंह आदि लोगों ने वूचड़खानों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के संगठन का हुआ विस्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता की अध्यक्षता में भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। संचालन संगठन के कानपुर मंडल के मंडल संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने किया।

संगठन का विस्तार करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने नये पदाधिकारी बनाये। जिसमें आनंद मोहन वर्मा संयुक्त जिला महामंत्री, रामदास गुप्ता पांचाल घाट अध्यक्ष, दिलीप यादव पांचाल घाट महामंत्री, राम गोपाल चौहान पांचाल घाट कोषाध्यक्ष, अनिल गुप्ता भोलेपुर अध्यक्ष, अखिल वर्मा भोलेपुर महामंत्री, सिद्धार्थ वर्मा नगर सह मीडिया प्रभारी, वेदांत कटियार फतेहगढ़ महामंत्री, आनंद गुप्ता लिंजीगंज अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही महिला जिलाध्यक्ष प्रीति पवन तिवारी ने अपनी महिला इकाई का विस्तार करते हुए अर्चना द्विवेदी को जिला महामंत्री, बीना जलान, ज्योति शर्मा, अर्चना वर्मा को जिला उपाध्यक्ष व मीनू तिवारी जिला मंत्री, डॉ. निधि मिश्रा जिला संगठन मंत्री, बबीता पाठक जिला सह संरक्षक, प्रीति गुप्ता नगर अध्यक्ष फर्रुखाबाद, गायत्री मिश्रा नगर महामंत्री फर्रुखाबाद, ममता अग्निहोत्री नगर फर्रुखाबाद उपाध्यक्ष, रेखा सोमवंशी फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष, वंदना मिश्रा फतेहगढ़ नगर उपाध्यक्ष, मीनू मिश्रा फतेहगढ़ नगर कोषाध्यक्ष, श्रद्धा पांडे को नगर संगठन मंत्री फतेहगढ़ बनाया है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने संगठन के बारे में सभी व्यापारियों को विस्तृत रूप में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन की पूरे जिले भर में सभी तहसीलों और ब्लॉक स्तरों पर कमेटिया गठित की जाएगी। कानपुर मंडल संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता के लिए उसके पास एक भारी जन शक्ति होना भी जरूरी है, इसलिए सभी लोग यह प्रयास करें कि ज्यादा से ज्यादा व्यापारी संगठन से जुड़े। फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने युवा व्यापारियों से व्यापारी एकता की बात कही। जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की समस्याएं प्रशासन के सामने बहुत अच्छी तरीके से रखी जाएगी। अजय मल्होत्रा ने बाजार में बिक रहे चाइनीज मांझा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। सर्वेश अग्रवाल ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से भी हमेशा संगठन के हित में कार्य के लिए तैयार रहेंगे। प्रबल माहेश्वरी ने भी सभी व्यापारियों से एक होकर संघर्ष करने की बात कही। रामदास गुप्ता ने पांचाल घाट पर श्मशान घाट पर हो रही अवैध वसूली की चर्चा की।

मुकेश गुप्ता ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मत से पारित हुए कहा कि भविष्य में जनपद में एक व्यापारियों का बड़ा सम्मेलन आयोजित होगा। इस अवसर पर राजीव पुरवार, गायत्री मिश्रा, वंदना मिश्रा, मीनू मिश्रा, सरवन त्रिपाठी, गगन चतुर्वेदी, अनिल गुप्ता, आकाश वर्मा, राजेंद्र किशोर वर्मा, अर्चना वर्मा, सिद्धार्थ वर्मा, भोला गुप्ता, अनुपम दीक्षित, रामदास गुप्ता, दिलीप कुमार, राम गोपाल सिंह, आनंद गुप्ता, अर्पण अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, सुभाष बंसल, मयूर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य व शिक्षकों की सेवा सुरक्षा बहाली के लिए शासन ने मांगा प्रस्ताव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के 4512 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 62 हजार प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की सेवा सुरक्षा बहाल करने के लिए शासन ने माध्यमिक शिक्षा परिषद से प्रस्ताव मांगा है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानाचार्य परिषद की शासन स्तर पर वार्ता के फलस्वरुप यह उपलब्धि हासिल हुई है। प्रधानाचार्य परिषद काफी समय से प्रयासरत थी, कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री व शासन को लगभग दो दर्जन मांगों का मांग पत्र सौंप कर वार्ता हेतु परिषद के लोग प्रयासरत थे।

## कबड्डी स्टेट चैम्पियनशिप के लिए 12 को खिलाड़ियों का होगा चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 51वीं सीनियर महिला ओपन स्टेट कबड्डी चैम्पियनशिप के संबंध में प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देशानुसार 23 व 25 दिसम्बर को महावीर पोखरा सहतवार बलिया में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव कुलदीप यादव ने बताया कि जनपद में 12 दिसम्बर गुरुवार को दो बजे स्व. ब्रह्मदत्त स्टेडियम में ट्रायल लिया जायेगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को स्टेट चैम्पियनशिप बलिया में प्रतिभाग कराया जायेगा। चैम्पियनशिप में वही खिलाड़ी भाग ले सकेगा जिनका वजन 75 किलो हो, उससे कम हो। सभी खिलाड़ी अपने प्रपत्रों के साथ कुलदीप यादव से सम्पर्क करें।

# भागवत गीता मानवीय जीवन की सभी समस्याओं का समाधान : डॉ शिवओम अंबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गीता व्याख्यान माला में मौजूद भक्तगण


सम्बोधित करते ब्रजकिशोर सिंह किशोर

गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड के प्रांगण में आध्यात्मिक चिंतक एवं राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिव ओम अम्बर ने गीता के गूढ़ रहस्य पर व्याख्यान माला के पहले दिन कहा कि गीता को भली भांति अध्ययन-चिंतन-मनन् के साथ अपने आचरण में उतारें, अपने अतः कारण में धारण करें यह भगवान कृष्ण की परा वाणी है।

श्रीमद् भगवतगीता मानव जीवन के विषाद से प्रसाद तक की यात्रा-कथा है। एक ओर उपनिषदों का सार है तो दूसरी ओर उपदिष्ट भोग शास्त्र के तत्वो का विवेचन है। गीता सामान्यतः उपनिषद अरण्यभूमि (वन) में कही गयी एक मात्र उपनिषद है रणभूमि में कही गयी गीता सूत्र वाक्य है मन्त्र हैं। कृष्ण भगवान की परावाणी एवं पश्यन्ती वाणी है। उन्होंने कहा की अन्यशास्त्रों के विस्तार में भटकने की आवश्यकता नहीं है। गीता का प्रत्येक श्लोक मंन्त्र है इसको आत्मसात करते हुये अपने आचरण में उतारें और सुखः मय जीवन शैली बनायें गीता मानव जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवतगीता के 18 अध्यायों के 700 श्लोका मानव जीवन की जीवन शैली है जो भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को सुनाई गयी परावाणी है।

वर्तमान समय में गीता सभी समस्याओं का समाधान है। गीता ज्ञान का अमृत है इसका अध्ययन, आत्म सात करके अपने जीवन के आचरण में उतार में भगवान कृष्ण (परमात्मा) के साथ योग करते हुये निष्काम भाव से कर्तव्य का पालन करते हुये मानव सेवा का संकल्प लें यही भगवतगीता का मानवीय संदेश है। गीता जयन्ती व्याख्यान माला के संयोजक सुरेन्द्र कुमार सफ्फड़ ने आगन्तुक रसिक भक्त जनों का स्वागत किया। अशोक मिश्रा, सन्तोष पाण्डेय, अंजुम दुबे, आलोक गौड़, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, पवन अग्रवाल, रोहित सफ्फड़, गिरधर गोपाल, सुनील, जितेंद्र अग्रवाल, रेनू सिकटिया, अलका पांडे, मधु गौड़ 8 लोगों ने गीता ज्ञान यज्ञ में गीता का श्रवण चिंतन किया और सेवा भाव भगवान की भक्ति का संकल्प लिया। गीता व्याख्यान माला में गीला के महत्व पर काव्यगतभावः. गीता हृदय भगवान का सब ज्ञान का शुभ सार है।

इस शब्द गीता ज्ञान से ही चल रहा सारा संसार हैं। गीता परम विधा सनातन सर्वशास्त्रों का प्रधान है। पावत रूपी, मोक्षकारी, नित्य गीला ज्ञान का सागर है। व्याख्यान माला प्रवचन का विराम श्रीराधा श्याम की आरती एवं. प्रसाद के साथ किया गया। संचालन ब्रज किशोर सिंह किशोर ने किया।

# आलू आते ही मण्डी में जबरदस्त हुई बिकवाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सातनपुर मण्डी में आलू खरीदते व्यापारी

मंगलवार को सातनपुर आलू मण्डी में लगभग 65 मोटर आमद रही। आलू का भाव 701 रुपये से 851 रुपये पैकेट रहा। बिकवाली इतनी जबरदस्त रही कि सुबह मण्डी पहुंचते ही आलू बिक गया। सभी आढ़तियों के चेहरे खिल उठे।

किसानों को अभी सामान्य भाव में आलू बेंचना पड़ रहा है, जिस कारण ठीक-ठाक मुनाफा हो रही है। आलू की आमद बढ़ने पर भाव में गिरावट आ सकता है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आलू की बिक्री तो ठीक है, इस वर्ष फसल पिछड़ जाने के कारण मण्डियों में आलू लेट पहुंचा। जबकि 99 प्रतिशत कोल्ड से आलू उठ चुका है। अधिकांश कोल्डो की सफाई चल रही है। वर्तमान में आलू आढ़ती व किसान दोनों आलू की पैदावार व बिक्री को लेकर सामान्य है। इस वर्ष भाव में ज्यादा गिरावट न आने के कारण किसान खुश है।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 का अनुक्रमांक 1319109 का अंक प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है।
प्रेमलता पुत्री श्याम सुंदर निवासी ग्राम महमूदपुर पट्टी, थाना नया गांव, जनपद एटा।

# सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में अर्पिता व पाखी ने जीते मेडल


मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ कराटे खिलाड़ी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सब जूनियर कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता लखनऊ के चौक स्टेडियम में 7 व 8 दिसम्बर को सम्पन्न हुई। जिसमें गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अर्पिता भारद्वाज ने प्रतिभाग करते हुए दूसरा स्थान पाकर अपने जनपद व स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डायरेक्टर देवांश अग्रवाल व प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

स्कूल चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने कहा कि मुझे विश्वास था छात्रा अर्पिता मेडल लेकर जरुर आयेगी, क्योंकि वह नेशनल स्तर पर चैम्पियनशिप में मेडल जीत चुकी है। उन्होंने छात्रा को आशीर्वाद देते हुए आगे और मेहनत कर नेशनल स्तर पर मेडल लाकर अपने जिले व स्कूल का नाम रोशन करें। कोच पारस भारद्वाज ने बताया की अर्पिता के साथ ही पुष्कर कराटे एकेडमी की पाखी सक्सेना ने भी इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

सभी ने कराटे खिलाड़ी पाखी सक्सेना को बधाई दी और मेहनत कर नेशनल स्तर पर खेलने के लिए हौसला आफजाई की। कोच पारस भारद्वाज ने बताया कि यह दोनों बच्चे 27 व 28 दिसम्बर को दिल्ली में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगें और मेडल जीतकर अपने जिले का नाम रोशन करेगें।

## जिला महिला व्यापार मण्डल की कमेटी आज होगी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला व्यापार मण्डल की जिला कार्यकारिणी 11 दिसम्बर बुधवार को रेलवे रोड स्थित एक होटल के सभागार में घोषित होगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सौरव शुक्ला ने दी है।

# पास्को एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




पास्को एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश सिंह ने अभियुक्त सुधीर उर्फ नटवर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

विगत वर्ष 2016 में कोतवाली कायमगंज क्षेत्र की एक पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि वह तम्बाकू गोदाम में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। 20 अक्टूबर 2016 को उसकी नाबालिक पुत्री प्रातः5 बजे खेत में शौच के लिए जा रही थी, तभी अचानक रास्ते में ग्राम चिलौली निवासी सुधीर उर्फ नटवारा पुत्र पातीराम ने दबंगई के बल पर को रोंक लिया और उसे पकड़कर घसीटने लगा और मुहं में कपड़ा बांधकर ले जाने लगा। इस दौरान पुत्री ने विरोध किया और किसी तरह शोर-शराबा किया तो आवाज सुनकर परिजन मौके पर पीछे से आ गये और पुत्री को आरोपी से छुड़वाया।

आरोपी के हाथ में तमंचा था, जिसे उसने दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश सिंह ने अभियुक्त सुधीर उर्फ नटवर को दोषी करार देते हुए धारा 323 के आरोप में एक वर्ष के कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 506 के आरोप में दो वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के आरोप में तीन वर्ष के कारावास की सजा व पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Kilani Devi व जन्मतिथि 01.07.1944 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Kilyani व जन्मतिथि 01.01.1941 है। Kilyani, M/o of Army/JC No-482012M, रैंक- सूबेदार, (Hony Lt.), फतेह सिंह गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट निसूरा, जिला करौली, राजस्थान-322220.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Prem devi Gurjar दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Prem है। Prem, M/o of Army No-3009382Y, रैंक- हवलदार ज्ञान सिंह गुर्जर, आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-झाझवाड, पोस्ट-झाझवाड, जनपद-जयपुर, राजस्थान-पिन कोड नंबर-303305.

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Akashaya Kumar दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Akshay Kumar है। Akshay Kumar, S/o of Army/JC No-481874Y, रैंक- सूबेदार (Hony Capt), धर्मराज आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-कैमरी, तहसील नादौती, जिला-गंगापुर सिटी, राज्य-राजस्थान।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Virendra Pratap Singh व जन्मतिथि 01.07.1956 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Birendra Singh व जन्मतिथि 01.01.1960 है। Birendra Singh, F/o of Army/JC No-481618K, रैंक- सूबेदार, विनोद कुमार 9 राजपूत रेजीमेंट साधुवाली कैन्ट श्रीगंगानगर राजस्थान, निवासी-ग्राम सुलेमापुर, पोस्ट-पृथ्वीपुर, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-पिन कोड-233226

# वर्ल्ड टॉयलेट-डे पर लाभार्थी, ग्राम प्रधानों व केयरटेकरों को डीएम ने किया सम्मानित

▸ 19 नवम्बर से विश्व शौचालय दिवस परववाड़ा के तहत चल रहा था अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते जिलाधिकारी मौजूद अधिकारीगण आदि

विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर (मानवाधिकार दिवस) तक चलने वाले वर्ल्ड टॉयलेट डे-2024 अभियान के समापन पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्मान एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जनपद के 07 विकास खण्डों में से प्रत्येक विकास खण्ड से 03 अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों कुल 21 अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का विवरण जनपद को उपलब्ध कराया गया। जिसमें से 05 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

प्रत्येक विकास खण्ड द्वारा 02 अच्छे सामुदायिक शौचालय के नाम और विवरण उपलब्ध कराये गये। कुल 14 अच्छे सामुदायिक शौचालय में से 03 सबसे अच्छे सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर तथा उस ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थी बढ़पुर की ग्राम पंचायत गुतासी से राकेश कुमार, ब्लाक नवाबगंज के ग्राम समैचीपुर से शैलेन्द्र, ब्लाक मोहम्मदाबाद के ग्राम गनपतपुर बुढ़नपुर से सरिता, ब्लाक कमालगंज के ग्राम बंथल शाहपुर से सुधीश, ब्लाक बढ़पुर के ग्राम नूरपुर गढ़िया से अवधेश कुमार व सामुदायिक शौचालय (केयर टेकर और ग्राम प्रधानों) में मोहम्मदाबाद के ग्राम पंचायत पट्टीखुर्द के ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार, केयर टेकर बीना, राजेपुर के ग्राम पंचायत कमालुद्दीनपुर के ग्राम प्रधान रितू पाठक, केयर टेकर बबली, बढ़पुर के ग्राम पंचायत पिथूपुर मेहदिया के ग्राम प्रधान दुर्ग विजय, केयर टेकर आशा देवी को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधानों और सामुदायिक शौचालय के केयरटेकरों द्वारा किये गये अपने प्रयासों और उपलब्धियों के सम्बन्ध में डीएम को जानकारी दी। डीएम ने व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों से शौचालय निर्माण में प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त स्वयं लगाई गई धनराशि के बारे में जानकारी ली और यह भी पूछा कि किसी स्तर पर किसी सरकारी कर्मचारी अथवा अन्य के द्वारा किसी प्रकार की पैसे की मांग तो नहीं की गई है। इस पर किसी के द्वारा पैसे की मांग करने की बात प्रकाश में नहीं आई। ग्राम प्रधानों ने उनकी ग्राम पंचायत में निर्मित आरआरसी के संचालन, उनके क्रियाशीलता तथा ग्रामीणों से यूजर चार्ज एकत्र करने की जानकारी भी दी। डीएम तीन मॉडल स्कूल बर्ना बुजुर्ग, पापियापुर और अलावलपुर के सम्बन्ध में अपने अनुभवों और प्रयासों के विषय में बताया तथा ग्राम प्रधानों को यह भी बताया कि इन विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यालयों के समान ही अपनी ग्राम पंचायत के सभी विद्यालयों की व्यवस्थाए पढ़ाई की गुणवत्ता और साज-सजा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के तत्वावधान में आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा

# प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों व सम्मान की हो रक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो।



श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो।÷

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करने की अपील की। ??उन्होंने व्यवसाय जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। जैसे-जैसे हम नए आर्थिक मॉडल अपनाते हैं, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी व्यक्तियों, विशेष रूप से कमजोर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भलाई प्राथमिकता बनी रहे।

### साइबर अपराध व जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ये चुनौतियाँ एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दैनिक जीवन में किया प्रवेश

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएँ होती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे।

# गगनयान मिशन के लिए इसरो ने नौसेना के साथ किए वेल डेक रिकवरी ऑपरेशन

▸ मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी व रिकवरी ट्रायल होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ वेल डेक रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किये हैं। क्रू मॉड्यूल के वेल डेक रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर वेल डेक शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के मिशन गगनयान की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी. की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। यह प्रशिक्षित टीम इसरो के मिशन गगनयान की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी। इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण वेल डेक रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किये गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे। इसरो ने कहा कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 30 हजार करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिशें शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया।



आज के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पावर, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

इसके साथ ही पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और हेल्थ केयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 30 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.63 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट से हाहाकार, 54 हजार लोग प्रभावित

**मनीला।** फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3.03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें दोबारा और शक्तिशाली विस्फोट हो सकता है। फिवोलक्स ने कहा कि ज्वालामुखी के शिखर से छह किलोमीटर के क्षेत्र को फौरन खाली करा लेना चाहिए।

# मनीष सिसोदिया ने हार के डर से बदली अपनी सीट : फरहाद सूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर दिल्ली को बदहाल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आप नेता मनीष सिसोदिया ने हार के डर से अपनी सीट बदलकर जंगपुरा से चुनाव लड़ने की घोषणा की, लेकिन उन्हें यहाँ भी हार का मुँह देखना पड़ेगा।

दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फरहाद सूरी ने मंगलवार को कहा कि मनीष सिसोदिया ने पड़पड़गंज की जनता से दस साल तक झूठे वादे करके इलाके को बदहाली के कगार पर ला दिया। उन्हें लगा कि सीट बदलने से लोग उन्हें भूल जाएँगे, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। जंगपुरा के मौजूदा विधायक ने भी इलाक़े में कोई काम नहीं किया। जंगपुरा विधानसभा की सड़के खस्ताहाल है और जगह-जगह सीवर के गंदे पानी सड़क पर बह रहे हैं। श्री सूरी ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व अपनी सीट छोड़कर भाग रहे हैं और अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। सीट बदलने से अपनी नाकामियों और नकारेपन को छुपा नहीं सकते है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता हर दिन सुबह उठकर बोलना शुरू करते हैं और पूरे दिन उस झूठ को अलग अलग नेता फैलाते हैं लेकिन दिल्ली की जनता सब कुछ समझती है। लोग उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की तरफ़ से जंगपुरा विधानसभा सीट पर फरहाद सूरी टिकट के सबसे प्रबल दावेदार हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी की तरफ़ से पूर्व विधायक तरविंदर मारवाह टिकट के दावेदारों में सबसे आगे हैं। गौरतलब है कि आप आदमी पार्टी ने कल दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जिसमें कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए।

## खबरें एक नजर में

### जनता के मुद्दों पर सरकार संसद में नहीं चाहती चर्चा : प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संसद में जनता के मुद्दों को उठाने से परहेज करती है,इसलिए भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होती। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आज यहां कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाई जाए। सरकार जनता के सवालों से भागना चाहती है, इसलिए संसद में किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कराना चाहती। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार नहीं चाहती कि संसद में मोडानी महाघोटाला, गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर में अशांति पर चर्चा हो। अडानी के भ्रष्टाचार की वजह से जनता को बड़े-बड़े बिल चुकाने पड़ रहे हैं। चर्चा और सवालों से भागने के लिए भाजपा सरकार ऐसे झूठ का सहारा ले रही है जिसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खंडन हो रहा है। संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा से इतना डर क्यों। भाजपा क्यों नहीं चाहती कि जनता के मुद्दों पर सदन में चर्चा हो।

### जॉय बांग्ला अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की। अंतरिम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट के फैसले पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने 10 मार्च, 2020 को जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। हाई कोर्ट ने इस घोषणा के साथ सरकार को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था, ताकि इस नारे का इस्तेमाल राजकीय समारोह और शैक्षणिक संस्थानों की सभाओं में किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले पर अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक ने कहा कि अपीलीय डिवीजन के आदेश के बाद जॉय बांग्ला को अब राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि जॉय बांग्ला यानी (जय बांग्ला) नारे का प्रयोग सबसे पहले बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम के समय मुक्ति वाहिनी संगठन ने किया। इसके बाद जियाउर रहमान ने बांग्लादेश के स्वाधीनता की घोषणा करते हुए यह नारा लगाया था।

### जापान में माउंट फूजी पर आरोहण हो सकता है महंगा

**टोक्यो।** अगले साल की गर्मियों से जापान की माउंट फूजी की चढ़ाई करना महंगा हो सकता है। साथ ही कुछ नए प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं। समुद्र तट से 3776 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट फूजी जापान की सबसे ऊंची चोटी है। यह पर्वत 2013 से यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में शामिल है। यह चोटी लगभग एक लाख साल पहले शुरू हुई ज्वालामुखी गतिविधि का परिणाम है। आज माउंट फूजी और आसपास का क्षेत्र लंबी पैदल यात्रा और कैंपिंग के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, माउंट फूजी की चोटी तक पहुंचने के लिए मुख्यत: चार पैदल मार्ग तय किए जाते हैं। टोक्यो से सबसे लोकप्रिय आसान मार्ग योशिदा ट्रेल है। यह यामानाशी प्रांत से शुरू होता है। अन्य तीन मार्ग, सुबाशिरी, गोटेम्बा और फुजिनोमिया ट्रेल्स हैं। यह सभी शिजुओका से शुरू होते हैं।

### महान तमिल कवि सुब्रमण्य की रचनाओं के संग्रह का विमोचन आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री बुधवार दोपहर 1 बजे, 7 लोक कल्याण मार्ग में तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। सुब्रमण्य भारती के लेखन ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई, भारतीय संस्कृति और देश की आध्यात्मिक विरासत का सार आम जनता तक ऐसी सरल भाषा में पहुंचाया, जिससे आम जनता जुड़ सके। उनके संपूर्ण कार्यों का 23 खंडों का संग्रह सीनी विश्वनाथन द्वारा संकलित और संपादित किया गया है और एलायंस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें सुब्रमण्य भारती के लेखन के संस्करणों, स्पष्टीकरण, दस्तावेजों, पृष्ठभूमि की जानकारी और दार्शनिक प्रस्तुति आदि का विवरण शामिल है।

## मप्र के मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात उन्होंने प्रदेश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के शुभारंभ और केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकारों को बताया कि मध्यप्रदेश सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की शुरुआत करने जा रही है, जो 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा, नारी, किसान और गरीब कल्याण की चिन्हित योजनाओं के माध्यम से शत प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024 के बीच मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व आयोजित किया जाएगा जो प्रदेश के समग्र विकास और जनहित पर आधारित होगा।

## भारत एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में

**नई दिल्ली।** भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफ़ाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफ़ाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफ़ायर फ़ाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ़ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है।

# भारत पांच साल में बनेगा दुनिया का नंबर वन ऑटोमोबाइल उद्योग : नितिन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारत पांच साल के भीतर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का नंबर वन ऑटोमोबाइल उद्योग बन सकता है। गडकरी ने नई दिल्ली में अमेजन संभव शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही।

गडकरी ने भारत के बढ़ते ऑटोमोबाइल उद्योग और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र पर प्रकाश डाला। मंत्री ने देश की खूबियों के बारे में विस्तार से उल्लेख कर कहा कि भारत में सबसे ज्यादा युवा और इंजीनियरिंग प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा से राय रही है कि नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान योजना और सफल अभ्यास, जिसे हम ज्ञान कहते हैं, भविष्य में ज्ञान को धन में बदलना सबसे महत्वपूर्ण बात है। गडकरी ने कहा कि भारत का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र उल्लेखनीय वृद्धि देख रहा है, जिससे महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। हम इस क्षेत्र को ग्रीन हाइड्रोजन, बायो-इथेनॉल और बायो-मेथनॉल जैसे टिकाऊ समाधानों के साथ-साथ मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन पहलों के साथ बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दशक में निर्यात में उछाल के साथ हम अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

# सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े तैयार कर रहे डेटा बेस

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुम्भ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार तकनीकी और नवाचार की मदद ले रही है। महाकुम्भ को डिजिटल स्वरूप दिया जा रहा है। इससे समय की बचत होती है, मितव्ययिता और पारदर्शिता भी बढ़ती है। सरकार के इसी नक्शे कदम पर अब सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े भी चल पड़े हैं। डिजिटल युग में अखाड़े भी डिजिटलाइज हो रहे हैं।



▸ आय-व्यय के ब्यौरे से लेकर अखाड़े के इतिहास, परम्पराओं और चलाए जा रहे अभियानों का होगा संकलन

▸ अखाड़ों की आध्यात्मिक दुनिया से रूबरू होंगे लोग ग्लोबल ब्रांडिंग में भी मिलेगी मदद

सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े अपनी-अपनी समृद्ध धार्मिक परम्पराओं को संरक्षित रखते हुए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। मौजूदा दौर में इन अखाड़ों ने भी अपने प्रबंधन में डिजिटलाइजेशन का सहयोग लेना शुरू कर दिया है। अखाड़े अपना-अपना डाटा बेस तैयार कर रहे हैं। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी कहते हैं कि हमारे अखाड़े में कम्प्यूटर और बही खाता दोनों का इस्तेमाल हो रहा है। अखाड़े की ऑडिट में इससे बहुत मदद मिलती है।

इनकम टैक्स दाखिले के लिए जो भी रिकॉर्ड रखना होता है वह इसी डाटा बेस में रहता है। इसी से फाइल चार्टर्ड अकाउंट को शेयर कर दी जाती है। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंत्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी बताते हैं कि महाकुम्भ में हमारे अखाड़ों के ऑडिट होते हैं। एक दौर था जब हम बही खाते से इसकी जानकारी ऑडिट के लिए देते थे। लेकिन अब हम सबके पास गैजेट हैं। हमारा अखाड़ा संस्कृत विद्यालय भी चलाता है। इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या से लेकर विद्यालय की आय-व्यय की पूरी जानकारी भी इसी डाटा बेस के माध्यम से हम एकत्र रखते हैं। सनातन धर्म के 13 अखाड़े अध्यात्म, भक्ति और साधना के प्रचारक और प्रसारक मात्र ही नहीं हैं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनके आचार्यों द्वारा कई वैश्विक अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अरुण गिरी का कहना है कि धर्म के साथ मानवता बचाने के लिए भी संत कार्य कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वह वृक्षों को रोपित करने करने का अभियान चला रहे हैं, जिसका डाटा बेस भी वह बनवा रहे हैं। इससे उनका समय बचता है, पारदर्शिता स्थापित होती है और प्रबंधन में भी मदद मिल रही है।

### सनातन की जड़ें मजबूत करने में डाटा बेस उपयोगी

आदिवासी और वंचित समाज के साथ सनातन धर्म की निकटता स्थापित करने में डाटा बेस उपयोगी साबित होगा। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती कहते हैं कि अन्वेषण और विस्तार के लिए अखाड़ों को डिजिटल युग के अनुरूप ही इसे स्वीकार करना होगा। उनका कहना है कि आदिवासी समाज को जागृत कर उन्हें सनातन धर्म की परम्परा से जोड़ने की उनकी आदिवासी विकास यात्राओं का उनका अनुभव भी यही है कि वंचित समाज में सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने के लिए उनकी जानकारी एकत्र कर उसका डाटा बेस तैयार करना आवश्यक है। इसके लिए वह स्वयं प्रयत्न कर रहे हैं।

### वैष्णव अखाड़े भी बनाएंगे अपना डाटा बेस

वैष्णव अखाड़ों में भी डाटा बेस बनाने पर सहमति है लेकिन कुछ तकनीकी समस्याएं होने की वजह से इसे आने वाले समय में अमल में लाने की बात अखाड़े कह रहे हैं। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनि अखाड़े के श्री महंत राम दास का कहना है कि संन्यासी सम्प्रदाय के अखाड़ों की तरह वैष्णव अखाड़ों के पास अपने ट्रस्ट नहीं हैं। इसलिए ऑडिट की आवश्यकता उन्हें नहीं पड़ती। लेकिन यह मौजूदा दौर की सच्चाई है कि डिजिटल युग की दौड़ में वैष्णव अखाड़ों को भी अपने अपने अखाड़ों के डाटा बेस बनाने होंगे।

# कवियों व कवियत्रियों ने रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को गुदगुदाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि उपाध्यक्ष-राज्य ललित कला अकादमी (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) गिरीश चंद्र मिश्रा महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार पाण्डेय प्रतापगढ़ी के संयोजन में कवियों व कवित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया और वाह वाही लूटी। कवित्री शक्ति बाजपेई सरल ने मैं लिखती हूं जरा सा सच यही मेरी हिमाकत है। कवित्री कल्पना मिश्रा, मिठू राय, रश्मि श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुनीता चतुर्वेदी कवि प्रमोद श्रीवास्तव, आयुष यादव और मयंक दिवाकर ने अपनी अपनी कविता प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मनमोहक कवि सम्मेलन प्रस्तुति के वर्व डांस स्टूडियो विक्की राज के संयोजन में डांस की अलग-अलग प्रस्तुति दी गई। ये काली काली आंखें.... रौनक, विधान, आराध्य ने डांस प्रस्तुत कर बांधा समां। सांस्कृतिक रंगमंच से मस्त मगन.... गाने पर आर्या, पीहू, शक्ति, अंकित राज और आध्या ग्रुप डांस से दर्शकों को घुमाया नचाया। वहीं कोको कोला तू....अस्वी ने डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के रनवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया, मनोज सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला और मनीष पंडित ने मंच का संचालन किया गया।




## पंजाब के किसानों का ऐलान 14 को करेंगे दिल्ली कूच

**चंडीगढ़।** पंजाब के किसानों ने अब 14 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से दिल्ली की तरफ कूच करने का ऐलान किया है। मंगलवार को शंभू बार्डर पर हुई किसान संगठनों की बैठक में के बाद किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने यह जानकारी दी। इस बीच आज ही शंभू व खनौरी बार्डर को खोलने के लिए हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इस केस की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण हाईकोर्ट ने इस पर सुनवाई नहीं की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट जाकर अपना पक्ष रखें। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। इस दौरान पंजाब, हरियाणा और केंद्र सरकार के वकील मौजूद रहे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी कल सोमवार को बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज कर दी थी। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि डल्लेवाल की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। उनका मरणव्रत 15वें दिन में दाखिल हो गया है। उन्हें स्टेज पर आने में भी दिक्कत आ रही है।